


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | शुक्रवार, 14 नवंबर, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-7 | अंक-311

# उच्च टैरिफ के बावजूद सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत : मूडीज़

**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज़ ने अपनी ताज़ा ग्लोबल मैक्रो आउटलुक रिपोर्ट 2026-27 में कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उच्च टैरिफ लगाए जाने के बावजूद भारत जी20 देशों में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की वृद्धि को मजबूत बुनियादी ढांचा निवेश, सशक्त घरेलू उपभोक्ता मांग और निर्यात विविधीकरण से बल मिलेगा। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहे भारतीय निर्यातकों ने अपने निर्यात को फिर से पटरी पर लाने में सफलता हासिल कर ली है। सितंबर माह में कुल निर्यात में 6.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि अमेरिका को भेजे गए सामान में 11.9 प्रतिशत की गिरावट आई है।

मूडीज़ ने भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति की भी सराहना की है, जिसने देश को स्थिर विकास पथ पर बनाए रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में ठइख ने अक्टूबर में अपनी रेपो दर स्थिर रखी, जो यह दर्शाता है कि केंद्रीय बैंक अपनी नीति के प्रति सतर्क है क्योंकि महंगाई नियंत्रण में है और



विकास दर मजबूत बनी हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, सकारात्मक निवेशक भावना से प्रेरित मजबूत अंतरराष्ट्रीय पूंजी प्रवाह ने बाहरी झटकों को कम करने और तरलता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया है कि घरेलू मांग भारत की प्रमुख विकास इंजन बनी हुई है, जबकि निजी क्षेत्र अभी भी बड़े पैमाने पर व्यावसायिक निवेश के लिए पूरी तरह से भरोसा हासिल नहीं कर पाया है।

रिपोर्ट में वैश्विक विकास स्थिर लेकिन कमजोर रहने की संभावना जताई गई है। इसमें कहा गया है कि विकसित अर्थव्यवस्थाएं मध्यम गति से बढ़ रही हैं, जबकि उभरते बाजारों में अपेक्षाकृत मजबूत वृद्धि देखी जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2026 और 2027 में वैश्विक विकास दर 2.5 से 2.6 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के लगभग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि उभरते बाजारों में 4 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है।

अमेरिका धीमी लेकिन स्थिर गति से आगे बढ़ रहा है, जिसे मध्यम उपभोक्ता खर्च और एआई से संबंधित निवेशों का समर्थन प्राप्त है।

वहीं, चीन की वृद्धि दर 2025 में 5 प्रतिशत से घटकर 2027 तक 4.2 प्रतिशत होने की उम्मीद जताई गई है।

### एनडीए या महागठबंधन, किसके सिर सजेगा ताज?

# बिहार की सत्ता का फाइनल फैसला आज



**पटना, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। मतगणना शुक्रवार, 14 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से पूरे राज्य में एक साथ शुरू होगी। चुनाव आयोग ने मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी, सुरक्षित और कुशल बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सबसे पहले पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) की गिनती होगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की मतगणना शुरू की जाएगी। डाक मतपत्रों की गिनती संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर या असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों के सामने की जाएगी।

राज्य की 243 विधानसभा सीटों पर मतगणना के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक रिटर्निंग ऑफिसर और एक काउंटिंग ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे। परिणामों को राउंड-वाइज और विधानसभा-वार संकलित कर संबंधित आरओ द्वारा चुनाव आयोग के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। ईवीएम मतगणना प्रक्रिया के दौरान हर कंट्रोल यूनिट को टेबल पर लाया जाएगा और एजेंटों को सील एवं सीरियल नंबर की जांच करने का अवसर दिया जाएगा। यदि किसी बूथ में मतों की संख्या या रिकॉर्ड में असमानता पाई जाती है, तो उस केंद्र की वीवीपैट पर्चियों की अनिवार्य गिनती की जाएगी।

पूरे बिहार में कुल 4,372 काउंटिंग टेबल्स स्थापित की गई हैं। प्रत्येक टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाइज़र, एक काउंटिंग असिस्टेंट और एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही उम्मीदवारों की ओर से नियुक्त 18,000 से अधिक काउंटिंग एजेंट मतगणना की निगरानी करेंगे, जिससे प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे।

ईवीएम की गिनती पूरी होने के बाद, हर विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों का यादृच्छिक चयन किया जाएगा, जहां वीवीपैट पर्चियों का मिलान ईवीएम परिणामों से किया जाएगा। यह प्रक्रिया उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की उपस्थिति में संपन्न होगी। विशेष बात यह है कि इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में एक भी पुनर्मतदान नहीं हुआ। 2,616 उम्मीदवारों और 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से किसी ने भी पुनर्मतदान की मांग नहीं की। चुनाव आयोग के अनुसार, राज्य के सभी 38 जिलों में मतदान ▶10 पर

### काउंटिंग से पहले तेजस्वी यादव की रणनीतिक बैठक, बोले –

## हम पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे

**पटना, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों से एक दिन पहले, गुरुवार को महागठबंधन नेता तेजस्वी यादव ने अपने सरकारी आवास पर सहयोगी दलों के नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने दावा किया कि महागठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा, बड़ी संख्या में जनता ने इस बार बदलाव के



लिए मतदान किया है। लोगों ने महागठबंधन के पक्ष में वोट दिया है। हम पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं। कल का दिन जनता की जीत का दिन होगा। उन्होंने 2020 के चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि यदि कोई अधिकारी इस बार किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी करेगा, तो जनता चुप नहीं बैठेगी।

इस बैठक में वीआईपी पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी, कांग्रेस नेता कृष्णा अल्लावरु और सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य सहित महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। ▶10 पर

### देश के दुश्मनों को अमित शाह की कड़ी चेतावनी

# दोषियों को ऐसी सजा देंगे कि दुनिया देखेगी

**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
लाल किला बम धमाके की जांच को लेकर लगातार दो दिन तक चली उच्चस्तरीय बैठकों के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के दुश्मनों को सख्त चेतावनी दी है। शाह ने कहा कि इस कार विस्फोट के जिम्मेदार सभी लोगों को कठोर सजा दिलाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प अवश्य पूरा किया जाएगा।

अमित शाह ने कहा, दिल्ली कार विस्फोट के दोषियों को ऐसी सजा दी जाएगी कि दुनिया देखेगी। यह सजा आने वाली पीढ़ियों को संदेश देगी कि भारत में आतंक फैलाने की साजिश करने वालों का अंजाम क्या होता है। कोई भी दोबारा ऐसा सोचने की हिम्मत नहीं करेगा।

गुजरात में मोतीभाई आर. चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करते हुए शाह ने विस्फोट में मारे गए निर्दोष लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में एक नई मिसाल कायम की है।

शाह ने कहा, भारत ने यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, ठोस नीति और जनता के सहयोग से आतंकवाद जैसी चुनौती पर निर्णायक प्रहार किया जा सकता है। जिन लोगों ने यह कायरतापूर्ण हमला किया है, उन्हें कानून के सामने लाकर सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, अमित शाह लगातार सुरक्षा



और जांच एजेंसियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। बुधवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद पूरे मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी गई। इसके बाद शाह ने एनआईए, एनएसजी और एफएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जांच को तेज़ी से आगे बढ़ाने और दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने के निर्देश दिए।

इसी बीच, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अल फलाह यूनिवर्सिटी के आतंकियों के ठिकाने के रूप में सामने आने पर शाह ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के निदेशक राहुल नवीन के साथ विशेष बैठक की, जिसमें विश्वविद्यालय की फंडिंग और संचालन से जुड़ी गड़बड़ियों पर चर्चा हुई। बैठक में अल फलाह यूनिवर्सिटी का फॉरेंसिक ऑडिट कराने का निर्णय लिया गया है, जिसकी जिम्मेदारी ईडी को सौंपी गई है। इस जांच में सीरियस फ्रॉड इंवेस्टिगेशन ऑफिस जैसी एजेंसियां भी सहयोग करेंगी।सूत्रों के अनुसार, ऑडिट के दौरान विश्वविद्यालय की स्थापना (1997 में अल फलाह इंजीनियरिंग कॉलेज से लेकर 2014 में यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता मिलने तक) ▶10 पर

### पुणे में भीषण सड़क हादसा

## 25 गाड़ियां आपस में टकराईं 9 की मौत, 5 लोग जिंदा जले



**पुणे, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
पुणे के बाहरी इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने से करीब 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें 5 लोग जिंदा जल गए, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं।पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। ट्रक सबसे पहले एक कार से टकराया, जो आगे जा रहे कंटेनर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ ही सेकंड में कार और ट्रक दोनों में आग लग गई। कार कंटेनर और ट्रक के बीच बुरी तरह दब गई, जिससे उसमें सवार पांच लोग बाहर नहीं निकल सके और जिंदा जल गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक और कंटेनर सतारा से पुणे की ओर आ रहे थे। ▶10 पर

## टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई ने हासिल की ऐतिहासिक रफ्तार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में तपेदिक (टीबी) नियंत्रण में मिली ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2025 में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि भारत में टीबी के मामलों में 2015 की तुलना में उल्लेखनीय कमी आई है और यह गिरावट वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी तेज़ है।



प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को एक्स पर लिखा, टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है। डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत ने 2015 से अब तक टीबी की घटनाओं में सराहनीय कमी दर्ज की है, जो वैश्विक औसत दर से लगभग दोगुनी है। यह दुनिया में दर्ज हुई सबसे तेज़ गिरावटों में से एक है। उतना ही उत्साहजनक है उपचार कवरेज का बढ़ना, ङ्गमिसिंग केसफ की कमी और उपचार सफलता में निरंतर वृद्धि। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने इस सफलता में योगदान दिया है। हम एक स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में टीबी के नए मामलों (टीबी इंसीडेंस) में 21 प्रतिशत की ▶10 पर

### आंध्र प्रदेश बस दुर्घटना: सीसीटीवी फुटेज से हुआ चौंकाने वाला खुलासा


# हादसे से पहले ही हो चुकी थी बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
आंध्र प्रदेश के कर्नूल जिले में 24 अक्टूबर को हुई हैदराबाद-बेंगलुरु बस दुर्घटना के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस हादसे में 19 लोगों की मौत हुई थी। नई सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि जिस बाइक से बस टकराई थी, उसका सवार हादसे से पहले ही मर चुका था।

फुटेज में दिखाई देता है कि बाइक सड़क पर गिरी हुई थी और कई वाहन उसके आसपास से गुजरे, लेकिन किसी ने रुककर मदद नहीं की। पुलिस अब इस मामले को सिर्फ सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी और हाईवे सुरक्षा की विफलता के रूप में देख रही है। शुरुआती रिपोर्टों में बताया गया था कि निजी बस की टक्कर से बाइक सवार शिव शंकर की



मौके पर मौत हुई थी, लेकिन फॉरेंसिक जांच और उसके साथी एरी स्वामी के बयान से स्पष्ट हुआ कि शंकर की मौत पहले ही हो चुकी थी। कर्नूल के एसपी विक्रांत पाटिल के अनुसार, बाइक डिवाइडर से टकराने के बाद शंकर की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसका साथी स्वामी किसी तरह घायल अवस्था में बच निकला और शव को सड़क किनारे ले गया, लेकिन बाइक नहीं हटा सका। सीसीटीवी में साफ दिखा कि कई वाहन बाइक को देखकर बचते हुए निकल गए। कुछ देर बाद कावेरी ट्रैवल्स की तेज रफ्तार बस वहां पहुंची और बाइक से टकरा गई। बस ड्राइवर मिरियाला लक्ष्मैया ने बाइक को करीब 200 मीटर तक घसीटा, जिससे घर्षण और पेट्रोल रिसाव से आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में बस को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे यात्रियों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। जांच में सामने आया है कि ▶10 पर





# भारत-बोत्सवाना न्यायपूर्ण और टिकाऊ वैश्विक व्यवस्था का निर्माण कर सकते हैं: राष्ट्रपति मुर्मू

**गाबोरोन (बोत्सवाना), 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत के विकसित भारत 2047 विजन और अफ्रीका के एजेंडा 2063 के तहत दोनों देश मिलकर एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत और बोत्सवाना की साझेदारी लोकतंत्र, मानव गरिमा और समान विकास के साझा मूल्यों पर आधारित है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने गुरुवार को बोत्सवाना की राजधानी गाबोरोन में नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि बोत्सवाना लोकतंत्र, सुशासन और प्रभावी नेतृत्व का उदाहरण है, जहां राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इस अवसर पर उनका स्वागत स्पीकर दिथापेलो एल केओरापेत्से, उपाध्यक्ष और विपक्ष के नेता ने किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और बोत्सवाना के बीच सहयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, कृषि, रक्षा, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में निरंतर मजबूत हुआ है। भारत बोत्सवाना के मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण में अपनी भागीदारी पर गर्व महसूस करता है। पिछले एक दशक में बोत्सवाना के एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कंपनियां बोत्सवाना के हीरा, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में सक्रिय हैं और नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, औषधि निर्माण तथा खनन क्षेत्रों में भी व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने दोनों देशों के व्यावसायिक समुदायों से आर्थिक साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने की अपील की। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मु ने बोत्सवाना की डायमंड ट्रेडिंग कंपनी का दौरा किया, जहां उनका स्वागत खनिज और ऊर्जा मंत्री बोगोलो केनेवेंडो तथा विदेश मंत्री फेन्यो बुटाले ने किया। इसके बाद उन्होंने थ्री दिकगोसि स्मारक का दौरा कर बोत्सवाना की स्वतंत्रता आंदोलन के तीन जनजातीय नेताओं खामा तृतीय, सेबेले प्रथम और बाथोएन प्रथम को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रंप ने की गाजा सीमा के पास अमेरिकी सैन्य अड्डे की तैयारी रणनीति पर उठे सवाल

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में एक नए भू-राजनीतिक बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिका गाजा और इजरायल की सीमा पर एक विशाल सैन्य अड्डा बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इस अड्डे का उद्देश्य क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की



तैनाती बढ़ाना और जमीनी घटनाओं पर सीधा नियंत्रण स्थापित करना बताया जा रहा है। खोजी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से दावा किया जा रहा, कि अमेरिका इजरायल-गाजा बॉर्डर के पास एक स्थायी बेस की रूपरेखा तैयार कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इस अड्डे पर हजारों अमेरिकी सैनिकों को तैनात करने की संभावना है, जो क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए सीधे हस्तक्षेप कर सकेंगे। हालांकि, इजरायल डिफेंस फोर्स ने इस योजना के बारे में जानकारी से इनकार किया है। आईडीएफ सूत्रों का कहना है कि उन्हें किसी 'बड़े अमेरिकी बेस' की अवधारणा के बारे में आधिकारिक रूप से अवगत नहीं कराया गया है। सूत्रों ने यह भी संकेत दिया कि यह योजना फिलहाल केवल सैद्धांतिक स्तर पर है और इसे लागू होने में समय लग सकता है। क्या बदल जाएगा इजरायल का समीकरण विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम अमेरिका की उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जिसके तहत वह मध्य पूर्व में अपनी सैन्य उपस्थिति को मजबूत रखना चाहता है। यह भी चर्चा में है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संभावित रिटर्न प्लान के तहत अमेरिका फिर से क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि गाजा युद्ध में दो वर्षों तक जारी भीषण संघर्ष के बाद पिछले महीने युद्धविराम लागू हुआ था, लेकिन सीजफायर के बावजूद तनाव और छिटपुट हमले जारी हैं। ऐसे में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को इजरायल और फिलिस्तीन दोनों के लिए सुरक्षा संतुलन के रूप में देखा जा रहा है। इस बीच, अमेरिका ने अक्टूबर में ही किर्यत गत में एक नया सिविल-मिलिट्री कोऑर्डिनेशन सेंटर (सीएमसीसी) स्थापित किया है, जहां सैकड़ों अमेरिकी सैनिक और अधिकारी पहले से तैनात हैं। सेंटकॉम अधिकारियों के अनुसार, यह केंद्र गाजा से जुड़ी मानवीय और सैन्य गतिविधियों के समन्वय का कार्य कर रहा है। राजनयिक सूत्रों का कहना है कि यदि गाजा सीमा पर यह नया अमेरिकी अड्डा बनता है, तो यह न केवल इजरायल की सुरक्षा नीति को प्रभावित करेगा, बल्कि मध्य पूर्व की शक्ति-संतुलन की दिशा को भी बदल सकता है। विश्लेषक इसे पोस्ट-वार रीजनल रिअलाइनमेंट की शुरुआत मान रहे हैं, जहां अमेरिका की भूमिका सिर्फ सहयोगी नहीं, बल्कि निर्णायक बन सकती है।

### समुद्र में खोए हुए अमेरिका के लिए नई रिसर्च जारी

**वाशिंगटन।** दूसरे विश्व युद्ध से लेकर बाद की लड़ाइयों में अमेरिकी के 40,000 से ज्यादा सैनिक समुद्र में लापता होने का अनुमान हैं। इन लापता सैनिकों को खोजने में वैज्ञानिक जुटे हुए



हैं। इन सैनिकों की कब्रें अक्सर जहाजों या लड़ाकू विमानों के मलबे के आसपास ही मानी जाती हैं। अब अमेरिकी वैज्ञानिक और रक्षा एजेंसी डिफेंस पीओडब्ल्यू/एमआईए अकाउंटिंग एजेंसी (डीपीएए) मिलकर एक नई रिसर्च कर रही है, ताकि इन खोए हुए सैनिकों के अवशेषों का पता लगाया जा सके। इस कोशिश के केंद्र में एनवायरमेंटल डीएनए (ईडीएनए) है। इस तकनीक में पानी और तलछट में बिखरे सूक्ष्म डीएनए कणों को पकड़कर यह तय किया जाएगा, क्या वहां कभी मानव अवशेष मौजूद रहे हैं या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक डीपीएए के चीफ ऑफ इनोवेशन जेसी स्टीफन कहते हैं, 'समुद्र के नीचे की जांच बेहद मुश्किल होती है, क्योंकि अक्सर अवशेष बिखर जाते हैं। इसलिए हमने ईडीएनए को एक जैविक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने का फैसला किया।

### चीन की कंपनी ने पेश किया बिल्कुल इंसान जैसा रोबोट

**बीजिंग।** चाइनीज कंपनी एक्सपेंग मोटर्स ने बिल्कुल इंसान जैसा रोबोट पेश किया है। इसका नाम 'इरॉन' रखा गया है। इरॉन चाल-ढाल, हरकत और हावभाव में बिल्कुल इंसान जैसा दिखाई देता है। रोबोट इरॉन जब यह मंच पर चला तो कई लोगों



को लगा कि यह कोई असली व्यक्ति है जो मॉडलिंग कर रहा है। लोगों का शक इतना गहरा था कि कंपनी को लाइव इवेंट में स्टेज पर उसका शरीर काटकर यह साबित करना पड़ा कि यह वाकई रोबोट है, न कि कोई इंसान। यह प्रदर्शन चीन के ग्वांगझू में आयोजित 'एआई डे' इवेंट के दौरान हुआ, जहां एक्सपेंग मोटर्स के चेयरमैन और सीईओ हे शियाओपेंग ने इसे दुनिया के सामने पेश किया। उन्होंने बताया कि इरॉन को कंपनी की अपनी विकसित की हुई एआई रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी से तैयार किया गया है, जिससे यह आसपास के माहौल को देखकर खुद प्रतिक्रिया दे सकता है।

# भारत के दोस्त अफगानिस्तान ने अपने व्यापारियों से कहा- 3 महीने के भीतर बंद करें पाक से ट्रेड

**काबुल, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

**भारत के खास दोस्त अफगानिस्तान ने अपने व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि 3 महीने के भीतर पाकिस्तान से सभी तरह का कारोबार बंद कर दें। यदि ऐसा नहीं किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अफगान मामलों के उप प्रधान मंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने अपने व्यापारियों को 3 महीने की डेडलाइन दे दी है। उन्होंने पाकिस्तान के साथ व्यापार के हर रास्ते बंद करने की शुरुआत कर दी है। बरादर ने पाकिस्तान की दवाइयों से लेकर ट्रेड रूट तक सबकुछ बंद करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इस मामले में व्यापारियों को वॉर्निंग देते हुए कहा कि जो भी इस आदेश का पालन नहीं करेगा, उससे सारे सहयोग खत्म कर दिए जाएंगे।**



उद्योगपतियों और व्यापारियों के साथ एक बैठक के दौरान, आर्थिक मामलों के उप प्रधान मंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने राष्ट्रीय व्यापार की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात की। बरादर ने इस दौरान चेतावनी जारी कर दी है। उन्होंने पाकिस्तान के साथ व्यापार के सारे रास्ते बंद करने की हिदायत देते हुए कहा है कि इस नोटिस के बाद, यदि कोई पाकिस्तान के साथ व्यापार करना जारी रखता है, तो इस्लामिक अमीरात ऐसे व्यापारियों के साथ सहयोग नहीं करेगा और न ही उनकी बात सुनेगा। बरादर इस बात पर जोर दिया कि व्यापारियों और उद्योगपतियों को पाकिस्तान पर निर्भर रहने के बजाय व्यापार के लिए वैकल्पिक मार्ग खोजने चाहिए। बरादर ने कहा, 'हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र की मुख्य समस्या पाकिस्तान से घटिया दवाओं का आयात है। मैं सभी दवा आयातकों से आग्रह करता हूं कि वो आपूर्ति के लिए जल्द से जल्द वैकल्पिक तरीका खोजें. जिन लोगों के पाकिस्तान में अनुबंध या खरीद हैं, उन्हें अपने खाते निपटाने और अपना काम खत्म करने के लिए तीन महीने का समय दिया जाता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अफगानिस्तान के पास अब आयात और निर्यात के लिए वैकल्पिक व्यापार मार्गों मौजूद हैं और क्षेत्रीय देशों के साथ उसके आर्थिक संबंध अतीत की तुलना में काफी बढ़ गए हैं। मंत्री ने आगे कहा, 'क्षेत्रीय और वैश्विक कनेक्टिविटी के लिए नए वैकल्पिक मार्ग स्थापित करने से लेकर तकनीकी और बुनियादी ढांचे को और भी बेहतरीन बनाने के लिए, अफगानिस्तान का इस्लामिक अमीरात लगातार काम कर रहा है।

### विकल्प खोजेगा अफगानिस्तान

उन्होंने कहा, 'सभी अफगान व्यापारियों और उद्योगपतियों को पाकिस्तान के बजाय दूसरे ऑप्शन की तरफ रुख करना चाहिए। पाकिस्तान के साथ व्यापार ने ना केवल हमारे व्यापारियों को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि बाजारों और आम जनता के लिए भी मुश्किलें पैदा की हैं। मैं सभी व्यापारियों से जल्द से जल्द आयात और निर्यात के लिए दूसरे विकल्प तलाशने का पुरजोर आग्रह करता हूं'.

बरादर पाकिस्तान से घटिया क्वालिटी की दवाए आयात करने पर भी व्यापारियों को जमकर लताड़ा है। उन्होंने इसकी आलोचना करते हुए दवा आयातकों को 3 महीने का अल्टीमेटम दे दिया है। मंत्री कहा है कि ट्रेडर्स के पास खाते बंद करने और वहां के व्यावसायिक सौदों को समाप्त करने के लिए तीन महीने का समय है।

### पाकिस्तान को भेजा संदेश

बरादर ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान को अक्सर राजनीतिक दबाव से निशाना बनाया जाता है, और व्यापार संबंधों और शरणार्थियों की दर्द का इस्तेमाल तर्कहीन राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि व्यापार के मामले में सभी देश एक-दूसरे पर निर्भर हैं, इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता। आखिर में, उन्होंने पाकिस्तान को मैसेज देते हुए कहा है कि 'अगर वो लोग फगानिस्तान के साथ व्यापार रास्तों को दोबारा खोलना चाहते हैं तो इस बार तगड़ी गारंटी देनी पड़ेगी कि फिर से ऐसी स्थितियां पैदा नहीं होंगी, जिनकी वजह से व्यापार मार्ग फिर से बंद करने पड़ें।

# न उड़ान की इजाजत, न वापसी मुमकिन! टोरोंटो एयरपोर्ट पर खड़ा रूसी कार्गो विमान



**टोरोंटो, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

कनाडा के सबसे बड़े शहर टोरंटो के पियरसन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बीते चार सालों से एक रूसी कार्गो विमान खड़ा है। ये विमान न कहीं उड़ सकता है और न रूस लौट सकता है और अब तक इसका पार्किंग किराया करोड़ों तक पहुंच चुका है। ये विमान दो देशों के बीच कूटनीतिक उलझन की एक मिसाल बन गया है।

ये वोल्गा-डनेपर एयरलाइंस का एंटोनोव एएन-124 कार्गो विमान है, जो दुनिया के सबसे बड़े मालवाहक विमानों में से एक है। 27 फरवरी 2022 को अलास्का से कनाडा के टोरंटो पहुंचा था, जो कोरोना रैपिड टेस्ट किट्स की एक बड़ी खेप कनाडा लेकर आया था। इन्हीं दिनों रूस और यूक्रेन के बीच जंग शुरू हुई थी और जिसके विरोध में अलग-अलग देशों रूस और यूक्रेन पर तरह-तरह की पाबंदियां लगाना शुरू कर दी थीं। इसके बाद रूस का ये प्लेन भी उन्हीं पाबंदियों की भेंट चढ़ गया। 27 फरवरी 2022 को ये प्लेन टोरंटो पहुंचा और तभी कनाडा के तत्कालीन ट्रांसपोर्ट मंत्री ओमर अलघाबरा ने घोषणा की कि रूस के किसी भी विमान को अब कनाडाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी क्योंकि रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। नतीजा ये रहा कि विमान को टोरंटो एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया और तब से अब तक ये विमान यहीं खड़ा है। कनाडा सरकार ने उस दिन से अब तक एक 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) लागू किया है, यानी एक आधिकारिक हवाई प्रतिबंध नोटिस, जो कहता है, किसी भी रूसी रजिस्टर्ड, स्वामित्व वाले, या रूसी संस्था से जुड़े विमान को कनाडाई क्षेत्र में उड़ान की इजाजत नहीं दी जाएगी। टोरंटो के पियरसन एयरपोर्ट की प्रवक्ता केली गॉस के मुताबिक, यह विमान एयरपोर्ट के एक सुरक्षित क्षेत्र में रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस विमान पर एयरपोर्ट की मानक पार्किंग दरें लागू होती हैं, जो 1000 कनाडाई डॉलर प्रति दिन से ज्यादा (करीब 63403.04 रोज) हैं। यह दर तब तक जारी रहेगी, जब तक विमान एयरपोर्ट की संपत्ति पर मौजूद है। हालांकि गॉस ने यह बताने से मना कर दिया कि क्या वोल्गा-डनेपर एयरलाइंस को अब तक बिल भेजा गया है।

**एक दिन का किराया 63000 के पार**

### अमेरिका में सरकारी शटडाउन खत्म होने के करीब, सीनेट में विधेयक के समर्थन में मतदान




**वॉशिंगटन।** करीब 41 दिनों से अमेरिका में जारी शटडाउन खत्म होने के करीब है। बुधवार को अमेरिकी सांसदों ने शटडाउन खत्म करने के पक्ष में वोट किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर के साथ यह कानून बन जाएगा और सरकारी कामकाज दोबारा शुरू होने का रास्ता साफ हो जाएगा। शटडाउन के कारण लाखों संघीय कर्मचारियों को वेतन और खाद्य सहायता बाधित होने के साथ-साथ हवाई यात्राओं में भारी देरी देखने को मिली। अमेरिका के सरकारी शटडाउन को खत्म करने के विधेयक को बुधवार को कांग्रेस ने मंजूरी दी। हाउस ऑफ रीप्रजेंटेटिव ने बाधित खाद्य सहायता दोबारा शुरू करने, संघीय कर्मचारियों के वेतन और हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली पुनर्जीवित करने के लिए मतदान किया।

# दिल्ली ब्लास्ट पर बोले अमेरिकी विदेश मंत्री उन्हें मदद की जरुरत नहीं वे बेहतर काम कर रहे हैं

**ओटावा, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**



दिल्ली धमाके की जांच में जुटी एजेंसियों की अमेरिकी विदेश मंत्री ने तारीफ की है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कनाडा में आयोजित जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने मदद की पेशकश की है, लेकिन मेरा मानना है कि वे (भारतीय जांच एजेंसियां) बहुत सक्षम हैं। उन्हें हमारी मदद की जरूरत नहीं है और वे शानदार काम कर रहे हैं। इससे पहले अमेरिकी दूतावास ने भी इस घटना पर शोक व्यक्त किया। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने 11 नवंबर को 'एक्स'पर पोस्ट करते हुए लिखा, दिल्ली में हुए भयानक विस्फोट में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा में जी7 बैठक के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने व्यापार, सप्लाई चेन, यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व की स्थिति और भारत-अमेरिका संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, दिल्ली विस्फोट में हुई जानहानि पर उनकी (रुबियो की) संवेदनाओं की सराहना करता हूं। हमने द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार और सप्लाई चेन पर चर्चा की। साथ ही यूक्रेन संकट, पश्चिम एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हालात पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

विस्फोट के बाद से दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी संभावित आतंकी लिंक की जांच कर रही हैं। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, यह विस्फोट लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुआ था। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने भी कहा कि वाशिंगटन इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट की जानकारी में हैं। हम स्थिति पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं और आवश्यक होने पर वाणिज्यिक सहायता देने के लिए तैयार हैं। वर्तमान में जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां सभी पहलुओं पर गौर कर रही हैं।

देशभर से इस घटना की निंदा हो रही है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त की जा रही हैं। बता दें कि मार्को का यह बयान उस समय आया है जब 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास एक भीषण विस्फोट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए थे। विस्फोट के बाद से सुरक्षा एजेंसियों ने बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीमें और आतंकवाद-रोधी इकाइयां लगातार घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही हैं ताकि हमले के पीछे की साजिश और जिम्मेदार लोगों का पता लगाया जा सके।

# ईरान के मिसाइल-ड्रोन कार्यक्रम के समर्थन का आरोप, यूएस ने भारत समेत 6 देशों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

**अमेरिकी विदेश विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत सहित छह देशों में स्थित 32 कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। यह कदम रूसी तेल से जुड़े मुद्दों के बजाय ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन उत्पादन को कथित समर्थन देने के आरोप में उठाया गया है। प्रतिबंधित संस्थाओं के नाम या विस्तृत विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए।**



लेकिन अमेरिका ने इसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े खरीद नेटवर्क के खिलाफ बताया।

प्रतिबंधों की जद में भारत के अलावा चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और तुर्की की कंपनियां व व्यक्ति शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, ये संस्थाएं ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) उत्पादन के लिए आवश्यक सामग्री व पुर्जों की खरीद में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान पर मिसाइल व पारंपरिक हथियार विकास को रोकने की नीति का हिस्सा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के सचिव (आतंकवाद एवं वित्तीय खुफिया) जॉन के. हर्ले ने बयान में कहा कि ईरान वैश्विक वित्तीय प्रणालियों का दुरुपयोग कर धनशोधन करता है और अपने परमाणु हथियार कार्यक्रमों के लिए पुर्जे जुटाता है। उन्होंने जोर दिया, राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर हम ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करने के लिए अधिकतम दबाव की रणनीति अपनाए हुए हैं। यह प्रतिबंध ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करने के व्यापक अमेरिकी प्रयासों का हिस्सा माने जा रहे हैं। यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान के हथियार कार्यक्रमों पर निगरानी बढ़ाने का संकेत देती है। प्रभावित देशों की कंपनियां अब अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से कट जाएंगी, जिससे उनके वैश्विक लेन-देन पर असर पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे ईरान की खरीद श्रृंखला बाधित होगी, हालांकि प्रतिबंधित पक्षों की पहचान गुप्त रखने से पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

# हिमालय क्षेत्र में मजबूती, चीन के साथ संतुलन के लिए जरूरी है भूटान के साथ संपर्क का विस्तार

**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की भूटान यात्रा और थिम्पू में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से उनकी वार्ता दोनों देशों के बीच परंपरागत रूप से प्रगाढ़ द्विपक्षीय संबंधों से बढ़ कर महत्व रखती है। भारत द्वारा पश्चिम बंगाल और असम से होकर भूटान को जोड़ने वाली रेल मार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव पड़ोसी देश के साथ आवागमन और व्यापार सुविधा बढ़ाने वाली केवल बुनियादी ढ़ाँचा परियोजना नहीं है, बल्कि इसका एक गहरा रणनीतिक महत्व है। प्रस्तावित रेल लाइन से उस दुर्गम और संवेद-नशील त्रिभुजाकार इलाके तक पहुंचने में सुविधा होगी जहां भारत, भूटान और चीन-तीन देशों का मिलन होता है।

भूटान के साथ संपर्क को बेहतर करना भारत के लिए लंबे समय से दो दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है। एक तो इससे भूटान के साथ परम्परागत रिश्तों को प्रगाढ़ करने और परस्पर विश्वास की जड़ों को और गहरा करने में मदद मिलेगी। दूसरे, इससे उस क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने में आसानी होगी।हिमालय की गोद में बसा भूटान भी इस पहल को एक आर्थिक अवसर के रूप में तो देखता ही है, साथ ही यह उसके लिए एक रणनीतिक आश्वासन की तरह है। भूटान भी उत्तर के अपने आक्रामक पड़ोसी और भारत जैसे हमेशा साथ खड़े रहने वाले सहयोगी के बीच रह कर दोनों के साथ संबंधों में एक नाजुक संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।भारत और भूटान के बीच यह उच्चस्तरीय बातीचीत ऐसे समय में हुई है जब भारत और चीन के संबंधों में भी सुधार होता दिख रहा है। अगस्त में ही नयी दिल्ली में भारत और चीन के बीच विशेष प्रतिनिधि (एसआर) स्तरीय वार्ता का 24 वां दौर हुआ था। इसमें दोनों पक्ष सीमा परिसीमन के लिए 'शीघ्र समाधान' तलाशने हेतु परामर्श और समन्वय कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के तहत एक विशेषज्ञ समूह बनाने पर सहमत हुए थे।

भारत और चीन के बीच हुई इस वार्ता का मुख्य विषय यूं तो दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवादों को निपटाना और अपनी सीमाओं का तार्किक सीमांकन करना था, लेकिन यह अप्रत्यक्ष रूप से भूटान को भी प्रभावित करता है। इसलिए जैसे-जैसे भारत चीन के साथ, सावधानीपूर्वक ही सही, अपने संबंधों को बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, भूटान भी चीन के साथ अपने संबंधों पर नये सिरे से सोच रहा है और उसके साथ अपने सीमा विवादों को सुलझाने के अवसरों को तलाश रहा है।

गौरतलब है कि भूटान का चीन के साथ न तो कोई राजनयिक संबंध है और न ही उसके साथ कोई सुनिश्चित सीमा रेखा। ऐसी स्थिति में चीन और भूटान के बीच सीमाओं का निर्धारण बहुत मुश्किल और उलझाने वाला विषय हो जाता है। हालांकि इस मामले में दोनों देशों के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है।भूटान 1984 से अब तक चीन के साथ उत्तर, पश्चिम और पूर्व के तीनों विवादित क्षेत्रों पर 25 बार वार्ताएं कर चुका है फिर भी कोई स्पष्ट परिणाम नज़र नहीं आया है। इस सीमा विवाद का सबसे संवेदनशील क्षेत्र भूटान का पश्चिमी क्षेत्र है, जो भारत के सिक्किम और तिब्बत के चुम्बी घाटी से सटा है। यह क्षेत्र भारत की मुख्य भूमि से पूर्वोत्तर क्षेत्र को जोड़ने वाले सिलीगुड़ी गलियारे (चिकन्स नेक) के बिल्कुल निकट है। इसलिए भारत की दृष्टि से भी यह रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है।

डोकलाम पठार इस संवेदनशील क्षेत्र और इस विवाद के केंद्र में है जहाँ भारत, भूटान और चीन मिलते हैं। यही वह क्षेत्र है जहाँ चीन जम्फेरी रिज की ओर सड़क निर्माण कर रहा था और उसको लेकर भारत और चीन के बीच 73 दिनों तक सैन्य गतिरोध चला था। यह पठार सामरिक दृष्टि से बहुत महत्व-पूर्ण है। चीन यदि इस रिज पर कब्ज़ा कर लेता है, तो वह भारत के महत्वपूर्ण गलियारे पर सीधी निगरानी करने में सक्षम हो जाएगा।



चीन ने जब 1951 में औपचारिक रूप से तिब्बत पर कब्ज़ा किया, तो उसकी सीमा का विस्तार भूटान की सीमा तक हो गया। यह सीमा इस लिए भी अस्पष्ट थी क्योंकि तिब्बत और भूटान के बीच एक मैत्रीपूर्ण सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंध थे, जहां सीमाओं को लेकर विवाद कभी मुखर नहीं हुए। लेकिन तिब्बत पर कब्जा करने के बाद चीन ने पुराने तिब्बती चरागाह मार्गों और मठ के अभिलेखों के आधार पर ऐतिहासिक दावे करना शुरू कर दिया। 1950 और 1960 के दशक के दौरान, चीन धमकियों और प्रलोभनों का सहारा लेता रहा। उसने भूटान के एक बड़े हिस्से को चीनी क्षेत्र के रूप में दर्शाने वाले मानचित्र भी जारी किये और व्यापार रियायतें और मित्रता की भी पेशकश की।

तिब्बत पर चीन के कब्जे ने भारत की रणनीतिक चिंताओं को भी गहरा कर दिया। भारत भी भूटान के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए तेजी से कदम उठाने लगा। चीन के लिए हालांकि भूटान अब भी एक चुनौती बना हुआ है। भूटान का, भारत के अलावा केवल एक और पड़ोसी चीन है। उसके साथ उसकी कोई सीमा तय नहीं है। भूटान ने अभी तक चीन में कोई मंत्री भी नहीं भेजा है। चीन , तिब्बत पर नियंत्रण मज़बूत करने, हिमालय क्षेत्र में भारतीय प्रभाव को कम करने और सिलीगुड़ी गलियारे तक अपनी रणनीतिक पहुँच बढ़ाने के लिए भूटान के साथ सीमा का अपने ढंग से समाधान ज़रूरी मानता है।पिछले दशकों में, चीन ने भूटान में अतिक्रमण की एक धीमी गति वाली रणनीति ग्रे ज़ोन युद्ध को लागू करने में निपुणता हासिल कर ली है। 1980 और 1990 के दशक में, चीनी चरवाहे और गश्ती दल धीरे-धीरे दक्षिण की ओर बढ़े, शिविर, चौकियाँ और सड़कें बनाईं। हाल ही में, उपग्रह चित्रों से पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भूटानी क्षेत्र के अंदर चीन द्वारा निर्मित पूरे गाँव बसे हुए हैं, कुछ उत्तर में मेनचुमा घाटी में और कुछ पश्चिम में डोकलाम के पास। 2024 की एक रिपोर्ट में ऐसी 19 बस्तियों की गिनती की गयी है।

भारत के लिए, चीन के साथ भूटान के सीमा विवाद में दांव पर केवल कुछ वर्ग मील बर्फ से ढका जंगल का इलका ही नहीं है, बल्कि इसके बड़े निहितार्थ हैं। भूटान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र, खासकर डोकलाम पठार पर नियंत्रण भारत के पूर्वोत्तर राज्यों तक सुरक्षित रास्ते की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा के लिए डोकलाम पठार की सुरक्षा मायने रखती है।

भारत को इसके लिए सिर्फ़ सैन्य बल नहीं बल्कि एक ऐसी स्तरीय, धैर्यपूर्ण रणनीति की ज़रूरत है जिसमें निवारण, विकास और कूटनीति का मेल हो ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भूटान की संप्रभुता और भारत की सुरक्षा, पहाड़ी दर पहाड़ी, घाटी दर घाटी मजबूत बनी रहे। किसी जोर ज़बरदस्ती के ख़िलाफ़ बचाव का सबसे कारगर तरीका परस्पर निर्भरता को मजबूत बनाना है। पश्चिम बंगाल और असम के रास्ते भूटान तक, खासकर कोकराझार-गेलेफू और बनारहाट-समत्से कॉरिडोर तक रेल और सड़क संपर्क का विकास तेज़ करके, भारत और भूटान के आर्थिक जुड़ाव को और मजबूत किया जा सकता है।

इसी तरह, जलविद्युत सहयोग, रियायती वित्तपोषण और सीमा पार बिजली व्यापार का विस्तार भूटान के दीर्घकालिक विकास को भारत के ग्रिड से जोड़ सकता है, जिससे भूटान की की समृद्धि को बढाने तथा उसे चीन के प्रलोभनों से दूर रखने में मदद मिलेगी।भूटान के साथ भारत के रक्षा संबंध किसी प्रत्यक्ष गठबंधन पर नहीं, बल्कि मौन विश्वास पर आधारित हैं। इस संतुलन को बनाए रखने के लिए, भारत का ध्यान क्षमता निर्माण पर होना चाहिए, जिससे भूटान अपनी सीमाओं की प्रभावी निगरानी और प्रबंधन कर सके। इसमें भूटान की सेना के लिए प्रशिक्षण का विस्तार, रसद और पर्वतीय क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाना, और सीमावर्ती सड़कों और सभी मौसमों में इस्तेमाल लायक सम्पर्क मार्गों पर सहयोग बढ़ाना और निगरानी की तकनीकों का हस्तांतरण महत्वपूर्ण है।

इस चुनौती से निपटने के लिए सैन्यीकरण से पहले जरूरी है जागरूकता । यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उस इलाके में चीनी की ओर से बनायी जाने वाली हर सड़क , चरवाहों के शिविर, या आदर्श गाँव का निर्माण निगाह में हो और उसके खिलाफ कूटनीतिक कार्रवाई की जा सके।

## भारत-कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने और निवेश बढ़ाने पर हुई चर्चा : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ 7वें भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय संवाद की सह-अध्यक्षता की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नए रोडमैप 2025 के अंतर्गत व्यापार और निवेश पर कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ 7वें भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय संवाद की सह-अध्यक्षता करना मेरे लिए खुशी की बात थी। उन्होंने इस चर्चा को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने पर बातचीत की गई। इसके अलावा, निवेश को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा के उपायों पर भी बात हुई।इससे पहले कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू की ओर से भी दोनों देशों के बीच सहयोग को लेकर एक एक्स पोस्ट शेयर किया गया था।

मनिंदर सिद्धू ने एक्स हैंडल पर लिखा, नई दिल्ली में मैंने फार्मास्यूटिकल्स, टेलीकम्युनिकेशन, एग्रीकल्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में कनाडा-भारत सहयोग के नए अवसरों का पता लगाने के लिए जुबिलेंट भरतिया ग्रुप के हरि भरतिया से मुलाकात की।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि जुबिलेंट भरतिया ग्रुप जैसे बड़े प्लेयर के साथ सहयोग मजबूत करने के साथ दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक भारत और कनाडा के बीच और अधिक साझेदारी के नए द्वार खुलेंगे।इससे पहले भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में कई देशों के विदेश मंत्रियों से मिले।

## आतंकवाद विकास का सबसे बड़ा दुश्मन : मनोज सिन्हा

**जम्मू-कश्मीर, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू यूनिवर्सिटी के 19वें (द्वितीय विशेष) दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान, उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वालों और स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित किया। जम्मू यूनिवर्सिटी के विशेष दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कुलाधिपति और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने छात्रों और शिक्षकों से बदलाव को अपनाने और कौशल-प्रधान पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। इसके साथ ही, उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज की मांगों को पूरा करने के लिए उभरते रुझानों के साथ तालमेल बनाए रखने समेत अलग-अलग विषयों में सहयोग करने की भी अपील की। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कार्यक्रम के दौरान दिल्ली ब्लास्ट में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 10 नवंबर को दिल्ली में हुए बम विस्फोटों में जिन लोगों को हमने खोया है, मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।



उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आतंकवाद विकास का सबसे बड़ा दुश्मन है। जम्मू-कश्मीर के लोग लंबे समय से इस आतंक का दंश झेल रहे हैं। अब वहां के युवा नए सपने देख रहे हैं और हमें उन्हें उन मुकामों तक पहुंचने के लिए पंख देने में मदद करनी चाहिए, जिनकी देश और दुनिया का हर युवा आकांक्षा रखता है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी वहां मौजूद जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वालों और स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई दी और सभी विषयों में छात्राओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी सुधारों पर जोर दिया और जम्मू-कश्मीर के विश्वविद्यालयों में पहुंच, गुण-वत्ता और प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मिशन युवा' शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और मानसिक स्वास्थ्य के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रमुख पहल है, जो उन्हें न सिर्फ रोजगार के लिए, बल्कि नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण के लिए भी तैयार करती है।

छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, शिक्षा परिवर्तन का मूल है। विश्वविद्यालय ने आपमें निवेश किया है। अब अपने आसपास की दुनिया में निवेश करें। सफलता इसमें नहीं है कि आप अपने लिए क्या हासिल करते हैं, बल्कि इसमें है कि आप समाज के लिए क्या योगदान देते हैं।

### दिल्ली विस्फोट : पवन खेड़ा का अमित शाह पर तीखा हमला, पूछा-

## 2900 किलो विस्फोटक देश में कैसे पहुंचा?

**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गुरुवार को 10 नवंबर को दिल्ली में हुए विस्फोट को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आल-ोचना की। इस विस्फोट में 12 नागरिक मारे गए थे। उन्होंने सवाल किया कि 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री राष्ट्रीय राजधानी से सिर्फ़ 20 किलोमीटर दूर फरीदाबाद कैसे पहुँची? खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, हैरानी की बात है कि इस घटना के 48 घंटे बाद, कैबिनेट ने स्वीकार किया कि यह एक आतंकवादी घटना थी। यह गंभीर सवाल खड़े करता है।पवन खेड़ा ने सवाल किया कि इतनी सारी सुरक्षा एजेंसियाँ हैं, (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह हैं, (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) अजीत डोभाल हैं... जो कहते हैं कि हमारी सतर्क नज़र हमेशा बनी रहती है। फिर भी, 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री फरीदाबाद कैसे पहुँच गई? पवन खेड़ा ने कहा कि पुलवामा हमले को लेकर हम लगातार सवाल पूछते रहे कि आरडीएक्स वहाँ कैसे पहुँचा, और इसका जवाब आज तक नहीं मिला। अब, राजधानी दिल्ली से सिर्फ़ 20 किलोमीटर दूर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक पहुँच गया है; सवाल यह है कि यह कैसे पहुँचा? फिर, लाल किले के पास हुए विस्फोट में जानें जाती हैं, लोग घायल होते हैं; आखिर इसकी ज़िम्मेदारी कौन ले रहा है? ये पूरे देश का सवाल है, और हम कहते रहे हैं कि सरकार सख्त कदम उठाए; हम उनके साथ हैं।

## सरकार की नाकामी से हुआ दिल्ली धमाका : अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में हुए बम धमाके को सरकार की बहुत बड़ी नाकामी करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि खुफिया तंत्र पूरी तरह विफल हो गया, तभी ऐसी घटना हुई। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने बिहार चुनाव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रूप में देख रही है।

यादव बृहस्पतिवार को बरेली पहुंचे जहां वह विधायक अता-उर-रहमान की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे मौकों पर आने से लोगों से मिलने और विचार साझा करने का अवसर मिलता है। यादव ने बाद में यहां प्रेस वार्ता की, जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश की अर्थव्यवस्था को चीन के हाथों सौंप चुकी है। सपा प्रमुख ने कहा,सरकार स्वदेशी की बात करती है, लेकिन पूरी अर्थव्यवस्था चीन के कब्जे में है। बाजारों में चीनी सामान हावी है।

निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारों पर काम करने का आरोप लगाते हुए यादव ने दावा किया, रामपुर और कुंदरकी में हजारों लोगों को वोट डालने नहीं दिया गया। पुलिस ने लोगों को घरों से निकलने से रोका। हमने निर्वाचन आयोग से शिकायत की, लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया।

सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादी पार्टी न्यू इंडिया विजन को लेकर आगे बढ़ रही है और बरेली के विकास के लिए विशेष घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई, यातायात और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से जनता परेशान है, लेकिन सरकार जनता का ध्यान इनसे हटाने की कोशिश कर रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा वाले भगवान से ऊपर हो गए हैं... मुख्यमंत्री ने कोई नया कारखाना नहीं लगाया, बस बिजली महंगी कर दी। गरीब आज शादी-ब्याह और सोना खरीदने तक में असमर्थ हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वाले ही असली भू-माफिया हैं जो गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़प रहे हैं। यादव ने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब अपनी कुर्सी हिलती देख लेते हैं तो सांप्रदायिक हो जाते हैं।

## धनशोधन मामला: नवाब मलिक के परिवार की कंपनी की याचिका खारिज

**मुंबई, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** मलिक और उनके परिवार की कंपनियां सॉलिडस इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड और मलिक इंफ्रास्ट्रक्चर भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके साथियों की गतिविधियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। मलिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने अदालत में दलील दी थी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का मामला केवल अनुमान और अटकलों पर आधारित है, इसलिए उसे इस मामले से मुक्त किया जाए।लेकिन सांसदों/विधायकों के मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष जज सत्यनारायण नवंदर ने 11 नवंबर को इस याचिका को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि नवाब मलिक ने डी-कंपनी के सदस्यों हसीना पारकर, सलीम पटेल और आरोपी सरदार खान के साथ मिलकर अवैध रूप से कब्जाई गई संपत्ति की मनी लॉन्ड्रिंग में हिस्सा लिया, जो अपराध से प्राप्त धन है।अदालत ने कहा कि यह संपत्ति धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जब्त की गई है।

## शराब घोटाले में भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य की 61 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की कुर्क

**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जाँच के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। कुर्क की गई संपत्तियों में 59.96 करोड़ रुपये मूल्य के 364 आवासीय भूखंडों और कृषि भूमि के रूप में अचल संपत्तियाँ, साथ ही बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में 1.24 करोड़ रुपये मूल्य की चल संपत्तियाँ शामिल हैं। ये संपत्तियाँ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत ज़ब्त की गईं।

61.20 करोड़ रुपये की वर्तमान कुर्की, लगभग 215 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों की पूर्व की कुर्कियों के क्रम में है। ईडी के छत्तीसगढ़ जोनल कार्यालय ने 10 नवंबर को इन संपत्तियों को जब्त कर लिया, जो राज्य में शराब घोटाले में भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत छत्तीसगढ़ की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई जांच के हिस्से के रूप में थी।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पुलिस जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अनुसूचित अपराधों के कमीशन से उत्पन्न 2500 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय



(पीओसी) से लाभार्थियों की जेबें भर गईं। ईडी ने अपने बयान में कहा, पीएमएलए के तहत की गई जाँच से पता चला है कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल शराब सिंडिकेट के शीर्ष पर थे। मुख्यमंत्री के बेटे होने के नाते, उन्हें शराब सिंडिकेट का नियंत्रक और सर्वोच्च अधिकारी बनाया गया था। सिंडिकेट द्वारा एकत्र किए गए सभी अवैध धन का हिसाब (हिसाब) रखने की ज़िम्मेदारी उन्हीं की थी। ऐसे धन के संग्रह, चैनलाइज़ेशन और वितरण (पीओसी) से संबंधित सभी बड़े फैसले उनके निर्देशों के तहत लिए जाते थे।

ईडी की जाँच में यह भी पता चला कि चैतन्य को अपराध से प्राप्त आय (पीओसी) प्राप्त हुई थी, जिसे उन्होंने अपने रियल एस्टेट व्यवसाय में शामिल किया और बेदाग संपत्ति के रूप में पेश किया। चैतन्य ने शराब घोटाले से प्राप्त पीओसी का उपयोग अपनी स्वामित्व वाली कंपनी मेसर्स बघेल डेवलपर्स के तहत अपनी रियल एस्टेट परियोजना 'विट्ठल ग्रीन' के विकास के लिए किया।

# अक्षरा सिंह ने दिखाई नए गीत हमार तिरछी नजर की झलक




भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय एक्ट्रेस अक्षरा सिंह अपने नए म्यूजिक वीडियो 'हमार तिरछी नजर' के जरिए चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर गाने की झलक साझा कर अक्षरा ने फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। वीडियो में वह ग्लैमरस लुक में नजर आ रही हैं। इस लुक को देख हर कोई उनका दीवाना हो रहा है। चमकीले आउटफिट और खुले बालों में उनका यह अवतार बेहद आकर्षक लग रहा है। गाने की झलक में अक्षरा के ठुमके और जबरदस्त डांस मूव्स नजर आ रहे हैं, वहीं बैकग्राउंड में बजते बीट्स लोगों को थिरकने पर मजबूर कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में उनका स्टाइल और एनर्जी साफ दिखाई दे रही है। पोस्ट की गई ये छोटी सी क्लिप गाने के रिलीज होने से पहले काफी वायरल हो रही है। उन्होंने पोस्ट के जरिए गाने के रिलीज डेट से पर्दा हटाया।

वीडियो में अक्षरा के हर एक ठुमके पर लोग तालियां बजाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए अक्षरा ने कैप्शन में लिखा, ''नया गाना 'हमार तिरछी नजर' सारेगामा हम भोजपुरी के यूट्यूब चैनल के साथ सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर 15 नवंबर को रिलीज होने वाला है।''इस पोस्ट पर कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ गए। लोगों ने कमेंट्स में उन्हें 'क्वीन ऑफ भोजपुरी', 'सुपरस्टार', और 'फायर गर्ल' जैसे टैग दिए।

अक्षरा सिंह के करियर की बात करें तो उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। साल 2010 में उन्होंने रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन ना जाए', 'सौगंध गंगा मैया के', 'सत्या', 'तबादला', 'सरकार राज', और 'मां तुझे सलाम' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया।

अक्षरा की एक्टिंग ही नहीं, बल्कि उनकी सिंगिंग भी लोगों को खूब पसंद आती है। उन्होंने कई भोजपुरी म्यूजिक वीडियो में अपनी आवाज दी है, जो यूट्यूब पर लाखों-करोड़ों बार देखे जा चुके हैं। अभिनय और गायकी के साथ-साथ अक्षरा ने हिंदी टेलीविजन पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने जी टीवी के सीरियल 'काला टीका' और 'सर्विस वाली बहू' में महत्वपूर्ण किरदार निभाए, वहीं सोनी टीवी के शो 'पोरस' में उन्होंने महारानी कणिका का किरदार निभाया। 2021 में वह 'बिग बॉस ओटीटी' में भी नजर आईं, जहां उन्होंने अपने बेबाक अंदाज से दर्शकों का ध्यान खींचा।

# शाहरुख खान की फिल्म जब तक है जान ने पूरे किए 13 साल

यशराज फिल्म्स अक्सर अपनी फिल्मों में प्यार और दिल टूटने के एहसास को बयां करता रहता है। फिल्म 'जब तक हैं जान' इन्हीं में से एक थी। गुरुवार को इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 13 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर यशराज फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ पुराने सीन्स की तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसके साथ उन्होंने दिल टूटने के एहसास को अपने शब्दों में बयां किया और लिखा, यह एक ऐसी कहानी है जिसमें प्यार, दिल टूटने का दर्द और किस्मत सब कुछ शामिल है। जब तक है जान एक ऐसी कहानी लेकर आई थी जिसने हमें हमेशा के लिए सच्चे प्यार पर यकीन करना सिखाया है। फिल्म 'जब तक है जान' साल 2012 में रिलीज की गई रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन यश चोपड़ा ने किया था और निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मुख्य भूमिका में शाहरुख खान, कैटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा नजर आए थे।

फिल्म को भले ही 13 साल पूरे हो गए हैं, लेकिन इसकी कहानी, किरदार और गाने दर्शकों के दिलों में आज भी उसी तरह से बरकरार हैं। फिल्म के गाने 'छल्ला', 'इश्क शावा', 'जियारे', और 'जब तक है जान' आज भी लोगों को बेहद पसंद आते हैं।





# चुलबुली एक्ट्रेस जूही चावला की लव स्टोरी बेहद दिलचस्प, फिल्म के सेट पर हुई थी पति से पहली मुलाकात

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूही चावला की मुस्कान आज भी फैंस का दिल चुरा लेती है। उनकी अदाकारी के लोग हमेशा से दीवाने रहे हैं। जूही की जिंदगी और करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने हर चुनौती का सामना हिम्मत और धैर्य के साथ किया। उनकी फिल्मी दुनिया में सफलता की कहानी तो है ही, साथ ही उनकी निजी जिंदगी भी कम फिल्मी नहीं है। जूही चावला का जन्म 13 नवंबर 1967 को हरियाणा के अंबाला में हुआ था। मॉडलिंग और एक्टिंग में जूही की दिलचस्पी बचपन से ही थी। 17 साल की उम्र में उन्होंने मिस इंडिया का खिताब जीतकर पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। मिस इंडिया बनने के बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। जूही ने अपने करियर की शुरुआत 1986 में फिल्म 'सल्तनत' से की। हालांकि यह फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन जूही ने हार नहीं मानी और फिल्मों में मेहनत करती रहीं। इसके बाद उन्होंने कुछ समय के लिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया। वहां से अनुभव लेने के बाद उन्होंने फिर बॉलीवुड की ओर रुख किया। उनका असली ब्रेक फिल्म 'कयामत से कयामत तक' में आया। इस फिल्म में उनके साथ आमिर खान थे। इस फिल्म ने जूही को रातों-रात स्टार बना दिया।

इसके बाद जूही ने कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'प्रतिबंध', 'बोल राधा बोल', 'आईना', 'इश्क', 'हम हैं राही प्यार के' और 'डर' जैसी फिल्में शामिल हैं। उनकी फिल्मों में अक्सर उनकी मुस्कान और चुलबुली अदाओं ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया। जूही ने कॉमिक रोल्स में भी अपनी प्रतिभा दिखाई। 'मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी', 'दीवाना मस्ताना' और 'यस बॉस' जैसी फिल्मों में उनके कॉमिक टाइमिंग की खूब तारीफ हुई। जूही की निजी जिंदगी भी बहुत दिलचस्प है। उनकी मुलाकात अपने पति जय मेहता से 1992 में फिल्म 'कारोबार' की शूटिंग के दौरान हुई थी। इस फिल्म में उनके साथ अनिल कपूर थे। उस समय जय मेहता की पत्नी का एक प्लेन हादसे में निधन हो चुका था। शुरुआत में जूही और जय सिर्फ दोस्त थे, लेकिन धीरे-धीरे उनकी दोस्ती गहरी हो गई। जूही ने जय को पहली पत्नी के निधन के सदमे से उबरने में भी साथ दिया। बाद में दोनों ने 1995 में शादी कर ली। उनके दो बच्चे हैं, बेटी जान्हवी और बेटा अर्जुन। जूही चावला ने अपने करियर में कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें दो बार फिल्मफेयर अवॉर्ड मिल चुका है और कई बार बड़े अवॉर्ड्स के लिए नामांकन भी मिला। 'कयामत से कयामत तक' और 'हम हैं राही प्यार के' जैसी फिल्मों के लिए उनकी काफी सराहना हुई। इसके अलावा जूही को उनकी कॉमिक टाइमिंग और परफॉर्मेंस के लिए अलग-अलग अवॉर्ड्स भी मिले।जैसे-जैसे समय बीता, जूही ने फिल्मों से थोड़ी दूरी बनानी शुरू कर दी, लेकिन वह हमेशा समाज सेवा में सक्रिय रहीं।



# सेट पर परफेक्ट शॉट पाने के लिए करनी पड़ती है बहुत मेहनत: रसिका दुग्गल

मिर्जापुर वेब सीरीज में 'बाऊजी' की बहू बीना त्रिपाठी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस रसिका दुग्गल की एक और दमदार सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' नेटफ्लिक्स पर गुरुवार को स्ट्रीम हो गई। क्राइम और थ्रिलर से भरी इस सीरीज में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी भी हैं। इस सीरीज में पुलिस अधिकारी नीतू सिंह का रोल प्ले करने वाली रसिका दुग्गल ने अपने अनुभव को शेयर किया है। रसिका दुग्गल ने बताया कि 'दिल्ली क्राइम 3' के सेट पर उन्होंने फोकस और तकनीक को लेकर बहुत कुछ सीखा। उन्होंने बताया कि कैसे तकनीकी पहलुओं और रचनात्मकता के बीच संतुलन बनाकर एक शॉट को परफेक्ट बनाया जा सकता है। एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैं किसी सेट पर जाती हूं तो सोचती हूं, 'काश उनके पास कोई बहुत अच्छा फोकस करने वाला हो, जिससे शॉट्स को बेहतरीन बनाया जा सके।' मैं हमेशा सेट पर इस बारे में पूछती थी। उन्होंने एक किस्सा शेयर करते हुए बताया कि मैंने एक शो किया था और आखिरी सीन में मुझे रोना था। अगर वह सीन नहीं चलता तो बाकी किरदार भी नहीं चलते। ये सीन एक ट्रैक शॉट था जिसमें आधे सेकंड के लिए फोकस चला गया था। मुझे उसका एक और टेक लेने के लिए कहा और उन्होंने उसके लिए एक सेफ्टी टेक लिया, क्योंकि पहले वाले में थोड़ी सी गड़बड़ी थी। दूसरा शॉट इतना परफेक्ट नहीं था, लेकिन फिर भी निर्देशक ने पहला वाला ही रखा। इस बात को लेकर डीओपी निर्देशक से नाराज हो गए।

उनका कहना था कि तुमने दर्शकों को मेरे काम की घटिया क्वालिटी दिखाई, लेकिन फिर भी वही सीन लिया गया।' कहने का मतलब है कि फोकस और आपसी सहयोग की वजह से शॉट को बेहतरीन बनाया जा सकता है।

रसिका दुग्गल ने कहा कि तकनीशियन मुश्किल से मुश्किल काम को आसान बना देते हैं और शूटिंग के समय किसी भी तरह के तथ्यों को नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता। कुछ सेट ऐसे भी हैं, जहां मुझे यह भी नहीं पता कि फोकस करने वाला कौन शख्स है। मुझे नहीं बताया गया कि किस निशान पर खड़े होना है। यहां से शॉट लेना ज्यादा अच्छा रहेगा या आप थोड़ा इधर-उधर हिल जाओ या निर्देशक आपको यहां देखना चाहते हैं।

# दे दे प्यार दे 2 के रिलीज से पहले सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची रकुल प्रीत

भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान गणेश का सिद्धिविनायक मंदिर सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है, जहां राजनेता से लेकर बॉलीवुड स्टार्स तक को देखा जाता है। अब अपनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' के रिलीज से एक दिन पहले एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह को बप्पा के दरबार में दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी। बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने सोशल मीडिया पर सिद्धिविनायक मंदिर से दर्शन के बाद अपनी फोटोज पोस्ट की हैं। फोटो में रकुल प्रीत येलो आउटफिट में दिख रही हैं और उनके हाथों में फूलों की बड़ी सी माला भी है। रकुल प्रीत ने कैप्शन में लिखा, आशीर्वाद लेने के लिए बप्पा के दरबार में, कल फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' रिलीज हो रही है, प्लीज अपना पूरा प्यार फिल्म को दीजिए, गणपति बप्पा मोरिया।

अब फिल्म रिलीज हो रही है, तो बप्पा का आशीर्वाद लेना भी बहुत जरूरी है। शुक्रवार को एक्ट्रेस की फिल्म अरबाज खान की 'त्रिघोरी' के साथ भिड़ने वाली है। 'त्रिघोरी' एक हॉरर फिल्म है, जिसमें रितुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव भी दिखने वाले हैं।

'दे दे प्यार दे 2' कॉमेडी और रोमांस से भरी फिल्म है, जिसमें रकुल प्रीत सिंह के अलावा अजय देवगन, आर माधवन, जावेद जाफरी और उनके बेटे मीजान जाफरी भी हैं। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है।

रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म पहले दिन अच्छी कमाई करने में कामयाब होगी, क्योंकि फिलहाल पर्दे पर कोई बड़ी फिल्म नहीं है। ऐसे में उसका सीधा फायदा 'दे दे प्यार दे 2' को मिल सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म पहले दिन 8 से 10 करोड़ रुपए के बीच कमाई कर सकती है। इस फिल्म के पहले पार्ट की बात करें तो फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई थी।

पहली फिल्म में रकुल प्रीत और अजय देवगन के एक्सट्रा मैरिटल अफेयर को दिखाया गया था। तब्बू ने एक्टर की पत्नी बनकर जोरदार कॉमेडी की थी। अब 'दे दे प्यार दे 2' से भी दर्शक ऐसी ही उम्मीद कर रहे हैं।



# मालव्य राजयोग से महालक्ष्मी बरसाएंगी मेष, सिंह समेत पांच राशियों पर सुख और लाभ की वर्षा

आज यानी 14 नवंबर दिन शुक्रवार है और आज के स्वामी रहेंगे ग्रह रहेंगे शुक्र और दिन की स्वामिनी हैं माता लक्ष्मी। इस पर आज के दिन चंद्रमा का गोचर सिंह राशि से होगा। ऐसे में आज चंद्रमा और मंगल के बीच चतुर्थ दशम योग बनेगा जिससे आज लक्ष्मी योग प्रभावी रहेगा। साथ ही आज के दिन शुक्रवार को शुक्र ग्रह का गोचर अपनी राशि तुला में होने से मालव्य राजयोग का भी संयोग बन रहा है। और तो और आज पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के संयोग में वैधृति योग,सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग समेत आर्ज शुभ योग भी बने हुए हैं। ऐसे में आज शुक्रवार का दिन महालक्ष्मी की कृपा और मालव्य राजयोग के प्रभाव से मेष, सिंह, तुला, वृश्चिक और कुंभ राशि के जातको के लिए भाग्यशाली और लाभदायक रहेगा।



**मेष राशि** –मेष राशि के जातको के लिए आज शुक्रवार का दिन भौतिक सुख साधन प्रदान करने वाला रहेगा। जो लोग काफी समय से वाहन या सुख साधन खरीदने के लिए प्रयास कर रहे हैं उनको आज सफलता मिलेगी। नौकरी में भी आज का दिन आपका सुखद और अनुकूल बीतेगा। आप अपनी योजना के अनुसार काम पूरा कर पाएंगे। अधिकारीगण आपकी बातों और सुझाव की तारीफ कर सकते हैं। आपको कार्यक्षेत्र में कोई कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। दिन के दूसरे भाग में आपको दोस्तों के साथ मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा। लव लाइफ में आज प्रेमी के साथ वक्त बिताने का भी मौका मिलेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति की मदद से आपकी कोई उलझन सुलझ सकती है।

**उपाय : आपको आज उपाय के तौर पर चावल का दान करना चाहिए, तुलसी को दीप दिखाना चाहिए।**

**सिंह राशि** –सिंह राशि के जातको के लिए आज शुक्रवार का दिन बुद्धि और धैर्य से लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपका भाग्य आज पूरा साथ देगा और आप शत्रुओं की चाल को काटने में सफल रहेंगे। नौकरी में दिन आपका अनुकूल बीतेगा। किसी सहकर्मी की मदद से आपका कोई जरूरी काम पूरा हो सकता है। आप आज कोई नया काम या किसी नए प्रोजेक्ट पर काम की शुरुआत कर सकते हैं। कोई दबी हुई चाहत आपकी पूरी हो सकती है। साथ ही आज आपको कोई उपहार भी मिल सकता है। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं उनको कोई बड़ा मौका मिल सकता है। अगर आपकी माता की सेहत नरम चल रही है तो उनकी सेहत में सुधार हो सकता है।

**उपाय : आज के दिन आपको उपाय के तौर पर श्रीसूक्त का पाठ करना चाहिए, लाल रंग का चंदन लगाना शुभ रहेगा।**

**तुला राशि** – तुला राशि के लिए आज भाग्य उन्नति का अवसर लेकर आया है। आपको आज बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में आज अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। आपको कोई नया प्रोजेक्ट या काम मिल सकता है। आर्थिक रूप से आपकी जेब हरी होगी। आपका पैसा फंसा हुआ है तो आपको अपना धन मिल सकता है। जो जातक आजा अथवा शिक्षा संबंधी काम से जुड़े हुए हैं उनको आज लाभ का विशेष मौका मिलेगा। इस राशि के छात्र शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। आपको वस्त्र और सुख साधन मिलने का भी योग बना हुआ है। आप परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। सगे संबंधियों से मिलने का भी संयोग बनेगा।

**उपाय : आपको आज दिन को अनुकूल बनाए रखने के लिए देवी लक्ष्मी को पान भेंट करना चाहिए और माता से चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लेना चाहिए।**

**वृश्चिक राशि** – आज का दिन वृश्चिक राशि के लोगों के लिए मान सम्मान की वृद्धि करने वाला रहेगा। आप आज परिवार और समाज में प्रतिष्ठा पाएंगे आपको अपनी ऊर्जा और कार्यकुशलता का फायदा मिलेगा। कोई चाहत जो मन में काफी समय से दबी हुई है वह पूरी हो सकती है। राजनीतिक क्षेत्र में आपको सफलता मिल सकती है। आपके द्वारा किए गए किसी काम को लेकर आपकी तारीफ हो सकती है। आपको आपको आज परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप परिवार के साथ किसी शुभ और मांगलिक काम में भाग ले सकते हैं। आपको आज बच्चो की ओर से खुशी मिलेगी। लव लाइफ किसी प्रकार का तनाव चल रहा है तो वह भी दूर हो सकता है। आपको तकनीकी ज्ञान का लाभ मिलेगा। आप आज दोस्तो के साथ पार्टी मनोरंजन का भी आनंद ले पाएंगे।

**उपाय : आप आज उपाय के तौर पर कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें तो बेहतर होगा।**

**कुंभ राशि** – आज का दिन दिन कुंभ राशि के लिए उत्साहवर्धक और अनुकूल रहेगा। आपको आज किसी अप्रत्याशि माध्यम से लाभ मिलने का योग बना हुआ है। सितारे बताते हैं कि आज ग्रहों के शुभ योग से आपको भाग्य का पूरा सपोर्ट मिलेगा। कोई काम जो आपका सरकारी क्षेत्र में फंसा हुआ है वह सफलतापूर्वक पूरा हो सकता है। नौकरी मे आपका सम्मान और प्रभाव बढेगा। आपको किसी मित्र की मदद से कोई काम की जानकारी मिल सकती है। प्रॉपर्टी के काम में आप आज सफलता पाएंगे। कोई अटका हुआ धन भी आपको प्राप्त हो सकता है। धार्मिक यात्रा का संयोग बन सकता है। वैवाहिक जीवन में सुख और सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। आपको जीवनसाथी से उपहार मिलने का भी योग बना हुआ है।

**उपाय : आपको आज उपाय के तौर पर शहद युक्त खीर देवी लक्ष्मी को अर्पित करना चाहिए।**

# पर्स में नहीं टिक रहा पैसा, आमदनी से ज्यादा खर्च से हैं परेशान, अपनाएं ये आसान वास्तु टिप्स

अकसर लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि मेहनत करने के बाद भी उनके पास पैसा नहीं टिक पाता। अच्छी खासी कमाई होने के बाद भी खर्चे इतने बढ़ जाते हैं कि बचत करना नामुमकिन हो जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इसका कारण घर या ऑफिस में कुछ छोटे-छोटे वास्तु दोष होते हैं, जो धन के प्रवाह को रोकते हैं। समय रहते इन दोषों को दूर करने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आ सकता है और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त हो सकती है।

### कुबेर देवता का मनाने के उपाय

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की उत्तर दिशा धन और समृद्धि से जुड़ी होती है, जिसके स्वामी धन के देवता कुबेर हैं। इस क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। उत्तर दिशा में पानी का फव्वारा लगाना बहुत ही शुभ माना जाता है। पानी के फव्वारे से बहता पानी धन के प्रवाह से जुड़ा होता है।

### घर में पौधे लगाने के फायदे

वास्तु शास्त्र में पौधे को जीवन और विकास का प्रतीक माना जाता है। अग्नि तत्व से जुड़े दक्षिण-पूर्व कोने में हरे पौधे लगाने से ऊर्जा का संतुलन बना रहता है और आर्थिक समृद्धि बढ़ती है। घर में रखें सूखे या मुरझाए हुए पौधे समृद्धि में बाधा डाल सकते हैं।

### आर्थिक स्थिति बेहतर करने के उपाय

घर में सीलन या नल से टपकता पानी आपकी आर्थिक स्थिति को बर से बदतर कर सकता है। ऐसे में अपने घर की दीवारों में सीलन या कहीं से पानी टपक रहा हो तो उसे तुरंत ठीक करवाएं। ये आय के स्रोत में बाधा उत्पन्न करता है और हो सकते हैं खर्चे बढ़ने का कारण बनता है।

### धन लाभ के उपाय

घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा सबसे अच्छी दिशा मानी जाती है। वास्तु के अनुसार, लॉकर को इस दिशा में उत्तर दिशा की ओर मुंह करके रखना शुभ माना जाता है। यह उपाय आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि लाने में मदद करती है। घर में विंड चाइम लगाना बेहद ही शुभ माना जाता है। इसकी आवाज नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ता है। इसके साथ ही यह तनाव को कम करता है और मानसिक स्थिरता लाता है। इसके अलावा घर में मनी प्लांट रखने से धन और समृद्धि को आकर्षित होती है।



### रसोई घर के लिए शुभ दिशा

रसोई घर को सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक माना जाता है। यह घर के स्वास्थ्य और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वास्तु के अनुसार, रसोई घर के दक्षिण-पूर्व दिशा में होना चाहिए। ध्यान रखें कि घर की उत्तर दिशा में रसोई घर न बनाएं। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# शुक्रवार को कपूर के आसान उपाय, इन्हें आजमाने से बरसेगी धन की देवी लक्ष्मीजी की कृपा, सारी बाधाएं होंगी दूर

**शुक्रवार का दिन धन की देवी लक्ष्मीजी को समर्पित माना गया है। इस विशेष दिन पर माता की विधि-विधान से पूजा करने से जातक को पैसों की तंगी से छुटकारा मिल सकता है। देवी लक्ष्मी की कृपा होने से व्यक्ति को जीवन में सुख-समृद्धि, सफलता और शांति प्राप्त होती है। वहीं, ज्योतिषशास्त्र में शुक्रवार के लिए कपूर के कुछ आसान उपाय भी बताए गए हैं जिससे जीवन से नकारात्मकता को दूर किया जा सकता है। साथ ही, कार्यों और तरक्की में आ रही बाधाएं भी दूर होने लगती हैं। अगर आप जीवन में एक के बाद एक समस्याओं का सामना कर रहे हैं तो शुक्रवार को कपूर के उपाय आजमा सकते हैं।**



### घर में सुख-शांति और समृद्धि का उपाय

शुक्रवार के दिन शाम के समय माता लक्ष्मी की पूजा करते समय एक कूपर को घी में डुबोकर जरूर जलाएं। इस उपाय को हर शुक्रवार के दिन जरूर आजमाएं। ऐसा करने से जातक को घर में चल रहे तनाव और झगड़ों से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही, घर का माहौल सकारात्मक बना रहता है। कपूर को घी में डुबोकर जलाने से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। साथ ही, साधक का मन भी शांत होता है और तनाव कम होने लगता है।

### सारी बाधाएं दूर करने का उपाय

अगर नौकरी, व्यापार, करियर या जरूर कार्यों में एक के बाद एक आर्ज बाधाओं का सामना कर रहे हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए एक आसान और असरदार उपाय आजमा सकते हैं। इसके लिए शुक्रवार को सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करें। इसके बाद, एक लाल रंग के साफ वस्त्र में दो गुड़हल के फूल और 2 कपूर बांध लें। इस पोटली को माता लक्ष्मी के पास रखें और फिर, विधि-विधान से पूजा-आरती करें। इसके पश्चात शाम को दोबारा देवी लक्ष्मी की पूजा करने के बाद पोटली को उठाकर अपनी तिजोरी या धन रखने वाले स्थान पर रख लें। इसके अलावा, आप इसे अपने कार्यस्थल के दराज में भी रख सकते हैं। इस उपाय को करने से जातक को सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्ति मिल सकती है और बिगड़े हुए काम भी बनने शुरू हो सकते हैं।

### धन और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने का उपाय

शुक्रवार के दिन शाम के समय देवी लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। साथ ही, आरती के समय कपूर का इस्तेमाल भी जरूर करें और कम से कम 108 बार 'ओम ह्रीं श्रीं लक्ष्म्यै नमः' मंत्र का जाप करें। इस उपाय को आजमाने से जातक को धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है और माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। शाम के समय कपूर के साथ आरती करने से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और घर से नकारात्मक ऊर्जा भी दूर होने लगती है। ऐसे में आपको गृह क्लेश से मुक्ति मिल सकती है और घर में आने वाली समस्याएं कम होने लगती हैं। इस उपाय को हर शुक्रवार जरूर करना चाहिए।

### नजर दोष दूर करने का उपाय

आर्ज बार नजर दोष के कारण हमारे बनते हुए काम भी बिगड़ने लगते हैं और जीवन में एक के बाद एक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नजर उतारने और दूर रखने के लिए आप शुक्रवार को कपूर का आसान उपाय कर सकते हैं। इसके लिए एक कूपर और 7 लौंग को अपने ऊपर से सात बार उतारें। अब इसे किसी मिट्टी के बर्तन या दीये में रखकर जला दें और राख को बहते जल में प्रवाहित करें। इस उपाय को करने से नजर दोष दूर हो सकता है और जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है। साथ ही, करियर में तरक्की के नए द्वार खुल सकते हैं।

# हनुमानजी की चाल में फंसी रावण की पत्नी, मिल गया प्रभु राम को रावण की मृत्यु का सामान, और हुआ रावणराज का अंत

भगवान राम और रावण से बीच जिस समय भयंकर युद्ध चल रहा था तब बार बार श्री राम के प्रहार के बाद भी रावण परास्त नहीं हो रहा था। जैसे ही भगवान राम उसपर अपने शस्त्रों से वार करते वैसे ही रावण भयंकर हंसी के साथ रणभूमि में फिर खड़ा हो जाता है। यह सारा दृश्य देखकर भगवान राम और लक्षमण बहुत चिंतित हो उठे। तभी युद्धभूमि में विभीषण ने रावण की मृत्यु से जुड़ा बड़ा रहस्य भगवान राम को बताया। उधर भगवान राम के प्रिय भक्त पवन पुत्र हनुमान के लिए तो एक इशारा ही काफी था और उन्होंने अपनी चतुर बुद्धि से रावण की पत्नी मंदोदरी को ऐसा उलझाया की अपने पति की मौत के शस्त्र का रहस्य हनुमानजी से कह बैठी। हनुमानजी ने तुरंत ही वह शस्त्र लाकर भगवान राम को वो सौंप दिया जिसके प्रहार से रावण का वध और और रावण राज का अंत संभव हो पाया।

### ब्रह्मा जी ने दिया था ये रावण को वरदान

एक बार रावण ने ब्रह्माजी को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की थी। रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने उनसे वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने वरदान में अमरत्व का वरदान मांगा। रावण का वरदान सुनकर पहले तो ब्रह्मजी ने वरदान देने से इनकार कर दिया और कहा कि अमरता का वरदान नहीं दिया जा सकता है। ब्रह्माजी ने रावण को एक और मौका दिया और कहा कि तुम कुछ और वरदान मांग लो। लेकिन, रावण हटी था और वह अपने हट से नहीं हटा और उसी वरदान पर अड़ा रहा। ब्रह्माजी असमंजस में आ गए इसके बाद ब्रह्मा जी ने रावण को एक बाण दिया और उसे कहा कि सिर्फ इस बाण के प्रहार से ही तुम्हारी मृत्यु होगी। इसके अलावा कोई भी अस्त्र शस्त्र के प्रयोग से तुम्हारी मृत्यु नहीं हो पाएगी। रावण ने तुरंत ही वो बाण लेकर अपने राजमहल में अपने सिंहासन के सामने वाली दीवार पर चिनवा दिया। इस बाण के बारे में रावण के अलावा सिर्फ उसकी पत्नी मंदोदरी ही जानती थी।



### मंदोदरी की एक चूक ने ली रावण की जान

जिस समय भगवान राम और रावण के बीच युद्ध चल रहा था उस समय जैसे ही भगवान राम रावण पर प्रहार करते तो उसके सिर और हाथ बार बार निकल आते। उसके जिस भी अंग पर प्रहार होता वह फिर से जिंदा उठा खड़ा होता। तब विभीषण ने भगवान राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत पान है। अगर रावण की नाभि पर वार किया जाए तो वह पराजित हो जाएगा। लेकिन, उसे सिर्फ एक बाण से ही मारा जा सकता है जो ब्रह्माजी ने रावण को दिया है। लेकिन, वह बाण कहां पर है इसकी जानकारी विभीषण को भी नहीं थी।

### पवन पुत्र हनुमान लेकर आए रावण को मारने वाला बाण

रावण को मृत्यु के लिए ब्रह्मा जी का तीर का पता लगाने की जिम्मेदारी पवन पुत्र हनुमानजी को दी गई। हनुमान जी तुरंत ही लंका पहुंचे और ज्योतिष का रूप धारण कर लिया। जब लंका में चर्चा हुई की कोई बहुत ही विद्वान ज्योतिष आए है तो रावण की पत्नी मंदोदरी ने ज्योतिष को आमंत्रित किया । मंदोदरी ज्योतिष से अपना भविष्य जानना चाहती थी। ज्योतिष का रुप धारण करके आए हनुमानजी मंदोदरी को अपनी बातों में उलझाने लगे और मंदोदरी से बातों ही बातों में ब्रह्मा जी के उस बाण का जिक्र कर दिया और कहा कि उस बाण से रावण पर कोई बड़ा संकट आ सकता है। मंदोदरी तुरंत ही कहती है कि ऐसा नहीं हो सकता है। वह तीर सुरक्षित स्थान पर ही । हनुमान जी मंदोदरी से बातों में बातों में बाण का पता लगा ही लेते हैं। हनुमान जी मंदोदरी से कहते हैं कि तुम उस तीर के बारे में किसी को कुछ मत बताना तब मंदोदरी कहती है कि वह तो एकदम सुरक्षित स्थान पर है। सिंहासन के सामने वाली दीवार के अंदर बाण रखा हुआ है। हनुमानजी के लिए यह इशारा ही काफी था वह तुरंत ही उस खंभे के पास पहुंचे और एक ही मुक्के से वह खंभा तोड़कर बाण ले लिया और प्रभु राम को ले जाकर सौंप दिया। उसी बाण से भगवान राम ने रावण का वध कर दिया। इस तरह से मंदोदरी की एक भूल से रावण का वध संभव हो पाया और इस तरह हुआ रावण राज का अंत।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको धन लाभ तो हो सकता है लेकिन इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। आपके माता–पिता की सेहत चिंता और घबराहट का कारण बन सकती है। इस राशि के छात्र–छात्राएं आज अपने कीमती समय का दुरुपयोग कर सकते हैं। आप मोबाइल या टीवी पर आवश्यकता से अधिक समय जाया कर सकते हैं। लगता है कि आपका जीवनसाथी आज बहुत ख़ुश है। आपको सिर्फ़ वैवाहिक जीवन से जुड़ी उसकी योजनाओं में मदद करने की ज़रूरत है। परन्तु परेशान न हों, क्योंकि काम करके आप अपने अनुभव को और बढ़ा सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

इस राशि के बड़े कारोबारियों को आज के दिन बहुत सोच समझकर पैसा निवेश करने की जरुरत है। घर में किसी भी तरह का बदलाव करने से पहले अपने बड़ों की राय लें, नहीं तो वे आपसे नाख़ुश और नाराज़ हो सकते हैं। बिजली कटौती या फिर किसी अन्य वजह से आपको सुबह तैयार होने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन जीवनसाथी की ओर से इससे निबटने में काफ़ी मदद मिलेगी। जिन दोस्तों से अरसे से मुलाक़ात नहीं हुई है, उनसे मिलने के लिए सही समय है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आप उन योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। सामाजिक उत्सवों में सहभागिता का मौक़ा है, जो आपको प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क में लाएगा। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शोकों को पूरा करने में कर सकते हैं। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं या अपना पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं। आपके जीवनसाथी का आन्तरिक सौन्दर्य बाहर भी पूरी तरह महसूस होगा। किसी भी काम को करने से पहले यह जान लें कि इसका परिणाम आपके ऊपर कैसा पड़ेगा।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

सेहत को लेकर ज़्यादा देखभाल की ज़रूरत है। अगर आप आय में वृद्धि के स्रोत खोज रहे हैं, तो सुरक्षित आर्थिक परियोजनाओं में निवेश करें। पैसा, प्यार, परिवार से दूर होकर आज आप आनंद की तलाश में किसी आध्यात्मिक गुरु से मिलने जा सकते हैं। आपके जीवनसाथी का मिज़ाज आज बढ़िया है। आपको कोई सरप्राइज़ मिल सकता है। आज कोई उलझन आपको दिन भर तंग कर सकती है। इस उलझन को दूर करने के लिए आपको अपने घर वालों से बात करनी चाहिए।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

ख़ास लोग ऐसी किसी भी योजना में रुपये लगाने के लिए तैयार होंगे, जिसमें संभावना नज़र आए और विशेष हो। आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा। आज के दिन आपके कुछ दोस्त आपके घर में आ सकते हैं ।अपने साथी पर किया गया संदेह एक बड़ी लड़ाई का रूप ले सकता है। यात्रा पर किसी हसीन अजनबी से मुलाकात आपको अच्छे अनुभव करा सकती है। संयमपूर्वक अपनी योजना को अन्तिम रुप दें।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

परिवार के किसी सदस्य के बीमार पड़ने की वजह से आपको आर्थिक परेशानी आ सकती है, हालांकि इस वक्त आपको धन से ज्यादा उनकी सेहत की चिंता करनी चाहिए। आपकी निजी ज़िंदगी के बारे में दोस्तों से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज लोग आपकी वह प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। वैवाहिक सुख के दृष्टिक–ोण से आज आपको कुछ अनोखा उपहार मिल सकता है। किसी को काम देने से पहले उस काम के बारे में आपको खुद भी जानकारी एकत्रित कर देनी चाहिए।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर पर अपना खाली समय बिता सकते हैं। जीवन साथी की किसी बात को गंभीरता से न लेने की स्थिति में विवाद हो सकता है। कारोबारी में मुनाफ इस राशि के कारोबारियों के लिए आज सुनहरे सपने के सच होने जैसा होगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

सेहत से जुड़े कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने के लिए अच्छा दिन है। प्रोपर्टी से जुड़े लेन–देन पूरे होंगे और लाभ पहुँचाएंगे। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन ख़ुशनुमा कर देंगे। सैर–सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा। अपने व्यक्तित्व और रंग–रूप को बेहतर बनाने का कोशिश संतोषजनक साबित होगी। यह समय जीवन में आपको वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द देगा। आज आप बच्चों के साथ बच्चों के जैसा ही व्यवहार करेंगे जिससे आपके बच्चे सारे दिन आपसे चिपके रहेंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

दाँत का दर्द या पेट की तक़लीफ़ आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। आपका लापरवाह रवैया आपके माता–पिता को दुःखी कर सकता है। कोई भी नयी परियोजना शुरू करने से पहले उनकी राय भी जान लें। अपने प्रिय को समझने की कोशिश करें, नहीं तो मुश्किल में फँस सकते हैं। लोगों के साथ बात करने में आज आप अपना बहुमूल्य समय बर्बाद कर सकते हैं। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। आपके किये गये कामों को आज आपके सीनियर्स के द्वारा सराहा जाएगा जिससे आपके चेहरे पर भी मुस्कान दौड़ जाएगी।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आपका रूखा बर्ताव आपके जीवनसाथी का मूड ख़राब कर सकता है। आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपने तयशुदा बजट से दूर न जाएँ। अपने परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों पर ध्यान देना आज आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। रोमांचक दिन है, क्योंकि आपका प्रिय आपको तोहफ़े/उपहार दे सकता है। आज आप अपने जीवनसाथी को सरप्राइज दे सकते हैं, अपने सारे कामों को छोड़कर आज आप उनके साथ वक्त बिता सकते हैं। यह समय जीवन में आपको वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द देगा। आज का दिन तनाव से मुक्त रहने की कोशिश करें, इसलिए आराम करने पर ज़ोर दें।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

बच्चों के साथ आप सुकून पाएंगे। बच्चों की यह क्षमता क़ुदरती है और न केवल आपके परिवार के बच्चों में, बल्कि हर बच्चे में यह गुण होता है। वे आपको सुकून और राहत दे सकते हैं। सट्टेबाज़ी से फ़ायदा हो सकता है। आज काम तनावभरा और थकाऊ होगा, लेकिन दोस्तों का साथ आपको ख़ुशमिज़ाज और ज़िंदादिल बनाए रखेगा। आज के दिन अपने प्रिय की भावनाओं को समझें। आपको और आपके जीवनसाथी को कोई बहुत सुखद ख़बर सुनने को मिल सकती है। आज आप किसी दोस्त या करीबी रिश्तेदार से अपने दिल के गम साझा कर सकते हैं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

सेहत से जुड़े कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने के लिए अच्छा दिन है। पैसे कमाने के नए मौक़े मुनाफ़ा देंगे। आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे। वक्त से हर काम को पूरा करना ठीक होता है अगर आप ऐसा करते हैं तो आप अपने लिए भी वक्त निकाल पाते हैं। अगर आप हर काम को कल पर टालते हैं तो अपने लिए आप कभी समय नहीं निकाल पाएंगे। आज आप बच्चों के साथ बच्चों के जैसा ही व्यवहार करेंगे जिससे आपके बच्चे सारे दिन आपसे चिपके रहेंगे।

## आज का पंचांग

दिनांक : 14 नवंबर 2025 , शुक्रवार
विक्रम संवत : 2082
मास : मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष
तिथि : दशमी रात्रि 12:51 तक
नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी रात्रि 09:21 तक
योग : ऐन्द्र प्रातः 06:26 तक
करण : वणिज दोपहर 12:09 तक
चन्द्रराशि : सिंह रात्रि 03:51 तक
सूर्योदय : 06:20, सूर्यास्त 05:40 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:17, सूर्यास्त 05:50 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:11, सूर्यास्त 05:41 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:10, सूर्यास्त 05:33 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चंचल : 06:00 से 07:30
लाभ : 07:30 से 09:00
अमृत : 09:00 से 10:30
शुभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : प्रातः 10:30 से 12:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : दूध पीकर यात्रा करें
दिन विशेष : भद्रा दोपहर 12:08 से रात्रि 12:50 तक , बाल दिवस , नेहरू जयंती

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# अधिकारी आम जनता द्वारा ऐप पर भेजी शिकायतों को पूर्ण समाधान के बाद ही करे बंद : सैनी



**चण्डीगढ़, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'म्हारी सड़क ऐप' की कुछ शिकायतों को बिना पूर्ण निवारण के बंद करने और शिकायतों का ठीक से निपटान न करने को लेकर विभिन्न विभागों के सम्बंधित 19 कार्यकारी अभियंताओं पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इनमें पीडब्ल्यूडी के 2, एचएसएएमबी के 6, एसए–सआईआईडीसी के 2, जिला परिषद का 1, यूएलबी के 5 और एसएसवीपी के 3 कार्यकारी अभियंता शामिल है। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिए कि जो ठेकेदार तैय समय सीमा में शिकायतों का निवारण नहीं कर रहे हैं, संबंधित विभाग उनके खिलाफ भी कार्यवाही करे। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश 'म्हारी सड़क ऐप' पर आई शिकायतों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो भी कार्य दिया जाता है या लोगों की कोई शिकायत आती है तो उसका समाधान धरातल पर शत प्रतिशत दिखना चाहिए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी आम जनता द्वारा ऐप पर भेजी गई सड़कों की शिकायतों के पूर्ण समाधान के बाद ही शिकायत को बंद करे, यदि किसी शिकायत को संबंधित अधिकारी ने बिना समाधान के बंद किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। साथ ही, प्रदेश की सड़कों पर सफेद पट्टी व साइन बोर्ड लगवाने भी सुनिश्चित किए जाए।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि म्हारी सड़क एप पर शिकायत आते ही उसको तय समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि जनता को किसी भी परेशानी का सामना न करना पडें। यदि कोई सम्बंधित अधिकारी शिकायत का समय पर समाधान नहीं करता या गलत जानकारी देता है तो उसके खिलाफ सम्बंधित विभाग सख्त कार्यवाही करे।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि म्हारी सड़क ऐप की जानकारी और डाउनलोड करने के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा विभिन्न माध्यमों से जागरूक करे, ताकि सड़क से सम्बंधित समस्या को लेकर वें ऐप को उपयोग कर सकें। इसके अलावा, सडकों के गड्ढों को ठीक प्रकार से भरा जाए, इसको लेकर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि छोटी व बड़ी शिकायतों का अलग–अलग वर्गीकरण कर तय समय सीमा में निस्तारण करना भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ऐप पर जो नागरिक गड्ढों की फोटो डालकर जानकारी देता है तो उससे बात करना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंनें ऐप के सम्बंध में फील्ड में कार्यरत अधिकारियों को प्रशिक्षण भी देने के निर्देश दिए है ताकि उन्हें ऐप के संचालन की सही जानकारी मिल सके। इसके अलावा, जिस विभाग की सड़क़ों की मैपिंग अभी तक पूरी नहीं हुई वे मैपिंग का कार्य भी जल्द करे। इससे भविष्य में उस सड़क पर कार्य करना आसान होगा। इसके अतिरिक्त, ऐप पर एक सेल अलग से बनाकर एनएच की सडकों की शिकायतों को उस पर डाला जाए।

इस अवसर पर बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, नगर एवं ग्राम आयोजना तथा शहरी संपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, मुख्यमंत्री प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा ने वोट चोरी कर जनादेश की आवाज को दबा की गद्दी चोरी : राव नरेंद्र सिंह



**अंबाला, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा ने वोट चोरी करके जनादेश की आवाज को दबाकर गद्दी चोरी की है। प्रदेश कांग्रेस, भाजपा की वोट चोरी की सच्चाई हर गांव, हर बूथ, हर घर और आमजन तक पहुंचाएगी, क्योंकि लोकतंत्र कभी बिक नहीं सकता है, जनता झुक नहीं सकती है और कांग्रेस कभी रूक नहीं सकती है। लड़ाई कठिन है, लेकिन हर वर्ग को साथ लेकर कांग्रेस वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह गुरुवार को अंबाला में वोट चोर–गद्दी छोड़ अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर अंबाला लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने प्रदेशाध्यक्ष का फूल–मालाओं के साथ स्वागत किया। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान कार्यक्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए एकजुटता के साथ वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई लड़ने का आह्वान किया और कहा कि अंबाला वह पवित्र धरती है, जहां पर 1857 में आजादी की पहली चिंगारी निकली थी। यह, वही अंबाला है, जहां पर सिपाहियों ने कहा था कि अब उन्हें गुलामी नहीं आजादी चाहिए। उसी धरा से आज एक नई आवाज उठेगी और वह वोट की लूट नहीं, लोकतंत्र चाहिए की होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते हैं कि लोकतंत्र की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है, कांग्रेस का इतिहास लड़ने का रहा है।

उन्होंने संविधान की प्रति लहराते हुए कहा कि संविधान की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होना होगा, क्योंकि संविधान निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों का बड़ा योगदान रहा है। इसलिए संविधान की रक्षा करना हम सबका दायित्व बनता है।कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव के बाद वर्ष 2024 में आए एग्जिट पोल में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही थी। एग्जिट पोल में कांग्रेस की 60 से 62 सीटें दिखाई गई, यही नहीं पोस्टल बेल्ट के नतीजे भी कांग्रेस के पक्ष में थे। पोस्टल बेल्ट में कांग्रेस की 77 सीटें थी। पिछले चार चुनावों का इतिहास उठाकर देखें तो जिस पार्टी को पोस्टल में बढ़त मिलती है, वही सरकार बनाती है।

### वोट के लिए राशन कार्ड घोटाला

# कांग्रेस ने हरियाणा सरकार को घेरा किसानों को लूटने का लगाया आरोप



**चंडीगढ, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस विधायक दल ने राज्य की भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संवैधानिक जिम्मेदारी के घोर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए आज राज्यपाल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्रसिंह हुड्डा और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में प्रदेश की गंभीर परिस्थितियों, जिसमें किसानों की बर्बादी, धान खरीद घोटाला, बढ़ते अपराध और राशन कार्ड घोटाले शामिल हैं, पर तत्काल संज्ञान लेने का अनुरोध किया गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने किसानों को हुए नुकसान, भ्रष्टाचार और आम नागरिक की सुरक्षा जैसे प्राथमिक दायित्वों की पूर्णतः उपेक्षा की है। वोटों के लिए राशन कार्ड घोटालाः ज्ञापन में सबसे गंभीर आरोप राशन कार्ड घोटाले को लेकर लगाया गया है। कांग्रेस ने दावा किया कि 2024 के चुनावों से पहले सरकार ने लाखों लोगों को रातों–रात BPL घोषित करके उनके राशन कार्ड बनाए और मुफ्त अनाज का लालच देकर उनके वोट हासिल किए। हालांकि, चुनाव के तुरंत बाद, लाखों लोगों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं।

# बहुमंजिला बिल्डिंगों में निर्माण के समय ही प्राकृतिक गैस ढांचागत के लिए समन्वित प्रयास : टी. रविकान्त



**जयपुर, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** राज्य में हरित और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए बहुमंजिला बिल्डिंगों के निर्माण के समय ही पाइपलाईन से घरेलू गैस सुविधा डीपीएनजी उपलब्ध कराने की ढांचागत सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्माताओं से सीजीडी संस्थाएं समन्वय बनाएगी। प्रमुख शासन सचिव खान, भूविज्ञान एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने 17 भौगोलिक क्षेत्रों में कार्य कर रही 13 सीजीडी संस्थाओं को भवन निर्माताओं से भी समन्वय बनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है। पर्यावरण प्रदूषण से राहत के लिए हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना समय की मांग है और इसके लिए सीजीडी संस्थाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी तरीके से पाइपलाईन से घरेलू गैस के सुरक्षित, प्रदूषणमुक्त, 24 गुणा 7 उपलब्धता, स्वच्छ ईंधन आदि लाभों की प्रभावी तरीके से जानकारी पहुंचानी होगी। इसके लिए सीजीडी संस्थाओं को अवेयरनेस कार्यक्रम भी चलाने होंगे। प्रमुख सचिव टी. रविकान्त गुरुवार को खनिज भवन में राज्य की सीजीडी संस्थाओं की प्रगति और सीजीडी सुविधा विस्तार के संबंध में बैठक ले रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 4 लाख 82 हजार परिवारों को पाइपलाईन से घरेलू गैस सुविधा से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही वाहनों को हरित उर्जा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में 491 सीएनजी स्टेशनों से सीएनजी उपलब्ध कराई जाने लगी है। सीजीडी संस्थाओं को अपने जीए क्षेत्र में संरचनात्मक ढांचा विकसित करने के कार्य में तेजी लानी होगी वहीं घरेलू के साथ ही औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी सेवाओं से जोड़ने के ठोस प्रयास करने होंगे।

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा



**भीलवाड़ा, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जिले में 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार एवं शनिवार को नगर निगम टाउनहॉल में जिला स्तरीय प्रदर्शनी, अमृता हाट तथा शोभायात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का जायजा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी ने लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध रूप से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। भाटी ने आयोजन स्थल पर मंच, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग एवं सुरक्षा संबंधी तैयारियों का निरीक्षण किया तथा उपस्थित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा एवं गौरव को प्रदर्शित करने का माध्यम बनेगा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, जनसंपर्क अधिकारी रविन्द्र वैष्णव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने किया नगर व सीकरी का औचक निरीक्षण

**डीग, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने गुरुवार को जिले में चल रहे कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए पंचायत समिति नगर और तहसील सीकरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी कार्यों में और गति लाए। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ से सीधे संवाद किया और गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बीएलओ को फॉर्म ऑनलाइन भरने में हरसंभव तकनीकी सहायता प्रदान करें और यह सुनिश्चित करें कि अधिकाधिक मतदाताओं से ऑनलाइन फॉर्म भरवाए जाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी उत्सव कौशल ने पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को काम पूरा करने का स्पष्ट लक्ष्य दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि गणना प्रपत्र वितरण का कार्य शत–प्रतिशत पूरा किया जाए। इसके साथ ही, अब तक जितने भी प्रपत्र एकत्रित हो चुके हैं, उनका डिजिटाइजेशन भी पूरा करवाया जाए। उन्होंने ईआरओ और एईआरओ–वार प्रपत्र वितरण और डिजिटाइजेशन की प्रगति रिपोर्ट की निरंतर निगरानी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ और एईआरओ अपने–अपने कार्यालय की डिजिटाइजेशन टीम के साथ नियमित रूप से बैठक लेकर उनके कार्यों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करें। डिजिटाइजेशन में सभी प्रविष्टियां सही भरी जाएं और कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसमें त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए।

# अंता विधानसभा उपचुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना आज

**जयपुर, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** अंता विधानसभा उपचुनाव के तहत शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतगणना सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जाएगी। इसमें 14 टेबलों पर 20 राउंड में ईवीएम मशीनों से मतों की गिनती की जाएगी। चुनाव में कुल 271 ईवीएम मशीनों को उपयोग में लिया गया है। मतगणना में डाक मतपत्रों के मतों की गिनती भी की जाएगी। चुनाव में कुल 15 अभ्यर्थियों के लिए वोट डाले गए हैं। मतगणना के दौरान त्रि–स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना केन्द्र पर प्रवेश सुबह 7:30 बजे तक रहेगा तथा मोबाइल फोन और धूम्रपान सामग्री ले जाना निषिद्ध रहेगा। मतगणना की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन



अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी तोमर ने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश व्यवस्था, स्ट्रॉन्ग रूम, मीडिया सेंटर, पार्किंग, बिजली एवं संचार व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के निर्देशन में ही मीडिया कवरेज की जाएगी। मतगणना हॉल में सीसीटीवी कैमरे, मीडिया कवरेज सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि मतगणना स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी तथा केवल अधिकृत पासधारी व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। मोबाइल फोन का उपयोग केवल मीडिया सेंटर में ही अनुमत रहेगा। निरीक्षण के दौरान एडीएम भंवर लाल जनागल, एडीएम जबर सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी, रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे

# 2047 तक यूपी बनेगा विकसित राज्य

# कृषि क्षेत्र से 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान का लक्ष्य : शाही



**लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है। यह संकल्प नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से पूरा होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह बात आज कृषि भवन में विकसित उत्तर प्रदेश-2047 विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख भी उपस्थित रहे।2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का है।नागरिकों की भागीदारी से समृद्ध, समान व सम्मानित राज्य का निर्माण होगा।श्री शाही ने कहा,कृषि विभाग 17 नवम्बर को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में जन संवाद एवं विचार मंथन कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।नीतिआयोग से परामर्श लेकर कृषि विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा।उन्होंने बताया कि देश की कुल कृषि भूमि में अकेले यूपी की11 फीसदी भागीदारी है।देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में यूपी का 21.58 प्रतिशत योगदान है। गेहूँ, चावल, गन्ना और आलू उत्पादन में यूपी अव्वल है।बाजरा, मसूर, राई और सरसों में द्वितीय तथा दलहन उत्पादन में चतुर्थ स्थान पर है।आलू उत्पादन 244.65 लाख मीट्रिक टन है जो देश में 40.7 प्रतिशत योगदान करता है।सब्जियों का उत्पादन 423.54 लाख मीट्रिक टन है जो देश में 19.3 प्रतिशत योगदान करता है।दुग्ध उत्पादन 414 लाख मीट्रिक टन है जो देश में 16.2 प्रतिशत योगदान करता है।मछली उत्पादन 1330 लाख मीट्रिक टन है जो देश में 8 प्रतिशत योगदान करता है।कृषि सेक्टर की सकल राज्य मूल्य संवर्धन जीएसवीए 2016-17 में 2 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 4.37 लाख करोड़ रुपए हो गई है।उन्होंने कहा कि बजलवायु संरक्षित खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।बीहड़, बंजर और ऊसर भूमि के सुधार पर बल दिया जाएगा।प्रमाणित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी।कृषि निर्यात और मूल्य संवर्धन को बढ़ाने पर जोर रहेगा।वर्ष 2047 तक कृषि क्षेत्र से 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान सुनिश्चित करने का लक्ष्य है।नवाचार, जलवायु अनुकूल प्रजातियों और आधुनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ाया जाएगा।फसल सघनता वर्तमान 182 प्रतिशत से बढ़ाकर 250 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है।सिंचाई प्रबंधन, फसल नियोजन और गुणवत्ता निवेश से कृषि भूमि का अधिकतम उपयोग किया जाएगा।धान की उत्पादकता 30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 45 क्विंटल करने का लक्ष्य।गेहूँ की उत्पादकता 41 से बढ़ाकर 55 क्विंटल प्रति हेक्टेयर करने का लक्ष्य है।मक्का उत्पादकता 29 से बढ़ाकर 70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है।दलहन की उत्पादकता 12 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तिलहन की उत्पादकता 13 से बढ़ाकर 22 क्विंटल प्रति हेक्टेयर करने का लक्ष्य है।मृदा में जीवांश कार्बन स्तर 0.3 से बढ़ाकर 1.0 तक करने की योजना है।कृषि मंत्री ने बताया कि हरी खाद, कम्पोस्ट और जैव उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।उत्तर प्रदेश की 30 लाख हेक्टेयर बंजर और ऊसर भूमि को कृषि योग्य बनाया जाएगा।इस भूमि पर दलहन, तिलहन और अन्य फसलों का उत्पादन किया जाएगा।ग्रामीण आजीविका और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा।प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत को आधुनिक कृषि मशीनरी से संतृप्त किया जाएगा। 75 प्रतिशत कृषि मशीनीकरण किया जाएगा। एआई आधारित उपकरण, ट्रेंच प्लांटर्स और सटीक यंत्रों का उपयोग बढ़ेगा।जेंडर फ्रेंडली और कम लागत वाले कृषि यंत्रों को बढ़ावा दिया जाएगा।गन्ने में सहफसली खेती को प्रोत्साहन दिया जाएगा।गन्ने के साथ सरसों, धनिया, मसूर, उड़द और मूंग की सहफसली खेती लगभग 14.5 लाख हेक्टेयर में की जाएगी।आगामी पांच वर्षों में प्रदेश में पांच बीज पार्क स्थापित किए जाएंगे। इसके बाद अन्य चार बीज पार्क स्थापित किएजाएंगे।कृषि वानिकी को हर खेत में मेंड़, हर मेंड़ पर पेड़ अभियान से जोड़ा जाएगा।पॉपुलर, मिलिया डुबिया, आस्ट्रेलियन टीक, महोगनी और किरि ट्री जैसे पौधों का रोपण किया जाएगा।किसानों की आय तीन गुना करने के लिए उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा।एफपीओ के माध्यम से निर्यात के अवसरों का विस्तार किया जाएगा।आधुनिक तकनीक से कृषि की उत्पादकता बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि की जाएगी।20 प्रतिशत फसल विविधीकरण का लक्ष्य रखा गया है।मक्का, दलहन, तिलहन और सुगंधित फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।मक्के का क्षेत्र बढ़ाकर लगभग 50 लाख हेक्टेयर किया जाएगा।कीटनाशी रसायनों के उपयोग में 25 प्रतिशत कमी की जाएगी।

## गन्ने में सहफसली खेती को दिया जाएगा प्रोत्साहन
## पांच वर्षों में स्थापित किए जाएंगे पांच बीज पार्क

प्राकृतिक खेती और जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा दिया जाएगा।एआई, ड्रोन और रिमोट सेंसिंग आधारित एग्री-डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा।किसानों को रीयल टाइम मौसम जानकारी और प्रिसीजन फार्मिंग टूल्स उपलब्ध कराए जाएंगे।ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम आधारित सूचनाएं किसानों को दी जाएंगी।एआई आधारित कीट निगरानी प्रणाली से फसल रोगों की रोकथाम होगी।सूक्ष्म सिंचाई यानि ड्रिप व स्प्रिंकलर प्रणाली का विस्तार किया जाएगा।सूक्ष्म सिंचाई का कवरेज 50 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।

निजी नलकूपों को सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा।बायोगैस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।जलवायु अनुकूल नई फसल प्रजातियों का विकास किया जाएगा।चिया, रामदाना, क्विनोआ और मखाना जैसी उच्च मूल्य स्वास्थ्य फसलों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।इन फसलों का क्षेत्र पांच लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया जाएगा।कृषि नवाचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे।अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों की तर्ज पर वैश्विक कृषि शोध संस्थान स्थापित किए जाएंगे।निर्यात और प्रसंस्करण उन्मुख क्लस्टर विकसित किए जाएंगे।किसानों को फसल बीमा के अंतर्गत अधिकतम कवरेज सुनिश्चित किया जाएगा।क्षतिपूर्ति समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।नवीनतम कृषि तकनीकों के लिए किसानों को प्रशिक्षण व एक्सपोजर विजिट कराई जाएगी।वर्ष 2047 तक कृषि क्षेत्र से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि को टिकाऊ, लाभकारी और तकनीक आधारित बनाने का लक्ष्य है।

### मुख्यमंत्री ने किया जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ

# बिरसा मुंडा ने दिया था अपना देश, अपना राज्य' का अमर संदेश : योगी



**लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

लोकनायक धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में छह दिवसीय 13 से18 नवंबर तक जनजातीय भागीदारी उत्सव की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण असीम अरुण की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने ढ़ोल की थाप से कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से 1 नवंबर से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है ताकि जनजाति समुदाय को अपनी परंपरा, संस्कृति, व्यंजन, कला और संगीत आदि पर गर्व की अनुभूति हो। लखनऊ में आयोजन सांस्कृतिक समागम का बड़ा उत्सव है। पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश हमारा सहभागी बना है। देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजाति समुदाय के लोगों द्वारा यहां लगी प्रदर्शनी, स्टॉल पर सजे सामान और साहित्य उनके प्यार, सम्मान व अपनी संस्कृति के प्रति उनके जुड़ाव को दर्शाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा ने महज 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी और अपना देश, अपना राज्य का अमर संदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा यह वर्ष इतिहास के सुनहरे अध्यायों से आलोकित हो रहा है। तीन महान अवसरों की 150वीं जयंती का साक्षी बन रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की अदम्य वीरता, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की राष्ट्रनिर्माण की दृष्टि और 'वंदे मातरम' के अमर राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ, तीनों मिलकर इस वर्ष को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने महज 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी और अपना देश, अपना राज्य का अमर संदेश दिया था।

मुख्यमंत्री ने 22 राज्यों से लखनऊ पधारे करीब छह सौ कलाकारों का अभिनन्दन और स्वागत किया।भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ में शुरू हुए जनजातीय भागीदारी उत्सव में देशभर के लोक कलाकारों और जनजातीय प्रतिनिधियों के उत्साहपूर्ण समागम के बीच उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सभी राज्यों से आए कलाकारों का हार्दिक स्वागत और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश 15 नवंबर को मुंडा जनजाति के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वनटांगिया, वनवासी, घुमंतू समाज आदि के उत्थान के कार्य होते रहे हैं। इसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री स्वयं उनके बीच जाकर दीपावली एवं अन्य त्योहार मनाने उस समाज के बीच जाते हैं। प्रदेश सरकार जनजाति समाज के अधिकारों, जमीनों के मालिकाना हक़, व्यक्तिगत समस्या के समाधान और समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का निरंतर प्रयास करती रही है, जिसमें सफलता भी मिली है। हमारी सरकार जनजाति समाज की सांस्कृतिक धरोहर संरक्षित करने का लगातार प्रयास कर रही है। बलरामपुर के इमिलिया कोडर गांव में थारू जनजाति का संग्रहालय निर्माण इसका जीता-जागता प्रमाण है।

इसी क्रम में 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर मुख्यमंत्री जनजातीय बाहुल्य जिला सोनभद्र में स्वयं उपस्थित रहकर समाज को संदेश देंगे।राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने कहा जनजातीय भागीदारी उत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि भारत की सामासिक संस्कृति का जीवंत प्रतीक है, जहां विभिन्न जनजातियों के रहन-सहन, परंपरागत शिल्प, लोककला, लोक संगीत, और खानपान की विशिष्टता एक मंच पर प्रदर्शित हो रही है। जनजातीय समाज की वन संस्कृति, प्रकृति के प्रति आस्था, सामाजिक सहयोग की परंपरा और आत्मनिर्भर जीवनशैली इस आयोजन की आत्मा है।

उन्होंने जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए खुल रहे एकलव्य और सर्वोदय स्कूलों के लिए सरकार का आभार जताया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री को विभिन्न राज्यों के स्टॉलों का निरिक्षण करवाया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जनजातीय भागीदारी उत्सव में विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, उपाध्यक्ष बेचन राम और अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण विभाग एल वेंकटेश्वर आदि उपस्थित रहे।

# विहिप नेता को जेल भिजवाने वाली एडीएम ऋतु पूनिया पर गिरी गाज



**लखनऊ/पीलीभीत, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** विश्व हिंदू परिषद विहिप के संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ को जेल भेजने के मामले में पीलीभीत की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया को उनके पद से हटा दिया गया है। शासन स्तर से की गई इस कार्रवाई के तहत, ऋतु पूनिया को लखनऊ मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है।

उनकी जगह प्रसून द्विवेदी को जिले का नया एडीएम वित्त एवं राजस्व बनाया गया है। प्रसून द्विवेदी मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी के पद पर तैनात थे।यह कार्रवाई विहिप नेता प्रिंस गौड़ को जेल भेजे जाने के बाद जिलेभर में फैले हिंदू संगठनों के कड़े विरोध के बाद हुई है।विहिप नेता प्रिंस गौड़ ने शहर की एक निर्माणाधीन कॉलोनी में बनाई जा रही मजार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। प्रिंस गौड़ ने एडीएम ऋतु पूनिया पर कॉलोनाइजर को संरक्षण देने और उनके पति के लिए ठेके दिलवाने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए बरेली मंडलायुक्त से शिकायत की थी। शिकायत पर जब कमिश्नर ने एडीएम से जवाब मांगा, तो ऋतु पूनिया नाराज हो गईं। उन्होंने विहिप नेता प्रिंस गौड़ के खिलाफ रंगदारी और सरकारी कार्य में बाधा जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया।पुलिस ने 8 नवंबर को विहिप नेता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जिसके बाद जिलेभर के हिंदू संगठनों में गुस्सा फैल गया।जेल भेजे जाने के तुरंत बाद प्रिंस गौड़ की शनिवार रात अचानक तबीयत बिगड़ गई और उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ा। विहिप के प्रांतीय पदाधिकारियों ने इस कार्रवाई को द्वेषपूर्ण और हिंदू नेता को नीचा दिखाने के उद्देश्य से की गई राजनीतिक कार्रवाई बताया था।11 नवंबर को विहिप संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ को सीजेएम कोर्ट से जमानत मिल गई। विवेचना के दौरान साक्ष्य के अभाव में कई गंभीर धाराओं को हटा दिया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें राहत दी।

जेल से बाहर आने पर प्रिंस गौड़ ने कहा था कि निस्वार्थ सेवा का उन्हें परिणाम भुगतना पड़ा, और अधिकारियों की जो मंशा थी, वह पूरी हो गई।वहीं एडीएम ऋतु पूनिया ने खुद पर लगे आरोपों का खंडन करते हुए सफाई दी थी कि प्रिंस गौड़ फर्जी शिकायतों के माध्यम से मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर धन उगाही करने की कोशिश कर रहे थे।उन पर लगाए गए आरोप झूठे थे।

## बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें हेतु 125.70 लाख़ स्वीकृत

**लखनऊ, 13 नवम्बर (एजेंसियां)।**

प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवाओं के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ 25 लाख 70 हजार मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को योजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

### एसआईआरडी मे विभिन्न विषयो पर विशेषज्ञ दे रहे प्रशिक्षण

# अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर बनाया जा रहा और अधिक दक्ष व सक्षम

**लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ में सरकारी, अर्धसरकारी विभाग,संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब द्वारा संस्थान के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू व प्र. अपर निदेशक सुबोध दीक्षित के प्रशासनिक नियन्त्रण में संस्थान प्रांगण के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब द्वारा संस्थान के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमो के तहत 10 से 15 नवंबर, तक केन्द्रीय सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान नई दिल्ली द्वारा स्नातक परीक्षा2024 के माध्यम से चयनित हुए 279 भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में नियुक्त अधिकारियों को संस्थान प्रथम चरण में 74 अधिकारियों को जनपद लखनऊ की तहसील, विकास खण्ड, कोतवाली, ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित शासकीय संस्थाओं-प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायत भवनों, गौशालाओं तथा अमृत सरोवरों के व्यवहारिक अध्ययन व आकलन हेतु, 'विलेज अटैचमेंट' विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 10 से 12 नवंबर तक प्राथमिक विद्यालयों के 100 अध्यापकों हेतु, 'लर्निंग बाई डूइंग' विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुए। 10 से 14 नवंबर तक जनपद स्तरीय 30 अधिकारियों हेतु, 'जलवायु परिवर्तन-जलवायु जनित आपदाओं के अनुकूलन पर क्षमता संवर्धन' विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, संस्थान के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू के संरक्षण व अपर निदेशक सुबोध दीक्षित के प्रशासनिक नियंत्रण में किया जा रहा है।

संस्थान के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में मिशन कर्मयोगी एवं शासकीय सेवाओं में नैतिक व मानवीय गुणों के परिप्रेक्ष्य में, विशिष्ट अतिथि वार्ताकारों डा किशन वीर सिंह शाक्य, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं पूर्व वरिष्ठ सदस्य लोक सेवा आयोग आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ रंजीत रंजन तथा यूनिसेफ के विद्वान कार्यक्रम अधिकारी आपदा की गरिमामयी उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सम्बन्धित विषयगत वार्ताकारों द्वारा विषयानुक्रम बिन्दुओं पर प्रासंगिक एवं उपयोगी व्याख्यान दिए गए।डा किशन वीर सिंह शाक्य द्वारा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि शिक्षा की परिभाषा क्या है? अवधारणा, उद्देश्य एवं उपयोगिता। प्रत्येक नागरिक को आदर्श कार्यों व नैतिक गुणों को आत्मसात करने के सद्मार्ग पर चलने का हर सम्भव प्रयास करना चाहिए। भारत को विश्व गुरु बनने के सन्दर्भ में विभिन्न सूत्रों को बिन्दुवार परिभाषित किया। भारतीय संस्कृति व परिवेश को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपनी मौलिकता की वास्तविकता को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। मानव जीवन में खुशी और सफलताओं को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है-सेन्स आफ ओबेडियन्स, सेन्स आफ पेसेन्स और सेन्स आफ इनोवेशन। सदैव प्रत्येक मनुष्य को ध्यान रखना चाहिए कि उससे कोई ऐसा कार्य न हो, जिससे कि किसी की आत्मा आहत हो। आपदा विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और इसके समाधान के विषय में जानकारी दी।अध्यक्षीय उद्बोधन के अन्तर्गत महानिदेशक संस्थान एल वेंकटेश्वर लू द्वारा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि आप सब जहां पर भी हैं या जिस पद पर हैं उसको निष्ठा, लगन, मेहनत व ईमानदारी पूर्वक निभायें। कोई भी पद जनहित की दृष्टि से छोटा या बड़ा नही होता है। बड़े पदों पर रहते हुए कतिपय अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाते हैं, परन्तु कभी-कभी छोटे पदों पर, कार्य करने वाले कर्मचारी जनहित में अत्यधिक प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेते हैं। हम सभी अधिकतर ग्रामीण अंचल से ही सम्बन्धित है। आम ग्रामीण का बहुधा कार्य विकास खण्ड, तहसील, पुलिस थाने तथा विद्युत विभाग से पड़ता है, जहां के कर्मचारी अधिकारी ग्रामीण अंचल के ही होते हैं। ऐसी दशा में अपने ही भाई-बन्धुओं के प्रति कभी भी उपेक्षित व सौतेला व्यवहार नहीं करना चाहिए। अच्छे कार्यों को करने से, स्वयं अत्यधिक सन्तोष प्राप्त होता है। हमको अपने पूर्वजों व ऋषि-मुनियों के आदर्शो को ध्यान में रखकर भारत को विश्व गुरु बनाने में उत्कृष्ट ध्यान देते हुए, शासन द्वारा प्रदत्त कार्यों का निष्पादन करना चाहिए।




# डोपिंग के लिए भारतीय एथलीट कार्तिक कुमार पर लगा तीन साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

भारतीय एथलेटिक्स खिलाड़ी कार्तिक कुमार को डोपिंग उल्लंघन के मामले में तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कई प्रतिबंधित एनाबॉलिक एजेंट्स के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद यह सजा स्वीकार कर ली है। यह जानकारी यूएसएडीए (अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी) ने गुरुवार को दी।

यूएसएडीए के अनुसार, एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए एजेंसी ने 27 फरवरी को अमेरिका में प्रशिक्षण के दौरान कार्तिक कुमार का प्रतियोगिता से बाहर (आउट-ऑफ-कम्पटीशन) यूरिन सैंपल लिया था। इस सैंपल में मेटेंडाइनोन और स्टैनोजोलोल सहित कई प्रतिबंधित पदार्थों के मेटाबोलाइट्स पाए गए। इनमें शामिल हैं —

- 17ए-मेथिल-एसबी-एंड्रोस्टेन-3ए,17बी-डायोल,
- 17बी-मेथिल-एसबी-एंड्रोस्ट-1-ईन-3ए,17ए-डायोल (एपिमीटेंडियोल),
- 17बी-हाइड्रॉक्सिमेथिल-17ए-मेथिल-18-नॉर-एंड्रोस्ट-1,4,13-ट्रायन-3-वन (एलटीएम),
- तथा 4-क्लोरो-3ए-हाइड्रॉक्सी-एंड्रोस्ट-4-एन-17-वन (क्लोस्टेबोल मेटाबोलाइट)।

यूएसएडीए ने इसके बाद 19 मार्च को एक और सैंपल लिया, जो फिर से मेटेंडाइनोन मेटाबोलाइट्स के लिए पॉजिटिव पाया गया। हालांकि, नियमों के अनुसार दोनों नमूनों को एक ही उल्लंघन माना गया क्योंकि पहले पॉजिटिव रिपोर्ट की जानकारी कार्तिक को दूसरे सैंपल से पहले नहीं दी गई थी।

डोपिंग उल्लंघन के लिए आमतौर पर चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है, लेकिन यदि खिलाड़ी सूचना मिलने के 20 दिनों के भीतर आरोप स्वीकार कर लेता है, तो सजा एक साल घटाई जा सकती है। कार्तिक कुमार ने यह प्रावधान अपनाया, जिसके चलते उन्हें तीन साल का प्रतिबंध मिला।

उनकी अयोग्यता की अवधि 10 अप्रैल से शुरू हुई है। इसके साथ ही 27 फरवरी के बाद के सभी नतीजे, पदक, अंक और पुरस्कार भी रद्द कर दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप : भारत की कंपाउंड महिला और मिश्रित टीमों ने जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली।** ढाका में चल रही एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत ने कंपाउंड वर्ग में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुष टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिला कंपाउंड टीम के फाइनल में दीपशिखा, प्रिथिका प्रदीप और ज्योति सुरेखा वेन्नम की भारतीय तिकड़ी ने दक्षिण कोरिया को कड़े मुकाबले में 236-234 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव और प्रतमेश फुगे की भारतीय टीम को कजाखस्तान के खिलाफ 229-230 से मामूली अंतर से हार झेलनी पड़ी और रजत पदक हासिल हुआ। यह मुकाबला पूरी तरह से रोमांचक रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में कजाख खिलाड़ियों ने बढ़त बना ली। मिश्रित टीम में भी स्वर्ण मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और दीपशिखा की भारतीय जोड़ी ने बांग्लादेश के हिमु बाचार और बोन्ना आक्तर को 153-151 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ढाका में जारी इस प्रतियोगिता में भारत का यह प्रदर्शन एशियाई स्तर पर तीरंदाजी में उसकी मजबूत स्थिति को और भी पुख्ता करता है।

### लक्ष्य सेन क्वार्टरफाइनल में जिया हेंग जैसन टेह को सीधे गेम में हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने गुरुवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान के पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सिंगापुर के जिया हेंग जैसन टेह को सीधे गेमों में हराया। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और टूर्नामेंट के सातवें वरीय लक्ष्य ने विश्व नंबर 20 टेह को 21-13, 21-11 से सिर्फ 39 मिनट में पराजित किया। इस जीत के साथ विश्व नंबर 15 लक्ष्य सेन अब सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लो कीन यू का सामना क्वार्टरफाइनल में करेंगे। पहले गेम में लक्ष्य ने शुरुआत से बढ़त बनाई और 8-5 से आगे रहे, हालांकि टेह ने 10-9 पर बढ़त हासिल की थी। लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक तक बढ़त बरकरार रखी और 14-13 के स्कोर के बाद लगातार सात अंक जीतते हुए पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने और भी दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 5-0 की बढ़त से शुरुआत की और ब्रेक तक 11-3 से आगे रहे। इसके बाद उन्होंने पूरी बढ़त बनाए रखी और मुकाबला आसानी से जीत लिया। दिन के बाद के मैच में एच. एस. प्रणय का सामना डेनमार्क के रासमस गेमके से होगा।

### इस्लामाबाद धमाके के बाद सुरक्षा चिंताओं के बावजूद श्रीलंका की टीम पाकिस्तान दौरे पर बनी रहेगी



**इस्लामाबाद।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंताओं के बावजूद पाकिस्तान के व्हाइट-बॉल दौरे को जारी रखने का निर्णय लिया है। कई खिलाड़ियों ने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बाद स्वदेश लौटने की इच्छा जताई थी। मंगलवार को इस्लामाबाद की एक अदालत के बाहर आत्मघाती विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच रावलपिंडी में खेले जाने वाले वनडे मैच से कुछ घंटे पहले हुई थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन और देश के गृहमंत्री मोहसिन नक़वी ने बुधवार को इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त से मुलाकात की और टीम को कड़ी सुरक्षा का आश्वासन दिया। इस बैठक में श्रीलंका और पाकिस्तान टीम के मैनेजरों के साथ शीर्ष सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद थे। नक़वी ने मंगलवार दोपहर पिंडी क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया और सुरक्षा इंतज़ामों की समीक्षा की। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंताओं को 'पीसीबी और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी तरह संबोधित किया जा रहा है ताकि दौरे पर मौजूद प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित की जा सके।

# भारत व दक्षिण अफ्रीका पहला टेस्ट आज से

**कोलकाता, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार से यहां पहला क्रिकेट टेस्ट मैच ऐतिहासिक ईडन गार्डन के मैदान पर खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीम जीत के इरादे से उतरेंगी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) को देखते हुए भी ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इस मैच से आक्रमक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत वापसी करेंगे। वह इंग्लैंड दौरे में अंगूठे में हुए फ्रैक्चर के बाद से ही टीम से बाहर थे। ऐसे में सभी की नजरें उनके उपर रहेंगी। इसके अलावा भारत ए की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले ध्रुप जुरेल भी इस मैच में खेलेंगे। इस मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीकी टीम के तेज ओर स्पिन आक्रमण का सामना करना होगा। इस मैदान पर स्पिनरों को सहायता मिलती है जिसका लाभ दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर उठाना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका गेंदबाजी आक्रमण की धार इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। दक्षिण अफ्रीकी के पास अधिकतर समय अच्छे तेज गेंदबाज रहे हैं पर इस बार टीम स्पिनरों के भरोसे है। पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में उसने सीरीज 1-1 से ड्रॉ खेली थी। उसमें उसके मुख्य स्पिनरों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरान मुथुस्वामी ने 39 में से 35 विकेट लिए थे।




वहीं भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का तरीका उपमहाद्वीप के गेंदबाजों के समान है। उन्होंने कहा, 'उनके पास चार स्पिनर हैं जिनमे से वे तीन को उतार सकते हैं। ऐसा लग रहा है कि हम उपमहाद्वीप की किसी टीम के खिलाफ खेलने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'हमने इस पर बात की है। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन वाली सीरीज से सबक लिया है। दक्षिण अफ्रीकाा के गेंदबाज हार्मर भी 1000 प्रथम श्रेणी विकेट ले चुके हैं और भारत के हालात को जानते हैं।

दस साल पहले हाशिम अमला की कप्तानी में इस गेंदबाज ने दो टेस्ट खेलकर चेतेश्वर पुजारा, रोहित शर्मा और रिधिमान साहा के विकेट लिए थे। एक दशक बाद भी वह उतने ही चतुर गेंदबाज हैं। उन्होंने रावलपिंडी में में 8 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई और सीरीज ड्रॉ भी कराई। वहीं केशव महाराज सबसे सटीक और आक्रामक स्पिनरों में से एक हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों और दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों के बीच मुकाबला रोमांचक होना तय है।

ईडन की पिच से स्पिनरों का पहले भी सहायात मिलती रही है। वहीं बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि यह टर्निंग पिच नहीं होगी। इससे जसप्रीत बुमराह को सहायता मिल सकती है। बुमराह आम तौर पर शुरूआत में मूवमेंट और बाद में रिवर्स स्विंग देने वाली पिच पर भारत के तुरप का इक्का साबित हो सकते हैं। भारतीय टीम इस मैच में दो तेज गेंदबाजों को उतार सकता है और घरेलू मैदान होने से युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी इसमें अवसर मिल सकता है।

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम से यहां सभी को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उसने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था वेस्टइंडीज की कमजोर टीम को 2-0 से हराने पर उसे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में अधिक लाभ नहीं मिला है। ऐसे में वह इस सीरीज मे जीत चाहेगी। ऋषभ इस सीरीज से वापसी करते हुए अच्छी बल्लेबाजी करना चाहेंगे। उनके अलावा जुरेल के बतौर बल्लेबाज खेलने से भी भारत का मध्यक्रम मजबूत हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 16 विकेट लेने वाले वॉशिंगटन सुंदर भी इस सीरीर में अंतर पैदा करेंगे। वहीं दूसरी ओर तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी एडेन माक्ररम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेने, डेवाल्ड ब्रेविस पर निर्भर करेगी। इसके अलावा टीम के पास कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं। कुल मिलाकर ये मुकाबला रोमांचक रहना तय है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साइ सुदर्शन, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, देवदत्त पडिक्कल

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन माक्ररम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेने, डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डि जोर्जी, कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, सेनुरान मुथुस्वामी, कैगिसो रबाडा, साइमन हार्मर।

# कप्तानी के लिए अच्छी पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलना जरुरी नहीं : अक्षर



**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

भारतीय टीम के स्पिर ऑलराउंडर व दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा है कप्तानी को लेकर एक ऐसी धारणा बन गयी है जो सही नहीं है पर ये कई साल से चली आ रही अक्षर के अनुसार लोग मानते है कि अच्छी पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलना कप्तानी के लिए जरुरी है। वहीं केवल इस आधार पर किसी को कप्तानी के लिए अयोग्य मान लेते हैं जो अंग्रेजी नहीं बोल पाता।

अक्षर कप्तानी को लेकर लोगों की इस धारणा से नाराज है। उन्होंने कहा कि कप्तानी के लिए किसी खिलाड़ी की पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलने की क्षमता को लोग वरीयता देते हैं पर क्रिकेट से जुड़े कौशल को नहीं देखते हैं। अक्षर ने कहा, 'लोग कहना शुरू कर देते हैं- ओह, वह कप्तानी मटैरियल नहीं है, वह अंग्रेजी नहीं बोलता है। वह कैसे बात करेगा ये है, वो है।' साथ ही कहा, अरे,

### लोगों को अपनी धारणा बदलनी होगी

कप्तान का काम सिर्फ बात करना थोड़े होता है। कप्तान का काम खिलाड़ी को जानना होता है और उससे उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करना होता है। ये जानना होता है। उसकी ताकत क्या है, उसकी कमजोरी क्या है, ये समझना होता है। कप्तान को पता होता है कि हमारे पास ये खिलाड़ी है और मुझे उससे कैसे अच्छा प्रदर्शन लेना है। इसके अलावा मैच के हालात के अनुसार किये गेंदबाजी देनी है। अक्षर ने आगे कहा, 'लेकिन नहीं, हम कहते हैं कि पर्सनैलिटी चाहिए, अच्छा इंग्लिश बोलना चाहिए। धारणा लोगों की अपनी सोच के आधार पर बनी है। मैंने इस साल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की और मुझे बहुत सारी तारीफ मिली।

### पटेल मैदान में हॉकी प्रैक्टिस मैच का उद्घाटन, कोच का हुआ भव्य स्वागत




**सहरसा।** स्थानीय पटेल मैदान में गुरुवार को हॉकी खेल का प्रैक्टिस मैच के दौरान खेल प्राधिकरण पटना के असिस्टेंट डायरेक्टर नरेश चौहान सर का आगमन हुआ, जो हॉकी के एनआईएस कोच भी है।जिसे हॉकी एसोसिएशन ऑफ सहरसा के अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने पाग चादर से सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित हॉकी एसोसिएशन ऑफ सहरसा के प्रमोद कुमार झा ने खिलाड़ियों का परिचय करवाए। तत्पश्चात श्री चौहान ने खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारी देकर अच्छा से अनुशासित होकर खेलने को कहे।मौके पर उपस्थित शशि भूषण, मानस आनंद , खुर्शीद अंसारी, राजू कुमार आदि ने सभी खिलाडियों को प्रोत्साहित किए और आगे बढ़ने की शुभकामना दिए। उपस्थित खिलाड़ियों में प्रियांशु राज, ओबेदुर रहमान , हिबजू, गोलू, अनु, राजकुमार, विशाल, शिवनंदन, त्वरित, आदि ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के ने संरक्षक डॉ रेणु सिंह, गोपाल चौधरी, कुमार अनिरबन , चौधरी, रश्मि सोरेन आदि अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी।

# अजिंक्य नाईक दूसरी बार बने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष

**मुंबई, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के चुनाव में अजिंक्य नाईक पैनल ने शानदार जीत दर्ज की है। नाईक दूसरी बार लगातार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। उनकी पैनल ने कुल 16 पदों में से 12 पर कब्जा जमाया।

बुधवार रात परिणाम घोषित होने के बाद नाईक ने कहा, 'यह जीत हमारे मैदान क्लबों, सचिवों और हर क्रिकेटर — पुरुष और महिला — की है। यह पूरी मुंबई क्रिकेट फैमिली की जीत है।'

अजिंक्य नाईक को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एमसीए, बीसीसीआई व आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार का समर्थन प्राप्त था।

उन्होंने कहा, 'माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी और शरद पवार जी के मजबूत सहयोग से यह सफलता संभव हो सकी। मैं अशिष शेलार जी का भी विशेष आभार व्यक्त करता हूं।' नाईक का पैनल 'पवार-शेलार ग्रुप' के नाम से चुनाव में उतरा था।




### चुनाव में अन्य पदाधिकारी इस प्रकार हैं —

उन्मेष खनविलकर सचिव चुने गए (उन्होंने शाहालम शेख को हराया)

जीतेंद्र आव्हाड उपाध्यक्ष बने (उन्होंने नवीन शेट्टी को हराया)

नीलेश भोसले संयुक्त सचिव चुने गए (उन्होंने गौरव पय्याडे को मात दी)

अरमान मलिक कोषाध्यक्ष बने (उन्होंने सुरेंद्र शेवाले को पराजित किया)

इसके अलावा संदीप विचारे, सूरज सामत, विघ्नेश कदम, मिलिंद नारवणकर, भूषण पाटिल, नदीम मेमन, विकास रेपाले, प्रमोद यादव और नील सावंत एमसीए की एपेक्स काउंसिल के सदस्य चुने गए हैं।

# बांग्लादेश प्रीमियर लीग में 12 साल बाद फिर से होगा खिलाड़ियों का ऑक्शन

**ढाका, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**


बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में 12 साल बाद खिलाड़ियों की नीलामी प्रणाली वापस लौट रही है। बीपीएल गवर्निंग काउंसिल ने बुधवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। टूर्नामेंट के पहले दो सीज़न (2012 और 2013) में खिलाड़ियों की नीलामी हुई थी, जिसके बाद अगले नौ संस्करणों में खिलाड़ियों का चयन ड्राफ्ट प्रणाली के ज़रिए किया जाता रहा। नीलामी 23 नवंबर को ढाका के एक होटल में आयोजित की जाएगी, जिसमें पांच फ्रेंचाइजी — ढाका कैपिटल्स, चट्टोग्राम रॉयल्स, राजशाही वॉरियर्स, रंगपुर राइडर्स और सिलहट टाइटन्स — हिस्सा लेंगी। ये टीमें बीपीएल के 12वें संस्करण के लिए अपने खिलाड़ी चुनेंगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, 'इस बार की नीलामी एक नए फ्रेंचाइजी स्वामित्व चक्र की शुरुआत करेगी। इसमें एक पुनर्गठित और पारदर्शी बोली प्रणाली लागू की जाएगी ताकि बीपीएल अंतरराष्ट्रीय टी20 फ्रेंचाइजी मानकों के अनुरूप हो सके।' नई प्रणाली के तहत स्थानीय खिलाड़ियों को छह श्रेणियों और विदेशी खिलाड़ियों को पांच श्रेणियों में बांटा जाएगा। स्थानीय खिलाड़ियों की शीर्ष 'ए' श्रेणी का आधार मूल्य 50 लाख टका तय किया गया है, और हर बोली 5 लाख टका की वृद्धि में बढ़ेगी। विदेशी खिलाड़ियों की शीर्ष श्रेणी की शुरुआती कीमत 35,000 अमेरिकी डॉलर होगी, जिसमें हर बोली 5,000 डॉलर की वृद्धि में बढ़ेगी। हर फ्रेंचाइजी को नीलामी से पहले दो बांग्लादेशी खिलाड़ी (ए और बी श्रेणी से) और एक या दो विदेशी खिलाड़ी सीधे साइन करने की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए बीपीएल गवर्निंग काउंसिल की मंजूरी जरूरी होगी। नीलामी दो चरणों में होगी — पहले स्थानीय खिलाड़ियों की, उसके बाद विदेशी खिलाड़ियों की। प्रत्येक टीम को कम से कम 11 स्थानीय खिलाड़ी खरीदने होंगे, जबकि अधिकतम 15 स्थानीय खिलाड़ी टीम में शामिल किए जा सकते हैं। सीधे साइन किए गए खिलाड़ी इस गणना में शामिल नहीं होंगे। स्थानीय खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक टीम का बजट 4.5 करोड़ टका होगा (सीधे साइन किए खिलाड़ियों के भुगतान को छोड़कर)। विदेशी खिलाड़ियों के लिए अधिकतम बजट 3.5 लाख अमेरिकी डॉलर तय किया गया है, जिसमें डायरेक्ट साइनिंग भी शामिल हैं।



हर टीम दो से चार विदेशी खिलाड़ियों को अपने प्लेइंग 11 में शामिल कर सकेगी, लेकिन नीलामी से कम से कम दो विदेशी खिलाड़ियों को खरीदना अनिवार्य होगा।

**खिलाड़ियों को भुगतान तीन किस्तों में किया जाएगा —**

25 साइनिंग के समय, 55 टीम के अंतिम लीग मैच से पहले, और शेष 20 टूर्नामेंट समाप्त होने के 30 दिनों के भीतर। सभी भुगतान राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड के कर नियमों के अनुसार होंगे। नीलामी समाप्त होने के 24 घंटे के भीतर सभी टीमों को अपने अंतिम स्क्वॉड की सूची बीपीएल गवर्निंग काउंसिल को सौंपनी होगी। सभी अनुबंध बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के मानक त्रिपक्षीय अनुबंध प्रारूप में होंगे।



# डीपीआईआईटी को पीएलआई योजना के तहत 1,914 करोड़ के निवेश के लिए मिले 13 आवेदन

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।

एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट के लिए पीएलआई योजना के तहत 13 कंपनियों ने 1,914 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश के साथ आवेदन किए हैं। इन नए आवेदकों में से 50 फीसदी से अधिक एमएसएमई क्षेत्र से हैं। इस दौर के लिए आवेदन 15 सितंबर से 10 नवंबर तक लिए गए।

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के मुताबिक 13 आवेदकों में से एक मौजूदा पीएलआई लाभार्थी है, जिसने 15 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने के लिए आवेदन किया है, जबकि नौ आवेदकों ने 1,816 करोड़ रुपये के संचयी निवेश के साथ एयर कंडीशनर घटकों के निर्माण के लिए आवेदन किया है। सफेद वस्तुओं में एसी और एलईडी लाइटें शामिल हैं। ये निवेश तांबे की ट्यूब, एल्युमीनियम स्टॉक, कंप्रेसर, मोटर, हीट एक्सचेंजर, कंट्रोल असेंबली और अन्य उच्च-मूल्य वाले घटकों के उत्पादन पर केंद्रित हैं।

डीपीआईआईटी के मुताबिक शेष चार आवेदकों ने एलईडी चिप्स, ड्राइवर और हीट सिंक सहित एलईडी घटकों के निर्माण के लिए 98 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। प्रस्तावित निवेश 6 राज्यों में फैला है, जिसमें 13 जिले और 23 स्थान शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक अबतक श्वेत वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना ने 80 स्वीकृत लाभार्थियों से 10,335 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त किया है, 1.72 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन अपेक्षित है, और लगभग 60,000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 7 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल से स्वीकृत श्वेत वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना का कुल परिव्यय 6,238 करोड़ रुपये है। इसका उद्देश्य भारत में एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट्स के लिए एक संपूर्ण घटक के रूप में इकोसिस्टम को स्थापित करना है। इस योजना से घरेलू मूल्यवर्धन को वर्तमान 15-20 फीसदी से बढ़ाकर 75-80 प्रतिशत करने का अनुमान है, जिससे भारत श्वेत वस्तुओं के लिए एक प्रमुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### महिंद्रा और मनुलाइफ ने भारत में जीवन बीमा संयुक्त उद्यम की घोषणा की




**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने गुरुवार को कनाडा की जीवन बीमा कंपनी मनुलाइफ के साथ 50:50 अनुपात में जीवन बीमा संयुक्त उद्यम स्थापित करने की घोषणा की। दोनों साझेदारों की ओर से इस नए उद्यम में 3,600-3,600 करोड़ रुपये का निवेश होगा। शुरुआती पांच वर्षों में प्रत्येक शेयरधारक 1,250 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कुल पूंजी प्रतिबद्धता दोनों कंपनियों के लिए 7,200 करोड़ रुपये तक है। यह संयुक्त उद्यम महिंद्रा और मनुलाइफ की भारत में मौजूदा उपस्थिति को मजबूत करेगा और देश के तेजी से बढ़ते जीवन बीमा बाजार में ग्राहकों की वित्तीय भलाई बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। महिंद्रा समूह की ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गहरी वितरण क्षमताएं और निष्पादन उत्कृष्टता इस विस्तार को सफल बनाने में मदद करेंगी। महिंद्रा समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जीवन बीमा व्यवसाय में यह कदम वित्तीय सेवा क्षेत्र के व्यापक विस्तार की दिशा में तार्किक है। शुरुआती पांच वर्षों में प्रत्येक शेयरधारक 1,250 करोड़ का निवेश करेगा यह संयुक्त उद्यम दोनों कंपनियों के लिए भारत में जीवन बीमा क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाने और ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी बाजारों में वित्तीय समावेशन बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है।

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेपी इंफ्राटेक के एमडी मनोज गौड़ को गिरफ्तार किया




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट कंपनी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) मनोज गौड़ को मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। ये मामला कथित रूप से घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी से जुड़ा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रियल एस्टेट कंपनी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज गौड़ को घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कारोबारी मनोज गौड़ के खिलाफ जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले से संबंधित है। ईडी ने मई में जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड और उनकी संबद्ध संस्थाओं से जुड़े 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी और 1.7 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की थी। इस छापेमारी के दौरान प्रमोटरों, उनके परिवार के सदस्यों और समूह की कंपनियों के नाम पर संपत्ति के दस्तावेज के साथ-साथ वित्तीय दस्तावेज और डिजिटल डेटा भी जब्त किए गए थे।

### देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें घोषित




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय तेल कंपनियों (ओएमसी) ने गुरुवार को सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल के ताजा रेट जारी किए। इन कीमतों का निर्धारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमत, रुपये-डॉलर का विनिमय दर, एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और राज्यों के वैट के आधार पर किया जाता है। चूंकि हर राज्य का वैट अलग होता है, इसलिए पेट्रोल और डीजल के दाम भी राज्यों में भिन्न होते हैं। नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए और डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर जबकि हैदराबाद में पेट्रोल 107.46 रुपए और डीजल 95.70 रुपए प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए और डीजल 92.34 रुपए, बेंगलुरु में पेट्रोल 02.92 और डीजल 89.02, और कोलकाता में पेट्रोल 103.94 और डीजल 90.76 प्रति लीटर दर्ज किया गया।

# केंद्रीय कैबिनेट ने महत्वपूर्ण खनिजों की रॉयल्टी दरों में संशोधन किया

**सरकार ने ग्रेफाइट, सीजियम रुबिडियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों पर रॉयल्टी दरें तय की**

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली धमाके की निंदा के साथ ही कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्य निर्णय के तहत कैबिनेट ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम और जिरकोनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की रॉयल्टी दरें तर्कसंगत बनाने को मंजूरी दी। यह कदम क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के अंतर्गत लिया गया। केंद्रीय कैबिनेट ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम और जिरकोनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों पर रॉयल्टी दरें तय कर दी हैं। कैबिनेट ने यह फैसला क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के तहत लिया है। इस फैसले से इन खनिजों के ब्लॉक की नीलामी तेज होने की संभावना है। इससे लिथियम, टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व और नाइओबियम जैसे दूसरे महत्वपूर्ण खनिजों का भी फायदा होगा। संशोधित रॉयल्टी दरों के अनुसार, सीजियम और रुबिडियम, प्रत्येक पर उत्पादित अयस्क में निहित संबंधित धातु के औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) के आधार पर 2 प्रतिशत रॉयल्टी लगेगी। कैबिनेट के अनुसार जिरकोनियम पर एएसपी की 1 प्रतिशत रॉयल्टी दर होगी, जबकि ग्रेफाइट पर 80 प्रतिशत या उससे अधिक स्थिर कार्बन वाले अयस्क के लिए एएसपी का 2 प्रतिशत और 80 प्रतिशत से कम स्थिर कार्बन वाले अयस्क के लिए 4 प्रतिशत रॉयल्टी दर लागू होगी। दरअसल, सरकार का मानना है कि ग्रेफाइट पर एड वेरोरम (बाजार मूल्य के अनुसार) रॉयल्टी तय करने से अलग-अलग ग्रेड के ग्रेफाइट के मार्केट रेट के हिसाब से रॉयल्टी कनेक्शन होगा। इससे घरेलू उत्पादन तो बढ़ेगा ही, साथ ही आयात पर निर्भरता भी कम होगी। सप्लाई चेन की परेशानियां भी घटेंगी और नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। हाल ही में केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी के छठे चरण के लिए 16 सितंबर को एनआईटी जारी की है। इसमें ग्रेफाइट के पांच ब्लॉक, रुबिडियम के दो ब्लॉक और सीजियम और जिरकोनियम के एक ब्लॉक (विवरण संलग्न) भी शामिल हैं।

### एनएफआरए में कार्य विभाजन को लेकर सरकार तैयार कर रही नई रूपरेखा




**नई दिल्ली।** सरकार नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) में कार्यों के विभाजन पर विचार कर रही है। वर्तमान में एनएफआरए का कार्यकारी निकाय (अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य) सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता है, जिसमें ऑडिट की समीक्षा और अनुशासनात्मक कार्रवाई शामिल है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि कार्यों का विभाजन न होने से पूर्वाग्रह और निष्पक्षता पर सवाल उठ सकते हैं। अदालत ने इसे 'सीज़र से सीज़र की पत्नी को अपील' की स्थिति के समान बताया। रेगस्ट्रीट लॉ एडवाइजर्स के वरिष्ठ पार्टनर व सेबी के एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि भारत का नियामक ढांचा नियंत्रण और संतुलन के सिद्धांत से भटक गया है। जब एक संस्था नियम बनाती और निर्णय भी लेती है, तो जवाबदेही और न्याय प्रभावित होता है। उन्होंने जोर दिया कि अन्य नियामक, जैसे भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और सेबी, जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने वाले कार्यों को अलग रखते हैं। एनएफआरए ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। अदालत ने अंतरिम आदेश में एनएफआरए को कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दी, लेकिन अंतिम आदेशों पर रोक लगा दी जब तक अपील का निर्णय नहीं हो जाता। विशेषज्ञों ने बताया कि सीसीआई में महानिदेशक जांच करता है, जबकि आयोग के सदस्य अनुशासनात्मक कार्रवाई पर निर्णय लेते हैं। इससे पूर्वाग्रह कम और न्याय सुनिश्चित होता है। यही कारण है कि एनएफआरए में कार्यों का विभाजन जरूरी माना जा रहा है ।

# भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 7 फीसदी बढ़ेगी: रेटिंग एजेंसी




नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।

**रेटिंग एजेंसी मूडीज ने गुरुवार को अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था 7 फीसदी बढ़ने का अनुमान लगाया है। 2024 में यह दर 6.7 फीसदी थी। एजेंसी का कहना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत बुनियादी ढांचे पर खर्च और ठोस घरेलू उपभोग से समर्थन मिल रहा है। हालांकि निजी क्षेत्र अभी पूंजीगत व्यय को लेकर सतर्क है।**

**2026 और 2027 में भारत की वृद्धि लगभग 6.5 फीसदी रहने का अनुमान**

2026 और 2027 में भारत की वृद्धि लगभग 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। अमेरिका में कुछ भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क के बावजूद निर्यातकों ने अन्य बाजारों में निर्यात बढ़ाने में सफलता हासिल की है। सितंबर में कुल निर्यात 6.75 फीसदी बढ़ा, जबकि अमेरिका को निर्यात में 11.9 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। मूडीज ने कहा कि निर्यात और घरेलू बाजार का विविधीकरण भारत की स्थिर आर्थिक वृद्धि में मदद करेगा। एजेंसी ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति के बीच मौद्रिक नीति तटस्थ से उदार बने रहने की संभावना है। इससे आर्थिक वृद्धि को अतिरिक्त समर्थन मिलेगा। मूडीज के अनुसार चीन की अर्थव्यवस्था 2025 में 5 फीसदी बढ़ेगी, लेकिन 2027 तक यह वृद्धि धीरे-धीरे 4.2 फीसदी तक घट सकती है। वैश्विक जीडीपी की वृद्धि दर 2025 में 2.6 फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 की 2.9 फीसदी दर से कम है। 2026 और 2027 में यह क्रमश: 2.5 फीसदी और 2.6: फीसदी रहने की संभावना है।

### डीएचएल समूह भारत में करेगा 1 अरब यूरो का निवेश




**मुंबई।** वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीएचएल समूह ने 2030 तक भारत में करीब 1 अरब यूरो निवेश करने की घोषणा की है। यह कदम कंपनी की रणनीति 2030-त्वरित सतत विकास योजना का हिस्सा है और भारत को एक प्रमुख विकास बाजार के रूप में दर्शाता है। डीएचएल का लक्ष्य भारत में अपने ग्राहकों के लिएविश्वसनीय और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स सेवाओं का विस्तार करना है। कंपनी का यह बहु-स्तरीय निवेश कार्यक्रम जीव विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा, नई ऊर्जा, ई-कॉमर्स और डिजिटलीकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में केंद्रित होगा।

# सेबी में हितों के टकराव और खुलासे के नियमों में बड़ा बदलाव प्रस्तावित

**नई घोषणा: सभी वरिष्ठ अधिकारियों को करना होगा पूर्ण खुलासा**

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।

**भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में हितों के टकराव और खुलासे (के नियमों में बड़े बदलाव प्रस्तावित हैं। उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के अनुसार सेबी के निदेशक मंडल और वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी सभी संपत्तियों, देनदारियों, ट्रेडिंग गतिविधियों और संबंधित पक्षों के साथ संबंधों की घोषणा कई चरणों में करनी होगी- नियुक्ति, सालाना, प्रमुख घटनाओं और पद छोड़ने के समय। समिति ने सुझाव दिया कि बोर्ड या वरिष्ठ पदों के आवेदकों को किसी भी वास्तविक, संभावित या अनुमानित हितों के टकराव का खुलासा करना अनिवार्य होगा।**



जिसमें वित्तीय और गैर-वित्तीय मामलों दोनों शामिल हैं। इसके अलावा 'परिवार' की परिभाषा को व्यापक बनाया जाएगा। इसमें पति/पत्नी, आश्रित बच्चे, कानूनी अभिभाव्य के तहत आने वाले व्यक्ति और अन्य आर्थिक रूप से आश्रित रिश्तेदार शामिल होंगे। समिति ने वरिष्ठ अधिकारियों के नए निवेशों को पेशेवर रूप से प्रबंधित पूल्ड योजनाओं तक सीमित करने और व्यक्तिगत पोर्टफोलियो का 25 फीसदी तक ही निवेश की अनुमति देने का सुझाव दिया। यह प्रतिबंध उनके जीवनसाथी और आर्थिक रूप से आश्रित परिवार पर भी लागू होगा। अंशकालिक सदस्यों को इस निवेश सीमा से छूट दी जा सकती है, लेकिन वे अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी पर ट्रेडिंग नहीं कर सकेंगे। समिति की अध्यक्षता पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त प्रत्यूष सिन्हा ने की, जबकि उपाध्यक्ष थे इंजेती श्रीनिवास। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने मार्च 2025 में समिति का गठन किया। इसका उद्देश्य सेबी में पारदर्शिता बढ़ाना, हितों के टकराव के प्रबंधन को मजबूत करना और लोगों का भरोसा कायम करना है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### बिहार की सत्ता...

शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।चुनाव आयोग ने बताया कि 7,45,26,858 पंजीकृत मतदाताओं वाले बिहार ने इस बार लोकतंत्र के प्रति अपनी गहरी आस्था दिखाई है। 67.13 प्रतिशत मतदान के साथ मतदाताओं ने रिकॉर्ड भागीदारी दर्ज की।आयोग ने मतदाताओं, राजनीतिक दलों और मीडिया संस्थानों से अपील की है कि वे परिणामों की जानकारी केवल आयोग के आधिकारिक पोर्टल से प्राप्त करें। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी अफवाह, अप्रमाणिक संदेश या गैर-आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा न करें। सभी प्रमाणित परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बिहार की सत्ता पर एनडीए का कब्ज़ा कायम रहेगा या महागठबंधन सत्ता में वापसी करेगा। फैसला आज, जनता के जनादेश से तय होगा कि किसके सिर सजेगा ताज!

### हम पूर्ण बहुमत...

बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से अपील की कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना सुनिश्चित करे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ सीटों पर जहां मुकाबला कड़ा है, वहां काउंटिंग की गति को जानबूझकर धीमा करने की कोशिश की जा रही है।तेजस्वी यादव ने कहा, हमारे सभी साथी काउंटिंग सेंटरों पर पूरी तरह मुस्तैद हैं। जो अधिकारी निष्पक्षता से काम करेंगे, उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन अगर कोई किसी के इशारे पर काम करेगा तो उसे परिणाम भुगतने होंगे।

उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी घबराई हुई है। बीजेपी के लोग बेचैन हैं क्योंकि उन्हें मालूम है कि उनकी सरकार जा रही है। ये लोग सभी काउंटिंग सेंटरों पर प्रक्रिया को धीमा करवाने की कोशिश करेंगे, खासकर उन सीटों पर जहां मार्जिन कम है। लेकिन हमारे सभी प्रतिनिधि सतर्क हैं और हर गतिविधि पर नज़र रखेंगे।तेजस्वी ने विश्वास जताया कि 14 नवंबर को आने वाले परिणाम बिहार में नई राजनीतिक दिशा तय करेंगे, और जनता की उम्मीदों के अनुरूप महागठबंधन की सरकार बनेगी।

### दोषियों को...

के सभी वित्तीय लेनदेन की गहन जांच की जाएगी। साथ ही, अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट की आय-व्यय, खाड़ी देशों से मिलने वाले कथित फंड और कार विस्फोट में शामिल आतंकी मॉड्यूल की फंडिंग की भी जांच की जाएगी।अमित शाह ने कहा है कि भारत सरकार की नीति स्पष्ट है - आतंकवाद, उसके समर्थक और फंडिंग नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### 25 गाड़ियां आपस...

आग लगने से ट्रक ड्राइवर की भी जलकर मौत हो गई। पीछे चल रहा एक यात्री वाहन भी आग की चपेट में आ गया, जिसमें 17-18 लोग सवार थे। उनमें से कई घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ कारें और अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए, जिससे नवले ब्रिज पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया।घटना के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर यातायात ठप रहा। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी है।महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की और मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

वहीं, सांसद सुप्रिया सुले ने भी इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### टीबी के खिलाफ...

गिरावट दर्ज की गई है- 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 मामले थे, जो 2024 में घटकर 187 रह गए हैं। यह दर वैश्विक औसत गिरावट (12 प्रतिशत) की तुलना में लगभग दो गुना है। भारत ने टीबी मृत्यु दर को भी उल्लेखनीय रूप से घटाया है। वर्ष 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 28 मौतें होती थीं, जो 2024 में घटकर 21 रह गई हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उपचार कवरेज 92 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो अन्य उच्च-भार वाले देशों और वैश्विक औसत से अधिक है। साथ ही उपचार सफलता दर 90 प्रतिशत रही है, जबकि वैश्विक दर 88 प्रतिशत है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय स्वास्थ्यकर्मियों, सामुदायिक कार्यकर्ताओं, निश्चय मित्रों और टीबी उन्मूलन मिशन से जुड़े सभी नागरिकों को देते हुए कहा कि यह सफलता जनभागीदारी और प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग का प्रमाण है।प्रधानमंत्री ने दोहराया कि भारत टीबी मुक्त राष्ट्र बनने के लक्ष्य की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और सरकार इस दिशा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रही है।

### हादसे से पहले ही...

वी. कावेरी ट्रैवल्स की बस को अवैध रूप से स्लीपर कोच में बदला गया था। उसका इमरजेंसी दरवाजा भी बंद था। बस में मोबाइल फोन की बड़ी खेप भी ले जाई जा रही थी, जिनकी लिथियम बैटरी से आग और भड़क गई। पुलिस ने कंपनी के खिलाफ जांच तेज कर दी है। साथ ही उन वाहनों की भी पहचान की जा रही है, जो बाइक और मृतक को देखकर भी बिना मदद किए आगे निकल गए।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 14 नवंबर, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# गौशाला को हरे चारे का वितरण



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना गोशाला फेडरेशन द्वारा गुरुवार को कर्मानघाट स्थित चितल गोशाला में स्वर्गीय श्री ईश्वर प्रसाद संघी की स्मृति में एक माह के लिए हरे चारे का वितरण किया गया।

इस अवसर पर तेलंगाना गोशाला फेडरेशन के अध्यक्ष श्री महेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था एवं लायंस इंटरनेशनल जीव-जंतु कल्याण विभाग के जिला अध्यक्ष प्रेम चंद मुनोत के आपसी सहयोग से विगत दो वर्षों से छोटी गोशालाओं को चारा, दवाइयाँ आदि की मदद की जा रही है। संस्था द्वारा प्रति माह एक गोशाला को सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा हाल ही में छोटी गोशालाओं को सेंधा नमक निःशुल्क रूप से वितरित किया गया था और निकट भविष्य में पुनः वितरण किया जाएगा।

लायंस इंटरनेशनल जीव-जंतु कल्याण विभाग के जिला अध्यक्ष प्रेम चंद मुनोत ने गोशाला को एक माह का चारा प्रदान करने के लिए श्री हरीश संघी और श्री मनीष संघी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नगर के अन्य दानदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र की छोटी गोशालाओं को नियमित रूप से सहयोग प्रदान करें एवं गौत्पादों का अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक प्रयोग करें।

इस अवसर पर हरे चारे के दानदाता श्री हरीश संघी ने अगले माह भी किसी अन्य गोशाला में हरे चारे के वितरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में गोशाला के अध्यक्ष नागराज, रवि सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।




# दयालुता ही मानवता का सर्वोच्च गुण : राजकुमारी अग्रवाल



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विश्व दयालुता दिवस के अवसर पर राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा बेगम बाजार स्थित भूदेवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने नियमित अन्नदान एवं गौसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद ग्रुप की सक्रिय सदस्य श्रीमती राजकुमारी अग्रवाल ने कहा कि दयालुता ही मानवता का सर्वोच्च गुण है।उन्होंने जोर देकर कहा कि जरूरतमंद की मदद, भूखे को भोजन या जीवों के प्रति करुणा ही सच्ची ईश्वर पूजा है। ग्रुप के लंबे समय से चले आ रहे निस्वार्थ अन्नदान और गौसेवा से समाज में करुणा, संवेदना व सहयोग का संदेश फैल रहा है। श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि व्यस्त युग में दया व सहानुभूति बनाए रखना सबसे बड़ी साधना है। उन्होंने सभी से सेवा और दयालुता के कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया, क्योंकि यही मानवता की सच्ची पहचान है।इस अवसर पर जगतनारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, गोविंद राम पचेरिया, नीलम विजयवर्गीय, लता गोयल, मीना अग्रवाल, शर्मिला अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# आकांक्षा महिला संस्था की मासिक सभा सम्पन्न



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आकांक्षा महिला संस्था की मासिक सभा का आयोजन होटल गुलाब-घी में किया गया।इस अवसर पर कार्तिक मास के पावन पर्व पर संस्था की सभी महिला सदस्यों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक-दूसरे का अभिनंदन और उत्साहवर्धन किया गया।सभा का कुशल संचालन विनीता और ममता द्वारा किया गया, जिनके उत्कृष्ट संचालन के लिए उपस्थित सदस्यों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें संस्था की अनेक महिलाएं उत्साहपूर्वक सहभागी रहीं।

# 'साँझ के साथी' की दीपावली स्नेह मिलन-काव्य संध्या सम्पन्न



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगर के स्थापित साहित्यकारों एवं उदीयमान सृजनकारों के प्रमुख और सबसे पुराने संगठन 'साँझ के साथी' द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन एवं काव्य संध्या का आयोजन बुधवार, 13 नवम्बर को मोज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्या अस्पताल के सभागार में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।

साँझ के साथी के सचिव कवि नंदगोपाल भट्टड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. ऋषभदेव शर्मा ने की, जबकि न्यूयॉर्क (अमेरिका) निवासी प्रख्यात कवयित्री डॉ. कविता वाचक्नवी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। अध्यक्ष श्री अजित गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए दीपोत्सव की शुभकामनाएँ दीं। सचिव नंदगोपाल भट्टड ने विशेष अतिथि डॉ. कविता वाचक्नवी का परिचय कराते हुए बताया कि वे भाषा, साहित्य, संस्कृति, समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। गत 11 वर्षों से अमेरिका में निवासरत होकर वे वहाँ वैदिक संस्कृति विशेषज्ञ, हिन्दी एवं पंजाबी अध्यापन विशेषज्ञ तथा घरेलू हिंसा मामलों की काउंसलर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हैदराबाद मेरा दूसरा घर है-एक तरह से यह मेरा मायका और ससुराल दोनों है।कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विशेष अतिथि का स्वागत-सम्मान साँझ के साथी के अध्यक्ष अजित गुप्ता तथा संयुक्त सचिव ज्योतिनारायण द्वारा किया गया।

ज्योतिनारायण के कुशल संचालन में हुई काव्य संध्या की शुरुआत हर्षलता दूधोरिया द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात् वेणुगोपाल भट्टड, हर्षलता दूधोरिया, प्रेमलता श्रीवास्तव, बजरंग भगत, अंजनी कुमार गोयल, नंदगोपाल भट्टड, ज्योतिनारायण तथा रवि बैद ने अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ कर सबका मन मोह लिया।

डॉ. कविता वाचक्नवी ने अपने हैदराबाद प्रवास की स्मृतियाँ साझा करते हुए कहा कि वे सदैव साँझ के साथी परिवार से जुड़ी रहेंगी। उन्होंने अपनी चुनिंदा कविताएँ एवं गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. ऋषभदेव शर्मा ने अपनी अध्यक्षीय टिप्पणी में कहा कि आज की संध्या में उत्कृष्ट कविताएँ सुनने को मिलीं, जो हिन्दी साहित्य की सशक्त परंपरा को आगे बढ़ाती हैं।

नंदगोपाल भट्टड के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. मोहन गुप्ता एवं डॉ. महेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

*अग्रसेन टैलेंट कमेटी द्वारा बाल दिवस उपलक्ष्य में*

# बाल प्रतियोगिता का आयोजन 16 को

**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज, तेलंगाना के तत्वावधान में अग्रसेन टैलेंट कमेटी द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 16 नवंबर 2025 को एक भव्य बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन अग्रवाल समाज, तेलंगाना के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित होने वाला पहला अग्रवाल समाज गौरव कार्यक्रम है। कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें - वाद-विवाद प्रतियोगिता (विषय - क्या स्कूल कैंटीन में जंक फूड जरूरी है?), चित्रकला एवं रंग भरने की प्रतियोगिता (विषय - प्रकृति बचाओ),

गायन, नृत्य एवं वाद्य संगीत प्रतियोगिता, बेकार वस्तुओं से उपयोगी



वस्तु निर्माण प्रतियोगिता,

जैसी विभिन्न श्रेणियाँ शामिल हैं।कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ की गई मुहिम 'वोकल फॉर लोकल' को बच्चों के माध्यम से प्रोत्साहित करना है। इस उद्देश्य से बच्चों द्वारा तैयार की गई फूड स्टॉल्स और हस्तनिर्मित वस्तुओं की बिक्री के माध्यम से उन्हें स्वावलंबन और उद्यमिता की भावना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।इस प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे। लगभग 100 से अधिक प्रतिभागी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने टैलेंट का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन टी.वी.जी. मेंशन, 6वीं मंज़िल, खैराताबाद में किया जाएगा।इसी संदर्भ में आयोजित ऑनलाइन ज़ूम मीटिंग में अग्रवाल समाज, तेलंगाना की सह मंत्री सीमा जैन के निर्देशन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।कार्यक्रम की सफलता हेतु अग्रसेन टैलेंट कमेटी की चेयरमैन नीना अग्रवाल, वाइस चेयरमैन गीता अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न शाखाओं के वॉलिंटियर्स - कीर्ति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, रजनी गोयल, कीर्ति अग्रवाल (ज्ञानबाग कॉलोनी), प्रीति गोयल, नीति अग्रवाल आदि भी तैयारी में जुटे हुए हैं।कार्यक्रम आयोजकों ने कहा कि - बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें अपने टैलेंट को निखारने का हर अवसर मिलना चाहिए। अग्रसेन टैलेंट कमेटी इसी भावना से यह आयोजन कर रही है।

# बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट द्वारा औरंगाबाद में नवजात शिशुओं की बड़े पैमाने पर सहायता

**औरंगाबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट द्वारा औरंगाबाद स्थित हेडगेवार अस्पताल में उपचार करा रहे समय से पहले जन्मे नवजात शिशुओं की चिकित्सा हेतु बड़े पैमाने पर सहायता प्रदान की गई है। पिछले दस महीनों में ट्रस्ट ने 83 नवजात शिशुओं के उपचार हेतु 21 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

ट्रस्ट के चेयरमैन श्री शरद बी. पित्ती ने बताया कि विगत में हेडगेवार अस्पताल में 90 लाख रुपये की लागत से नवजात शिशुओं की चिकित्सा हेतु एक अत्याधुनिक पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि समय से पहले जन्म लेना नवजात के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करता है।

ऐसे बच्चे, जो गर्भावस्था के 37वें सप्ताह से पहले जन्म लेते हैं, उनके अंग जैसे मस्तिष्क, फेफड़े और पाचन तंत्र पूरी तरह विकसित नहीं होते, जिससे उन्हें सांस लेने, दूध पीने या शरीर का तापमान बनाए रखने में कठिनाई होती है। चिकित्सा प्रौद्योगिकी में आई प्रगति के कारण आज ऐसे बच्चों का उपचार संभव है और वे पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकते हैं।

श्री पित्ती ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष विशेष रूप से समय से पूर्व जन्मे शिशुओं के उपचार हेतु सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत हेडगेवार अस्पताल के सहयोग से 83 नवजातों का उपचार किया गया। इनमें से 78 शिशु पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं।

ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री अक्षय एस. पित्ती ने बताया कि हेडगेवार अस्पताल, औरंगाबाद के सहयोग से यह सेवा भविष्य में भी जारी रखी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि श्री रामकृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, औरंगाबाद में साढ़े सात करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य भी ट्रस्ट द्वारा कराया जा रहा है।

# एशियाई थैलेसीमिया कॉन्क्लेव हैदराबाद में 10 जनवरी से

**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** थैलेसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी (टीएस-सीएस), हैदराबाद, ने थैलेसीमिया इंटरनेशनल फेडरेशन (टीआईएफ), साइप्रस, और इंडियन सब-कॉन्टिनेंट नेटवर्क फॉर हीमोग्लोबिन डिसऑर्डर (आईएसएनएचडी) के सहयोग से, एशियाई थैलेसीमिया कॉन्क्लेव (एटीसी) 2026 की घोषणा की है, जिसका मुख्य विषय है - मिशन थैलेसीमिया-मुक्त भारत- 2035 है।

यह कॉन्क्लेव 10-11 जनवरी, 2026 को टीएससीएस मणि राम रतन राठी ऑडिटोरियम, हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। इसमें थैलेसीमिया और संबंधित हीमोग्लोबिन विकारों से मुक्त भविष्य की दिशा में आंदोलन को गति देने के लिए वैश्विक विशेषज्ञ, चिकित्सक, शोधकर्ता, नीति-निर्माता और रोगी अधिवक्ता एक मंच पर जुटेंगे।

इस कार्यक्रम की शोभा तेलंगाना सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की आयुक्त और मिशन निदेशक (एनएचएम), डॉ. एस. संगीता सत्यनारायण, आईएएस, मुख्य अतिथि के रूप में बढ़ाएँगी, जबकि थैलेसीमिया इंटरनेशनल फेडरेशन , साइप्रस की कार्यकारी निदेशक, डॉ. एंड्रौला एलिफथेरियो, सम्मानित अतिथि होंगी। उनकी भागीदारी सहयोगी अनुसंधान, जन जागरूकता और नीति सुधारों के माध्यम से थैलेसीमिया को खत्म करने के लिए सरकारी निकायों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य थैलेसीमिया प्रबंधन में जीन थेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन सहित अग्रणी प्रगति को प्रदर्शित करना है, साथ ही रोकथाम, शीघ्र पता लगाने और समग्र देखभाल के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक नीतियों को मज़बूत करना है। एटीसी 2026 आजीवन रोगी प्रबंधन में अंतराल को पाटने के लिए बाल चिकित्सा और वयस्क रुधिर रोग विशेषज्ञों के बीच सहयोग को भी सुगम बनाएगा।

कॉन्क्लेव के बारे में बात करते हुए, डॉ. चंद्रकांत अग्रवाल, अध्यक्ष, टीएससीएस, ने कहा, एशियाई थैलेसीमिया कॉन्क्लेव 2026 हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है, जिसका लक्ष्य 2035 तक भारत को थैलेसीमिया-मुक्त बनाना है। दुनिया भर से सबसे प्रबुद्ध दिमागों और सबसे दयालु हृदयों को एक साथ लाकर, हमारा लक्ष्य रोकथाम, उपचार और जागरूकता में कार्रवाई योग्य रास्ते बनाना है। हमारा लक्ष्य केवल चिकित्सा उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन है - यह सुनिश्चित करना कि भारत में पैदा होने वाले हर बच्चे को थैलेसीमिया-मुक्त जीवन का मौका मिले।

# सेवा का फल आज नहीं तो कल मिलेगा : सुभाष अग्रवाल




**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में इंडो-अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने केबीआर पार्क पर आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम में समाजसेवी सुभाष अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा का फल कभी व्यर्थ नहीं जाता, आज नहीं तो कल अवश्य मिलता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति दीन-हीन, निर्धन और भूखे जनों की सेवा करता है, वह वास्तव में परमात्मा की सच्ची आराधना करता है। सेवा का अवसर मिलना भी अपने आप में सौभाग्य और ईश्वर का आशीर्वाद है।

सुभाष अग्रवाल ने कहा कि राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा संचालित यह अन्नदान कार्यक्रम न केवल भूखों को भोजन उपलब्ध करा रहा है, बल्कि समाज में करुणा, दया और मानवता का संदेश भी फैला रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार समाजसेवा में योगदान दे, क्योंकि दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ा पुण्य है। इस अवसर पर सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, रणधीर सहित ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# महारास में गाए जाने वाले पांच गीत भागवत के पांच प्राण हैं



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शाह परिवार द्वारा आयोजित श्री जलाराम बापा मंदिर, सिकंदराबाद में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत में व्यासपीठ पर आसीन पं. मनोज जी त्रिवेदी (श्रीमाली) ने मथुरालीला, कृष्ण-रुक्मिणी विवाह, महारास पर प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि रासलीला केवल नृत्य गीत का प्रसंग नहीं बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के मिलन की पावन कथा है। कथा व्यास पंडित मनोज जी त्रिवेदी ने बताया कि जब कोई भक्त प्रभु को अपना सर्वस्व समर्पित कर देता है तभी महारास घटित होता है।

पंडित मनोज जी त्रिवेदी ने श्री रासलीला महात्म्य का वर्णन अपने मधुर कंठ से करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की रासलीला केवल नृत्य या गीत का प्रसंग नहीं है, बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के मिलन की गाथा है। उन्होंने सअमझाया कि रास शरीर का नहीं आत्मा का विषय है जब कोई समर्पित भाव से प्रभु का स्मरण करता है तो उसकी आत्मा प्रभु में लीन हो जाती है और परमात्मा सहज रूप से सामने आ जाते हैं।

उन्होंने कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया के श्री कृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों को बुलाया लेकिन जब गोपियों के भीतर भक्ति का अहंकार जागृत हुआ तो श्री कृष्णा ओझल हो गए। गोपियों ने गोपी गीत के माध्यम से अपनी भक्ति और प्रेम व्यक्त किया जिससे प्रभु प्रकट हुए और महारास का आयोजन हुआ। आचार्य ने कहा महारास में गाए जाने वाले पांच गीत भागवत के पांच प्राण हैं। जो भी इन्हें सच्चे भाव से गाता है वह भवसागर पार कर लेता है और उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।

कथा के अंतिम दिन विश्राम कथा में भगवान श्री कृष्ण सुदामा मित्रता की अलौकिक कथा का वर्णन किया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षित मोक्ष, शुकदेव विदाई का प्रसंग भक्त जनों को श्री मुख से सुनाया जाएगा।कथा प्रसंग के बाद भागवत कथा का महत्व बताते हुए पंडित जी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की लीला कलयुग में मानव जीवन का उद्धार करने का सबसे सरल मार्ग है। उन्होंने कहा कलयुग में प्रभु के नाम उच्चारण मात्र से कल्याण संभव है ऐसा अन्य युगों में नहीं था।भागवत कथा में फूलों की होली ने सभी भक्तों को भाव विभोर करते हुए नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। फूलों की होली के बीच भगवान श्री कृष्णा और राधा रानी की अलौकिक छवि पर सभी भक्तों ने पुष्प वर्षा कर मंगल गीत गाए। शुक्रवार को कथा का समय प्रातः 9.00 बजे से रहेगा।

# काल भैरव जयंती पर 'वन भोजनालु' का भव्य आयोजन



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
हैदराबाद के गच्ची बावली स्थित हिल रिज स्प्रिंग्स सोसाइटी में महिलाओं ने काल भैरव जयंती एवं कालाष्टमी के अवसर पर पारंपरिक 'वन भोजनालु' कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम की शुरुआत आँवले के वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें महिलाओं ने श्रीलक्ष्मी स्तोत्रम् और श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का सामूहिक पाठ किया। इसके पश्चात् सभी ने वृक्ष की छाँव में सामूहिक भोजन का आनंद लिया।कार्यक्रम के अंतर्गत सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड्स, सफाई कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगी स्टाफ को प्रसादम वितरित किया गया। वातावरण भक्तिमय और सौहार्दपूर्ण रहा।इस अवसर पर महिलाओं ने अनेक आकर्षक खेलों और तंबोला का भी आनंद लिया।कार्यक्रम में गीता अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, आशा अग्रवाल, मंजू शर्मा, डोली, हरिणी, झांसी, शारदा, हेमा, ज्योत्सना, ज्योति सक्सेना, मैत्री, सुंदरी, कुमारी, प्रमिला सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# दया मनुष्य को देवत्व के निकट ले जाती है : महेश गुप्ता



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन (पिलर नंबर 1265-ए) के पास आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम में ग्रुप सदस्य श्री महेश गुप्ता ने कहा कि विनम्रता मनुष्य को महान बनाती है, उदारता यश दिलाती है, लेकिन दया तो मनुष्य को देवता बना देती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के स्वार्थपूर्ण और प्रतिस्पर्धी युग में दया व सेवा का भाव समाज में नई रोशनी फैलाता है। यह निस्वार्थ अन्नदान केवल भूख मिटाने का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता का उत्सव है। श्री गुप्ता ने ग्रुप सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सेवा, करुणा व सहयोग की इस भावना से जुड़े हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जीवन में दया, सहानुभूति व विनम्रता को अपनाएं, क्योंकि यही गुण मनुष्य को सच्चा महान बनाते हैं।

इस अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, ई. जगन चंपापेट, नंदकिशोर अग्रवाल, महेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, अशोक गुप्ता, भगतराम गोयल, रवि शर्मा, भाकर राम कुमावत, कमला देवी, महेश अग्रवाल, श्यामसुंदर अग्रवाल, सविता अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, जयप्रकाश सारडा, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया, उमाकांत गुप्ता, गौरव गोयल, मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# हिरासत में रेप केस पर सुप्रीम कोर्ट को शर्म : बीआर गवई

## 47 साल पहले कोर्ट ने नागरिकों को निराश किया



**नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने 47 साल पुराने एक रेप केस में शीर्ष अदालत के फैसले को संस्थागत शर्मिंदगी का क्षण बताया है। सीजेआई गवई ने कहा कि 1979 में दिए गए उस फैसले ने न्यायपालिका से जनता का भरोसा कमजोर किया था।

सीजेआई गवई ने 30वें सुनंदा भंडारे मेमोरियल लेक्चर में कहा - यह भारत के न्यायिक इतिहास का सबसे अधिक परेशान करने वाला क्षण था, जब न्याय व्यवस्था उसी की गरिमा की रक्षा नहीं कर सकी, जिसकी रक्षा करना उसका उद्देश्य था।

यह मामला महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले का था, जहाँ वर्ष 1972 में एक 14 से 16 वर्ष की अनुसूचित जनजाति की नाबालिग लड़की के साथ दो पुलिसकर्मियों द्वारा हिरासत में रेप किए जाने का आरोप लगा था। मामले को बाद में मथुरा रेप केस के नाम से जाना गया।

सत्र न्यायालय ने अभियुक्तों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि लड़की की सहमति से यह संबंध बना।बाद में बंबई हाईकोर्ट ने इस निर्णय को पलटते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया, लेकिन 15 सितंबर 1978 (रिपोर्टेड 1979) को सुप्रीम कोर्ट ने अभियुक्तों को फिर से बरी कर दिया।

न्यायालय ने उस समय कहा था कि पीड़िता ने प्रतिरोध नहीं किया, शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं, इसलिए यह जबरदस्ती नहीं मानी जा सकती।

इस फैसले की देशभर में तीखी आलोचना हुई और इसे न्यायपालिका की असंवेदनशीलता का प्रतीक बताया गया।

# मांगसीर बदी नवमी उत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
नवमी नारायणी महिला मंडल एवं मां नारायणी फाउंडेशन के तत्वावधान में आज घांसी बाजार स्थित श्री रानी सती दादीजी मंदिर प्रांगण में मांगसीर बदी नवमी उत्सव का अत्यंत भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योत प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात भक्तों ने कतारबद्ध होकर रानी सती दादीजी के दर्शन किए। इस अवसर पर मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक अम्बरीष कुमार ने श्री रानी सती दादी का संगीतमय मंगल पाठ प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति भाव से आलोकित हो उठा।

मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया था, जहाँ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में मां नारायणी फाउंडेशन के अध्यक्ष मधुसूदन सौंथलिया, मानद मंत्री आर. ए. अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल अग्रवाल, तथा नवमी नारायणी महिला मंडल से पुष्पा जलान, किरण तुलस्यान, चंद्रा जालान सहित अनेक महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

मंदिर के महाराज चिल्केश महाराज, रिंकू महाराज एवं हजारों की संख्या में उपस्थित दादी भक्तों ने उत्सव में भाग लेकर दादीजी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आधी आबादी के स्वावलंबन की मिसाल बनी बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी

## 20 हजार से अधिक महिलाएं बनीं लखपति दीदी,प्रतिदिन हो रहा 2.72 लाख लीटर दूध का संग्रह

**लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसियां)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़ी ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से संगठित करते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न प्रकार की कृषि एवं गैर-कृषि आधारित आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें लखपति महिला बनाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है, विभिन्न विभागो द्वारा संचालित योजनाओं से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा जा रहा है ताकि वे सालाना कम से कम एक लाख या उससे अधिक की आय अर्जित कर सकें।ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सकारात्मक व प्रभावी कदम उठाए गये हैं। इसी कड़ी में बुन्देलखण्ड में संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। बलिनी आधी आबादी के स्वावलंबन की मिशाल बन गयी है। कम्पनी दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध एकत्र करने के बाद उसे संरक्षित कर बेचती हैं। महिलाओं की इस साहसिक पहल ने उनकी आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चलाई जा रही कम्पनी सदस्यों को पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था, कृत्रिम गर्भाधान, गुणवत्तायुक्त पशु आहार आदि सुविधाएं भी मुहैया करा रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी की स्थापना 2019 में झांसी में की गयी थी। कम्पनी का उद्देश्य सदस्य उत्पादकों को विशेष रूप से महिलाओं के हितों की रक्षा करना है। दूध उत्पादकता बढ़ाने के लिए पारदर्शी तरीका, समय पर भुगतान, क्षमता निर्माण, एवं पशुधन सहायता सेवा में प्रदान करने के अपने इन उद्देश्यों को पूरा करने में बलिनी आज बड़ा नाम बन चुकी है। बलिनी में अपने संग्रह से भण्डारण तक की प्रक्रिया में बिचौलियों को दूर रखा गया है, इससे सीधे किसानों को भी लाभ मिल रहा है।बुन्द-लखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत सातों जनपदों के 1351 ग्रामों से 90 हजार महिलाओं द्वारा प्रतिदिन 2.72लाख लीटर दुग्ध का संग्रह किया जा रहा है। अभी तक 02 हज़ार करोड़ का कारोबार करते हुए 1677 करोड़ का भुगतान पूर्ण करते हुए 31 करोड़ का लाभांश अर्जित किया गया है। कम्पनी में 20000 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

# किनवट नगर परिषद चुनाव 2025 : नामांकन प्रक्रिया शुरू, एक नगराध्यक्ष और दो नगर पार्षदों ने दाखिल किए आवेदन



**किनवट, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
किनवट नगर परिषद आम चुनाव 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया 10 नवंबर से शुरू हो चुकी है। नगर प्रशासनिक भवन में रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के मार्गदर्शन में फार्म स्वीकार करने की सभी तैयारियां प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई हैं।

प्रारंभिक दो दिनों (10 से 12 नवंबर) में समय की कमी और अन्य कारणों से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था, किंतु 13 नवंबर 2025 को नगराध्यक्ष और नगरसेवक पदों के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए।अब तक प्राप्त नामांकन इस प्रकार हैं - नगराध्यक्ष पद के लिए: श्रीमती मेहजबीन अकबर खान।नगरसेवक पद (वार्ड क्रमांक 2) के लिए: श्रीमती कल्पना स्वामी कलगुटवार।

नगरसेवक पद (वार्ड क्रमांक 3) के लिए: श्री दीपक व्यंकणा नेम्मानिवार। इस प्रकार कुल तीन नामांकन आवेदन दाखिल किए गए हैं।

नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आगामी दिनों में और भी संभावित उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने की संभावना जताई जा रही है।

## ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीवीजी इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता

# चंदन चौकी में 5 एकड़ में बनेगा नेचर एंड वेलनेस टूरिज्म का नया केंद्र : जयवीर

**लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध ईको टूरिज्म स्थल दुधवा नेशनल पार्क अब पर्यटन के नए अध्याय लिखने जा रहा है। लखीमपुर खीरी के चंदन चौकी गांव में करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में 'होलिस्टिक वेलनेस टूरिज्म' थीम पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक विशेष आवासीय पर्यटन इकाई विकसित की जाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह पहल दुधवा को केवल वन्यजीव प्रेमियों का प्रमुख गंतव्य ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, प्रकृति और शांति की तलाश में आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक आदर्श अनुभव केंद्र बनाएगी। पर्यटकों के लिए विभिन्न श्रेणी के लग्जरी कॉटेज बनाए जाएंगे। ये कॉटेज न केवल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। बल्कि प्रकृति के बीच सुकूनभरा अनुभव भी देंगे।

## कार्टून कॉर्नर




## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 1,30,130/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 1,66,660/- (प्रति किलोग्राम)

# राष्ट्रीय बाल दिवस पर आज इन्दिरा गांधी नक्षत्रशाला में नि:शुल्क आधार कैम्प एवं विविध खगोलकीय प्रतियोगिताएँ

**लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसियां)।**
इन्दिरा गांधी नक्षत्रशाला लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर को नक्षत्रशाला परिसर में एक दिवसीय विशेष आयोजन किया जा रहा है।

इस कैम्प में बच्चों सहित आगंतुकों के नए आधार कार्ड नि:शुल्क बनाए जाएंगे तथा पुराने आधार कार्ड में संशोधन अपडेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। आधार कैम्प का संचालन प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा।बाल दिवस के उपलक्ष्य में नक्षत्रशाला द्वारा विद्यार्थियों के लिए विविध खगोल-विज्ञान आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से सूर्य दर्शन कार्यक्रम, एस्ट्रोनॉमी चित्रकला प्रतियोगिता, खगोल क्विज़ प्रतियोगिता, तथा एस्ट्रोनॉमी जिंगल लेखन प्रतियोगिता शामिल हैं। प्रतियोगिताएँ प्रातः 10 बजे से आरंभ होंगी। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थी नि:शुल्क प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभागियों को नक्षत्रशाला द्वारा प्रतिभाग प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। प् प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 15 नवम्बर को की जाएगी तथा उन्हें विशेष पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

DAILY शुभ लाभ
Classifieds
FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No. 15819553Y L/Nk Trade Chef Com SHAIK MAHAMMAD FAIROSE of Unit:54 Inf.DoU C/o.56 APO hereby declare that my father name and DOB is to be changed from SHAIK NAJEEMULLAH, DOB:02-04-1961 to SHAIK NAJIMULLA, DOB:01-01-1961.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No. 15819553Y L/Nk Trade Chef Com SHAIK MAHAMMAD FAIROSE of Unit:54 Inf.DoU C/o.56 APO hereby declare that my mother name and DOB is to be changed from SHAIK SAIDABI, DOB:02-04-1968 to SHAIK SAIDHA BEE, DOB:01-01-1966.

**CHANGE OF NAME**
I, No.15327620L Hav V ESWARA RAO IELIPILLA, Resident of D.No.5-24, Rayanapeta, Near Rayanapeta Anganwadi School, Tallavalasa, Peddipalem, Bheemunipatnam, Visakhapatnam-531163, Andhra Pradesh that my daughter name is changed from ILLUPILLA YASASWINI to IELIPILLA YASASWINI vide affidavit dt:13-11-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.15327620L Hav V ESWARA RAO IELIPILLA, Resident of D.No.5-24, Rayanapeta, Near Rayanapeta Anganwadi School, Tallavalasa, Peddipalem, Bheemunipatnam, Visakhapatnam-531163, Andhra Pradesh that my son name is changed from ILLUPILLA JAISHNU NAGA VEER to IELIPILLA JAISHNU NAGA VEER vide affidavit dt:13-11-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, YENNI BABURAO is legally Father of service No-17019538P, Rank-HMT, Name-Yenni Maheswara Rao R/o H No- 1-98, Vill- Yarabadu,Tehsil-Narasannapeta, PO-Komarthi, District-Srikakulam, State-Andhra Pradesh, PIN-532421, have changed my name from YENNI BABURAO to YENNI BABU RAO and also date of birth changed from 10/01/1968 * to *20/08/1963 add in my Son service documents vide affidavit date 13 Nov 2025 before Mohd Hameed Khan Advocate Secunderabad.

# श्रावणी हत्या मामला : पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान



**आसिफाबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के दहेगाम मंडल के गेरें गाँव में हत्या की शिकार तलंदी श्रावणी (पुत्री चिन्नैया) के परिवार को जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे और जिला एसपी कांतिलाल पाटिल ने एकीकृत कलेक्ट्रेट भवन में आयोजित कार्यक्रम में परिजनों को कुल 4,12,500 की आर्थिक सहायता दी।

इसके अलावा, इंदिराम्मा आवास योजना के तहत 5 लाख की लागत से मकान निर्माण की स्वीकृति दी गई तथा अतिरिक्त 5 लाख की सहायता राशि भी मंजूर की गई। बचत महिला संघ की ओर से 1 लाख का चेक भी प्रदान किया गया। प्रशासन ने बताया कि मृतका के छोटे भाई तलंदी प्रसिक का दाखिला सरकारी आवासीय विद्यालय (कक्षा 4) में कराया गया है।

एसपी कांतिलाल पाटिल ने नागरिकों से किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 100 नंबर या नजदीकी पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला, अतिरिक्त कलेक्टर डेविड, डीएसपी वहीदुद्दीन, राजस्व अधिकारी लोकेश्वर राव, विशेष शाखा निरीक्षक राणा प्रताप, दहेगाम एसआई विक्रम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोया खरीदी केंद्र का निरीक्षण, किसानों ने विशेष अनुरोध किया



**मदनूर, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एन सी सी एफ) के अधिकारियों ने आज स्थानिक कृषि बाजार समिति मैदान में संचालित सोया खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। यह खरीदी कार्यक्रम खरीफ सीजन 2025 के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत तेलंगाना राज्य सहकारी विपणन संघ (टीजी मार्कफेड) के तत्वावधान में चल रहा है। सोयाबीन की खरीदी प्रति क्विंटल 5328/- की दर से की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों के साथ बैठक कर सोया खरीदी की प्रक्रिया और चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। किसानों ने बताया कि इस वर्ष अधिक बारिश के कारण सोया की फसल काटते समय उसमें मीठी का प्रमाण कम ज्यादा हुआ है।

इस कारण उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि सोया फसल को नकारात्मक रूप से न देखते हुए सभी किसानों का सोया बीन खरीदा जाए।

इस विषय पर अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लिखित रूप में दिया जाए, जिसे दिल्ली स्थित अधिकारियों को भेजा जाएगा। उनके आदेशानुसार सोया खरीदी की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी।

# एनसीईआरटी जीव विज्ञान प्रशिक्षण के लिए वडलुरी राजेश का चयन



**आसिफाबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आसिफाबाद जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद हाई स्कूल, जनकपुर की जीव विज्ञान शिक्षिका वडलुरी राजेश का चयन एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हुआ है। यह प्रशिक्षण इस महीने दिल्ली में 18 से 21 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। वडलुरी राजेश ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लिंग (सेक्स) शिक्षा तथा ट्रांसजेंडर शिक्षा के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वे राज्य से चयनित पाँच शिक्षकों में से एक हैं।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उमाबाला और सहकर्मी शिक्षकों ने उनके चयन पर हार्दिक बधाई दी।

## डबल बेडरूम आवास :

# कांग्रेस विधायक के निजी सहायक पर महिला नेता ने लगाया गंभीर आरोप

**मंचेरियाल, 13 नवम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिले के बेल्लमपल्ली क्षेत्र में डबल बेडरूम आवास योजना में रिश्वतखोरी और दबाव की घटनाओं ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। कांग्रेस विधायक के निजी सहायक (पीए) और एक महिला कांग्रेस नेता के बीच कथित फोन वार्ता का ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में है।

वायरल ऑडियो में कथित रूप से निजी सहायक एक महिला नेता से कहता हुआ सुना गया – अगर आप तीन लाख रुपये देती हैं, तो हम आपको डबल बेडरूम का घर दिला देंगे। कांग्रेस नेताओं और पीए को भी हिस्सा देना होगा।इस बातचीत ने पूरे जिले में राजनीतिक भूचाल ला दिया है। बताया जा रहा है कि यह वार्ता 7 नवंबर की रात बेल्लमपल्ली बाजार इलाके में रहने वाली महिला कांग्रेस नेता और विधायक के निजी सहायक के बीच हुई थी।ऑडियो सामने आने के बाद पीए ने महिला नेता से कई बार संपर्क किया और पूछा कि रिकॉर्डिंग किसे दी गई है। महिला नेता ने जवाब दिया कि उन्होंने किसी को ऑडियो नहीं भेजा, लेकिन पीए ने धमकी भरे लहजे में कहा कि आप सावधान रहें, मैं अभी मुख्यमंत्री के जन्मदिन समारोह में जा रहा हूँ।

महिला नेता ने पलटकर सवाल उठाया – आप जैसे सहायकों को जनता से पैसे मांगने की इतनी हिम्मत कैसे मिलती है? जिन लोगों ने पार्टी के लिए काम किया, उन्हें नजरअंदाज कर रिश्वत मांगने वालों को बढ़ावा क्यों दिया जा रहा है?बातचीत के बाद पुलिस ने बुधवार को महिला नेता को फोन कर एसीपी कार्यालय में बुलाया, लेकिन बाद में स्थान बदलकर वन टाउन पुलिस स्टेशन बुलाया गया, जहाँ उनसे पूछताछ की गई।

# नाफेड द्वारा सोयाबीन खरीदी न करने पर आंदोलन की चेतावनी



**मदनूर, 13 नवम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कांग्रेस पार्टी मंडल अध्यक्ष दरासवार सायलू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कृषि बाजार समिति कार्यालय में आयोजित प्रेस मीट में कहा कि इस वर्ष अधिक वर्षा होने से सोयाबीन फसल में काली मिट्टी का अनुपात बढ़ गया है, जिसके कारण नाफेड अधिकारी किसानों की उपज खरीदने में बाधाएँ उत्पन्न कर रहे हैं।सायलू ने चेतावनी दी कि यदि नाफेड द्वारा शीघ्र ही सोयाबीन खरीदी प्रारंभ नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तेलंगाना के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, जबकि राज्य की कांग्रेस सरकार बारिश में भीगी हुई धान फसल की खरीद कर किसानों के साथ न्याय कर रही है।सायलू ने कहा कि कांग्रेस सरकार वास्तव में किसानों की सरकार है और वह हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन कल

**आसिफाबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला मुख्य न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एम.वी. रमेश ने बताया कि इस माह की 15 तारीख को जिला केंद्र स्थित न्यायालय भवन परिसर में एक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान मध्यस्थता के माध्यम से मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

इसमें आपराधिक सुलहनीय प्रकरण, एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, पारिवारिक विवाद, वाहन दुर्घटना, दीवानी, बैंक वसूली और अन्य प्रकार के मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने लंबित मामलों को सुलह और आपसी समझौते के माध्यम से हल करने के लिए इस विशेष लोक अदालत में भाग लें।

# स्वतंत्रता सेनानी गोडा यादगिरी की स्मृति में सामुदायिक भवन का निर्माण : बीरला ऐलैया



**अलेरू, 13 नवम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्वतंत्रता सेनानी एवं तेलंगाना किसान सशस्त्र संघर्ष के नेता गोडा यादगिरी की स्मृति में गुंडलापल्ली गाँव में एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। यह घोषणा सरकारी सचेतक बीरला ऐलैया ने गुरुवार को गोडा यादगिरी गारू की 26वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में की।बीरला ऐलैया ने कहा कि गोडा यादगिरी गारू ने गरीबों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया और उनकी प्रेरणा से वे अलेरू के विकास के लिए कार्यरत रहेंगे। उन्होंने बताया कि गोडा यादगिरी गारू ने दृष्टिहीन होने के बावजूद गरीबों की कठिनाइयों को समझा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अलेरू क्षेत्र में अनेक गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराए, सरकारी कार्यालयों की स्थापना, तथा पथगुट्टा रोड पर घरों के वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐलैया ने यह भी घोषणा की कि आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी भाकपा (उझख) के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी और क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करेगी।सीपीआई राष्ट्र समिति सदस्य गोडा श्रीरामुलु ने कहा कि गोडा यादगिरी गारू ने कामरेड अरुतला रामचंद्र रेड्डी और कमलादेवी के नेतृत्व में क्षेत्र में कम्युनिस्ट आंदोलन को मजबूत किया। उन्होंने बताया कि उनकी पहल से एमआरओ कार्यालय, बस स्टैंड, और नगरपालिका कार्यालय की स्थापना हुई, साथ ही गणेश नगर और बीसी कॉलोनी में गरीबों को घर उपलब्ध कराए गए।

इस अवसर पर सीपीआई जिला कार्यकारी सदस्य कल्लेम कृष्णा, बंदी जंगम्मा, कोल्लू राजैया, पेराबोयिना महेंदर, कल्लापल्ली महेंदर, गोरेती रामुलु (एआईटीयूसी), चेका वेंकटेश (प्रजा नाट्यमंडली), एशला अशोक (बीसी राइट्स मूवमेंट), मंगा सत्यनारायण (कांग्रेस मंडल अध्यक्ष) सहित कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कड़ी मेहनत से पढ़ो और जीवन में ऊँचाइयों को छुओ : एसीपी आर. प्रकाश




**मंचेरियाल, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रामागुंडम पुलिस कमिश्नर अंबर किशोर झा के आदेशानुसार और डीसीसी भास्कर की देखरेख में महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा और जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंचेरियाल शे टीम इंचार्ज एसआई उषा रानी, हैमा तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग के नेतृत्व में कार्मेल कॉन्वेंट हाई स्कूल, मंचेरियाल में संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि एसीपी आर. प्रकाश ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत से पढ़ो और जीवन में ऊँचाइयों को छुओ। उन्होंने साइबर अपराधों और सोशल मीडिया धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्र सोशल मीडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि) पर अनजान लोगों से दोस्ती न करें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

एसीपी ने बताया कि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन या ऑफलाइन उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम पुलिस, डायल 100, या शे टीम नंबर (6303923700, 8712659385) पर संपर्क करें। उन्होंने छात्राओं को गुड टच-बैड टच की पहचान करने और किसी भी अनुचित व्यवहार की तुरंत सूचना देने की सलाह दी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए T-Safe ऐप डाउनलोड करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्यनारायण ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और बिना लाइसेंस वाहन न चलाने की सलाह दी ताकि सड़क हादसों से बचा जा सके।कार्यक्रम में प्रिंसिपल सिस्टर सारूप्या, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर सीमा, महिला कांस्टेबल ज्योति, श्रीलता, कांस्टेबल सतीश, स्कूल स्टाफ तथा लगभग 600 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोरुटला बार एसोसिएशन ने एडवोकेट पर हमले की निंदा की, वकीलों ने किया कर्तव्यों का बहिष्कार



**जगतियाल, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोरुटला बार (एडवोकेट) एसोसिएशन ने एडवोकेट पुट्टा अनिल कुमार पर हुए पुलिस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे न्यायपालिका पर हमला करार दिया है। इस घटना के विरोध में वकीलों ने अपने कर्तव्यों का बहिष्कार किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष बैरी विजय कुमार ने कहा कि राज्य सरकार को वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में वकीलों पर किसी भी प्रकार का हमला होता है, तो सभी अधिवक्ता एकजुट होकर आंदोलन करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर सरकार को झुकाने के लिए संघर्ष भी करेंगे।कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के लाल किले पर हाल ही में हुए बम धमाके में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और घायलों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।इस अवसर पर अध्यक्ष बैरी विजय कुमार, सचिव कोमपल्ली सुरेश, संयुक्त सचिव चिलिवेरी राजशेखर, खेल सचिव फसीउद्दीन, वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य कडकुंतला सदाशिवराजू, गोन सदानंद, चपा वंदना, कनिष्ठ कार्यकारी सदस्य रसभक्तुला राजशेखर, उरदी नरेंद्र, पुस्तकालय सचिव मरिपल्ली गंगाधर, वरिष्ठ अधिवक्ता चपा किशोर, कोलुगुरी श्रीपति राव सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। कई जूनियर वकीलों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के चयन हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए : कलेक्टर



**आसिफाबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी गैस लाभार्थियों के चयन के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए।

गुरुवार को जिला केंद्र स्थित एकीकृत जिला कलेक्ट्रेट भवन सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नागरिक आपूर्ति विभाग, तहसीलदारों, नगर आयुक्तों, परिवहन, कृषि, मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के प्रतिनिधियों के साथ योजना की प्रगति की समीक्षा की।कलेक्टर ने बताया कि केंद्र सरकार निःशुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों की पहचान के लिए गाँव-गाँव में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ और स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को इस अभियान में शामिल किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी अपात्र व्यक्ति के नाम पर उज्ज्वला सिलेंडर जारी किया गया है, तो उसकी गहन जाँच कर उसे तुरंत हटाया जाए। साथ ही आय, भूमि क्षेत्रफल और वाहन स्वामित्व जैसी सूचनाएँ एकत्र कर पात्रता का सत्यापन किया जाए।

बैठक में जिला नागरिक आपूर्ति अधिकारी वसंतलक्ष्मी, परिवहन अधिकारी रामचंद्र, कृषि अधिकारी वेंकट, मत्स्य अधिकारी संबाशिव राव, तहसीलदार, पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुग्गा कोनेरू परिसर में 12 नदियों के जल से गंगा आरती का आयोजन आज

**बेल्लमपल्ली, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अन्नदान ट्रस्ट की अध्यक्ष मसाडी श्रीदेवी श्रीरामुलु ने बताया कि बेल्लमपल्ली विधानसभा क्षेत्र के कन्नाला ग्राम पंचायत स्थित बुग्गा राजराजेश्वर स्वामी मंदिर परिसर के कोनेरू में 12 नदियों के पवित्र जल से भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 10 बजे वैदिक विद्वानों के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की अपेक्षा की जा रही है।

कार्यक्रम कार्तिक मास के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे भगवान राजराजेश्वर स्वामी के दर्शन के साथ-साथ इस गंगा आरती में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

दूर-दूर से आने वाले भक्तों के लिए तीर्थ प्रसाद एवं अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों ने सभी भक्तों से इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित होकर भगवान की कृपा के पात्र बनने की अपील की है।

# सीपीआई शताब्दी समारोह को सफल बनाने का आह्वान



**कोरुटला, जगतियाल 13 नवम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत की आज़ादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रही है। पार्टी का गठन 26 दिसंबर 1925 को हुआ था और इस अवसर पर राज्यभर में शताब्दी समारोह बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में कोरुटला के प्रभाकर ग्रंथालय में आयोजित बैठक में सीपीआई ज़िला सचिव चेन्ना विश्वनाथम और एटक ज़िला अध्यक्ष सुतारी रामुलु ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 15 से 21 नवंबर तक आदिलाबाद के जोड़ीघाट से भद्राचलम तक चलने वाले राज्यव्यापी अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक में सीपीआई शताब्दी समारोह पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। नेताओं ने कहा कि सीपीआई ने भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने में अग्रणी भूमिका निभाई और स्वतंत्रता के बाद श्रमिकों, किसानों और आम जनता के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि पार्टी के संघर्षों के परिणामस्वरूप बैंकों का राष्ट्रीयकरण, भूमि सुधार, और भूमिहीनों की मुक्ति जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल हुईं।


# इंदिराम्मा आवास योजना में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ बीआरएस का धरना

**बेल्लमपल्ली, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इंदिराम्मा आवास योजना में भ्रष्टाचार, सड़क विस्तारीकरण के नाम पर व्यापारियों से धन उगाही, तथा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में बीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए गुलाबी सरेनू ने आरोप लगाया कि सड़क विस्तारीकरण कार्य के दौरान कुछ लोगों द्वारा स्थानीय व्यापारियों से अवैध रूप से धन वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कन्नाला फ्लाईओवर के बाहरी इलाके समेत शहर के विभिन्न भागों में सरकारी भूमि पर कब्जे और भूमि संबंधी अनियमितताएँ बढ़ती जा रही हैं।

सरेनू ने आरोप लगाया कि इन गतिविधियों के पीछे सत्तारूढ़ दल के नेताओं की मिलीभगत है और प्रशासन को तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।धरना समाप्त होने के बाद टीआरएस प्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

# सड़क मरम्मत कार्य में देरी से बेगम बाजार में यातायात व्यवस्था चरमराई, व्यापारियों में नाराजगी



**मंचेरियाल, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना का प्रमुख थोक व्यापार केंद्र हैदराबाद का बेगम बाजार इन दिनों सड़क मरम्मत कार्यों में देरी के कारण गंभीर यातायात जाम और व्यापारिक अव्यवस्था से जूझ रहा है। दशकों पुरानी सड़कों के नवीनीकरण कार्य के चलते रोजाना हजारों लोगों और व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

लगभग 2,000 दुकानों वाले इस बाजार में प्रतिदिन 30,000 से अधिक लोग आते हैं और 10 से 30 करोड़ रुपये तक का कारोबार होता है। लेकिन संकरी 20 फीट चौड़ी सड़कों, मार्ग परिवर्तन और निर्माण कार्यों के कारण वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि भारी बारिश और सीवेज ओवरफ्लो के कारण 90% से अधिक सड़कें पहले ही क्षतिग्रस्त थीं, जिससे स्थिति और खराब हो गई है। एक सूखे मेवे के व्यापारी ने कहा –

चार दशक से यहां व्यापार कर रहे हैं, लेकिन इस बार जैसी परेशानी पहले कभी नहीं हुई। ग्राहक आना बंद कर रहे हैं और माल लाने-ले जाने में दिक्कतें बढ़ गई हैं।एक अन्य व्यापारी ने बताया कि सड़क खुदाई और निर्माण कार्य के कारण ट्रकों की आवाजाही बंद हो गई है, जिससे माल की आपूर्ति और वितरण में भारी रुकावट आ रही है।

# परिवार के पुराने जाति दस्तावेज़ को मान्य कर प्रमाण पत्र दिए जाएँ : एमसीपीआई(यू)

**बेल्लमपल्ली, 13 नवम्बर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एमसीपीआई(यू) पार्टी ने सरकार से माँग की है कि डबल बेडरूम मकानों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए और परिवार के सदस्यों के पुराने जाति दस्तावेज़ को प्रामाणिक मानकर जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाएँ।गुरुवार को पार्टी के ज़िला सचिव सब्बानी राजेंद्र प्रसाद और ज़िला सह सचिव पासुलेटी वेंकटेश ने बेल्लमपल्ली उपजिलाधिकारी कार्यालय एवं तहसीलदार कृष्ण को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।उन्होंने बताया कि इंदिराम्मा आवास और डबल बेडरूम मकान योजना के आवेदन में जाति और आय प्रमाण पत्र अनिवार्य होने के कारण गरीब और अशिक्षित लोग तहसीलदार कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। कई लोगों के पास पहले से प्रमाण पत्र नहीं हैं, इसलिए उन्होंने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के प्रमाण पत्रों की प्रतियाँ आवेदन के साथ संलग्न की हैं।पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ बिचौलिए वकीलों के हलफ़नामे और राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर के नाम पर लोगों से 200 से 500 रुपये तक वसूली कर रहे हैं।

# जॉन चैंबर्स और यूएसआईएसपीएफ ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के तेलंगाना राइजिंग 2047 विजन का किया समर्थन

## दिसंबर में होगा तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट




**नई दिल्ली/हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संयुक्त राज्य अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी फोरम (यूएसआईएसपीएफ) कॉन्क्लेव में, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के महत्वाकांक्षी विजन को वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं का ज़बरदस्त समर्थन मिला। इस विजन में तेलंगाना को 2034 तक 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था और 2047 तक 3 ट्रिलियन की राज्य सकल घरेलू उत्पाद वाली अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गज और सिस्को के पूर्व सीईओ जॉन चैंबर्स ने रेड्डी के तेलंगाना के विजन की सराहना करते हुए इसे साहसी, स्पष्ट और बहुत प्राप्त करने योग्य बताया और अपने पूरे समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा पेश की गई गेम-चेंजिंग परियोजनाओं और उनके संभावित सामाजिक प्रभाव की प्रशंसा की।

डॉ. मुकेश अघी, सीईओ और अध्यक्ष, यूएसआईएसपीएफ, ने तेलंगाना के विकास रोडमैप के लिए फोरम के पूर्ण समर्थन की घोषणा की।

मुख्यमंत्री के निमंत्रण के जवाब में, डॉ. मुकेश अघी, सीईओ और अध्यक्ष, यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि हमारे अधिकांश सदस्य 8 और 9 दिसंबर को हैदराबाद में आयोजित होने वाले तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट में भाग लेंगे, जहां राज्य के लिए व्यापक विजन का अनावरण किया जाएगा।

वैश्विक निवेशकों को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्य के अद्वितीय लाभों और व्यापार-अनुकूल माहौल को उजागर किया।

उन्होंने कहा, तेलंगाना भारत का सबसे युवा, सबसे गतिशील और सफल राज्य है। हैदराबाद केंद्र में स्थित, सुरक्षित है और अपनी विश्व स्तरीय अवसंरचना और मौसम के लिए जाना जाता है। हम भारतीय बाज़ार का प्रवेश द्वार और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए एक प्रमुख गंतव्य हैं। मैं वैश्विक निवेशकों को हमारे विकास की कहानी में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित करता हूँ।

आगामी वर्षों के लिए उनकी प्राथमिकताओं में महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास, और हैदराबाद को उच्चतम जीवन स्तर वाला वास्तविक विश्व स्तरीय शहर बनाने के लिए शहरी परिवर्तन शामिल हैं।

शिक्षा पर जोर: उन्होंने हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड और ऑक्सफोर्ड जैसे शीर्ष वैश्विक शैक्षणिक संस्थानों को हैदराबाद में ऑफशोर कैंपस स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि आसान वीजा प्रक्रिया और कम लागत से आइवी लीग कार्यक्रम ग्लोबल साउथ के छात्रों के लिए सुलभ हो जाएंगे।

रेड्डी ने प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का विस्तार करते हुए कहा कि पहल जैसे कि भारत फ्यूचर सिटी, मूसी नदी का कायाकल्प, क्षेत्रीय रिंग रोड, रेडियल सड़कें, हैदराबाद मेट्रो विस्तार और एक नया ड्राई पोर्ट तेलंगाना के शहरी और औद्योगिक परिदृश्य को नया आकार देंगे।

भारत फ्यूचर सिटी 30,000 एकड़ में फैला हुआ भारत का सबसे उन्नत, विश्व स्तरीय शहरी केंद्र होगा। कायाकल्प के बाद मूसी रिवरफ्रंट लंदन, टोक्यो, दुबई, या सियोल जैसे वैश्विक शहरों को टक्कर देगा - जो हैदराबाद में एक जीवंत नाइट इकोनॉमी को जोड़ेगा।

उन्होंने तेलंगाना को विनिर्माण के लिए वैश्विक चीन +1 विकल्प के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया और कहा कि राज्य के अवसंरचना और शासन सुधारों का उद्देश्य इसे वैश्विक उद्यमों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाना है। अपने संबोधन का समापन करते हुए, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एक अनूठी घोषणा की:

हम हैदराबाद में महत्वपूर्ण सड़कों का नाम कॉर्पोरेट्स गूगल, मेटा, टीसीएस, इन्फोसिस स्ट्रीट्स के नाम पर रखेंगे। भारत में, अधिकांश सड़कों का नाम राजनीतिक नेताओं के नाम पर रखा जाता है; यह समय है कि हम भविष्य को आकार देने वाले नवप्रवर्तकों और निर्माताओं का सम्मान करें।

# जुबली हिल्स उपचुनाव: मतगणना के लिए सभी तैयारियाँ पूरी



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला निर्वाचन अधिकारी और जीएचएमसी आयुक्त आर. वी. कर्णन ने गुरुवार को कहा कि 11 नवंबर को हुए जुबली हिल्स उपचुनाव में डाले गए वोटों की गिनती के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

युसूफगुडा स्थित कोटला विजयभास्कर रेड्डी इंडोर स्टेडियम के डीआरसी सेंटर में मीडिया को संबोधित करते हुए, उन्होंने बताया कि मतगणना शुक्रवार (14 नवंबर) को सुबह 0800 बजे शुरू होगी, जिसकी शुरुआत पोस्टल बैलेट से होगी।

मतगणना प्रक्रिया का विवरण: कुल मतदान केंद्र: 407 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती की जाएगी।

उम्मीदवार: मैदान में 58 उम्मीदवार होने के कारण, चुनाव आयोग ने 42 काउंटिंग टेबल स्थापित करने की विशेष अनुमति दी है (सामान्य 14 के मुकाबले)।

राउंड: यह प्रक्रिया 10 राउंड में पूरी होने की उम्मीद है, जिसमें पहला रुझान सुबह 10 बजे तक और अंतिम परिणाम दोपहर 1 बजे तक आने की संभावना है।

स्टाफ: इस कार्य के लिए कुल 186 कर्मचारियों को तैनात किया गया है।परिणाम: परिणाम ईसी की वेबसाइट पर समय-समय पर अपलोड किए जाएँगे, और मीडिया के लिए अपडेट प्रदर्शित करने हेतु एक बड़ी एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है।

शहर के संयुक्त पुलिस आयुक्त तफसीर इकबाल ने बताया कि मतगणना केंद्र पर 250 पुलिस कर्मियों और 15 प्लाटूनों को तैनात किया जाएगा।परिसर के अंदर और आसपास धारा 144 लागू रहेगी, और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि शांति भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नकली नोट छापने का भंडाफोड़: कार मैकेनिक सहित आठ गिरफ्तार, 4.75 लाख के जाली नोट बरामद



**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मेहदीपटनम पुलिस ने बुधवार को ईदगाह मैदान, फर्स्ट लांसर क्षेत्र में छापा मारकर एक कार मैकेनिक के घर से 4.75 लाख मूल्य के नकली नोट जब्त किए। इस मामले में मुख्य आरोपी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।मुख्य आरोपी की पहचान 35 वर्षीय कस्तूरी रमेश बाबू, निवासी तंदूर, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रमेश अपने घर में स्कैनर, फोटोशॉप सॉफ्टवेयर और जेके बॉन्ड पेपर की मदद से 500 के नकली नोट छाप रहा था।वह नोटों को हीट गन से सुखाने से पहले उन पर हरे रंग के गिफ्ट पेपर की पट्टी चिपकाता था ताकि सुरक्षा धागे की नकल की जा सके।जांच में खुलासा हुआ है कि रमेश पर पहले भी नकली नोट छापने के मामलों में केस दर्ज हो चुका है। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए इन नकली नोटों की बिक्री करता था।पुलिस ने बताया कि रमेश की मदद करने वाले सात अन्य आरोपी - अब्दुल वहीद, मोहम्मद अब्दुल खादर, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद फहद, शेख इमरान, उमर खान और सैयद अल्तमश अहमद - को भी गिरफ्तार किया गया है।इन सभी पर नकली मुद्रा प्रसारित करने का आरोप है। पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया है और आगे की जांच जारी है।




# अभिनेता नागार्जुन ने मंत्री कोंडा सुरेखा के खिलाफ मानहानि का मामला लिया वापस, विवाद समाप्त

## मंत्री की सार्वजनिक माफी के बाद लिया गया फैसला

**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना की वन मंत्री कोंडा सुरेखा को गुरुवार को बड़ी राहत मिली, जब फिल्म अभिनेता अक्किनेनी नागार्जुन ने नामपल्ली जन प्रतिनिधि न्यायालय में उनके खिलाफ दायर मानहानि का मामला वापस ले लिया।यह विवाद तब शुरू हुआ था जब मंत्री ने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव की आलोचना करते हुए, अभिनेता नागा चैतन्य और सामंथा के तलाक का ज़िक्र करते हुए कुछ टिप्पणियाँ की थीं। इन टिप्पणियों पर कड़ा विरोध जताते हुए, नागार्जुन ने मानहानि का मामला दायर किया था, जो न्यायिक जांच के अधीन था। मंगलवार रात को, कोंडा सुरेखा ने ट्विटर (द) पर एक सार्वजनिक माफी जारी की, जिसमें उन्होंने अक्किनेनी परिवार के बारे में अपनी टिप्पणियों पर खेद व्यक्त किया।उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों का उद्देश्य परिवार की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाना, शर्मिंदा करना या नुकसान पहुँचाना नहीं था।उन्होंने कहा कि यदि उनके शब्दों से कोई दुख पहुँचा है, तो वह ईमानदारी से उन्हें वापस लेती हैं। मंत्री की माफी के बाद, नागार्जुन ने अदालत को मामला वापस लेने के अपने फैसले से अवगत कराया। यह मामला गुरुवार को सुनवाई के लिए आया, हालाँकि इसे पहले 2 दिसंबर के लिए स्थगित कर दिया गया था। नागार्जुन द्वारा केस वापस लेने के साथ ही यह विवाद समाप्त हो गया है।



# बालापुर में अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़

## 14 लाख मूल्य का सोना-चांदी बरामद, 7 मामले सुलझाए गए



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राचकोंडा कमिश्नरेट के अंतर्गत महेश्वरम ज़ोन की बालापुर पुलिस ने गुरुवार को एक अंतरराज्यीय चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया और 14 लाख मूल्य की चोरी की संपत्ति बरामद की। यह कार्रवाई तकनीकी साक्ष्यों और विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर की गई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान किरण पाटिल (25), रामशेट्टी वत्सल (22) और अशोक मधना (27) के रूप में हुई है - तीनों कर्नाटक के बीदर के रहने वाले हैं और आपस में करीबी रिश्तेदार हैं। पुलिस ने उनके पास से 100 ग्राम सोने के गहने, 1.5 किलो चांदी के आभूषण, चार मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल जब्त की है।पुलिस के अनुसार, ये आरोपी राचकोंडा सीमा के अंतर्गत मेडिपल्ली, जवाहरनगर और बालापुर थानों में दर्ज सात चोरी के मामलों में शामिल हैं। आरोपी दिन में रिहायशी कॉलोनियों में घूमकर बंद घरों की रेकी करते थे और रात में लोहे की छड़ से ताले तोड़कर घरों में सेंध लगाते थे।जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ए1 और ए2 चोरी को अंजाम देते थे, जबकि ए3 चोरी का माल बीदर में बेचकर उसकी रकम आपस में बाँटने का काम करता था।पुलिस ने बताया कि गिरोह ने जुलाई 2025 में एक दोस्त से पल्सर बाइक खरीदने के बाद चोरी की घटनाएं शुरू की थीं। इनमें से एक प्रमुख घटना 25 अक्टूबर 2025 की है, जब उन्होंने बालापुर के सूर्या टाउनशिप में एक घर में घुसकर चोरी की थी।रिकॉर्ड के अनुसार, किरण पाटिल पहले भी मेडिपल्ली और औराद (कर्नाटक) में संपत्ति से जुड़े तीन मामलों में जेल जा चुका है, जबकि रामशेट्टी वत्सल चंदनगर और मुनिपल्ली (संगारेड्डी) में बाइक चोरी के तीन मामलों में गिरफ्तार हो चुका था।

# साइबराबाद पुलिस ने किया अंतरराज्यीय जीएसटी घोटाले का भंडाफोड़, 11.79 करोड़ की धोखाधड़ी

## ऑर्गेनाइजर गिरफ्तार, दिल्ली का मास्टरमाइंड फरार, 8 राज्यों की 52 फर्में शामिल

**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साइबराबाद पुलिस ने एक बड़े अंतर-राज्यीय जीएसटी धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसने 10 फर्जी जीएसटी-पंजीकृत फर्में बनाकर 11.79 करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी से क्लेम किया।

पुलिस ने बताया कि इस घोटाले का आयोजक और वित्तीय संचालक सोहिल मुरादअली लखानी उर्फ सोनू (34) है, जो आबिद्स, हैदराबाद का निवासी है, लेकिन मूल रूप से भावनगर, गुजरात का रहने वाला है। एक अन्य संदिग्ध, हैदराबाद स्थित दस्तावेज़ कूरियर मोहम्मद अकरम हसनुद्दीन है। इन दोनों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया।

साइबराबाद के पुलिस उपायुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) ए. मुथ्यम रेड्डी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गिरोह का मास्टरमाइंड, दिल्ली निवासी अब्दुल्ला, तकनीकी विशेषज्ञ सैयद मुजतबा हुसैनी उर्फ आजम, और तकनीकी ऑपरेटर आयिती राजा शेखर फरार हैं।फर्जीवाड़ा का तरीका: रेड्डी ने कहा कि ये फर्में वास्तव में कभी अस्तित्व में नहीं थीं, बल्कि जाली दस्तावेज़ों का उपयोग करके नकली चालान और मनगढ़ंत टर्नओवर दिखाने के लिए बनाई गई थीं।इन फर्जी संस्थाओं का उपयोग करके, आरोपियों ने धोखाधड़ी से 11,79,76,284 मूल्य का इनपुट टैक्स क्रेडिट (खढउ) क्लेम किया और आगे पास किया, जिससे सरकार को भारी नुकसान हुआ।

पुलिस ने बताया कि आरोपी कई राज्यों में एक सुनियोजित नेटवर्क चला रहे थे।गिरोह ने बड़े पैमाने पर जीएसटी धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल, किराए के समझौते और अन्य जाली दस्तावेज़ों का इस्तेमाल किया, तथा सरकारी पोर्टलों में हेरफेर करने के लिए कंप्यूटरों का उपयोग किया।पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने नकली आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल, किराये के समझौते, जीएचएमसी लाइसेंस और श्रम विभाग प्रमाण पत्रों में बदलाव करके फर्जी पहचान बनाई और 10 नकली जीएसटी-पंजीकृत फर्में तैयार कीं।इन जाली दस्तावेज़ों का उपयोग करके, उन्होंने झूठे नामों पर सिम कार्ड प्राप्त किए और जीएसटी पोर्टल पर ओटीपी-आधारित सत्यापन पूरा किया, जिससे ऐसी फर्मों के लिए सफलतापूर्वक जीएसटी नंबर पंजीकृत किए गए जो वास्तविकता में मौजूद नहीं थीं।

शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- | Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ...................
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS Hyderabad Balanagar




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.